CMYK

तापमान अधिकतम :32°C न्यूनतम: 24°C
सेंसेक्स 81,721.08 निफ्टी 24,853.15
सोना 98,900 चांदी 99,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
मुरादाबाद, रविवार 25 मई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 285 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
www.shahtimesnews.com
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 26 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## इमरान खान ने कसा पाक आर्मी चीफ पर तंज
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## गिल बने टेस्ट टीम के कप्तान, इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम घोषित
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# देश में कोरोना की वापसी, अब तक 350 एक्टिव मरीज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे में 8, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3 और यूपी के नोएडा में एक मामला सामने आया है। ठाणे में शुक्रवार को 10 मामले सामने आए थे। 23 मई को अहमदाबाद में 20, यूपी में 4, हरियाणा में 5 और बेंगलुरु में 9 महीने का एक बच्चा कोरोना पॉजिटिव पाया गया है।

इस तरह देश में अब तक कोरोना के 350 एक्टिव केस हैं। 2 मौतें हो चुकी हैं। उधर, दिल्ली सरकार ने कोविड-19 को लेकर एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी अस्पतालों को कहा है कि वे बेड, ऑक्सीजन,



फाइल फोटो

दवाइयों और वैक्सीन की पूरी व्यवस्था रखें। दिल्ली के सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि हर पॉजिटिव कोविड सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लोक नायक अस्पताल भेजा जाए। सभी संस्थानों को अपनी रिपोर्ट दिल्ली हेल्थ पोर्टल पर रोज अपलोड

**■ महाराष्ट्र के ठाणे में 8, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3 व यूपी में शनिवार को एक केस मिला**

करनी है। एडवाइजरी ऐसे समय आई है जब पाकिस्तान, चीन, थाईलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में कोरोना मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय सॉर्स एंड कोवि-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम के मुताबिक भारत में कोविड-19 के वेरिएंट एनबी1.8.1 का एक और एलएफ-7 प्रकार के चार मामले मिले हैं। चीन और एशिया के बढ़ते मामलों में यही वैरिएंट दिख रहा है। डब्ल्यूएचओ ने इन्हें चिंताजनक नहीं माना है, लेकिन निगरानी में रखे गए वैरिएंट के रूप में कैटेगराइज किया है। हालांकि एनबी 1.8.1 के ए435 एस, वी445एच, और टी478आई जैसे स्पाइक प्रोटीन म्यूटेशन अन्य वैरिएंट की तुलना में तेजी से फैलते हैं। इन पर कोविड के खिलाफ बनी इम्यूनिटी का भी असर नहीं होता। भारत में जेएन-1 वैरिएंट सबसे आम है। टेस्टिंग में आधे से ज्यादा सैंपल में यह वैरिएंट मिलता है। इसके बाद बीए-2 (26 प्रतिशत) और ओमिक्रॉन सबलाइनेज (20 प्रतिशत) वैरिएंट के मामले भी मिलते हैं।

# अभिनेता मुकुल देव का निधन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता मुकुल देव का निधन हो गया। वह 54 वर्ष के थे। मुकुल देव का शुक्रवार की रात नई दिल्ली में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे।

मुकुल देव के बड़े भाई राहुल देव ने इंस्टाग्राम पर मुकुल देव की तस्वीर शेयर कर लिखा, हमें आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमारे भाई मुकुल देव का शुक्रवार रात नई दिल्ली में निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी बेटी सिया देव हैं। उनके भाई-बहन रश्मि कौशल, राहुल देव और उनके भतीजे सिद्धांत देव



**■ 54 वर्ष की आयु में बीमारी के चलते ली अंतिम सांस**

उन्हें बहुत याद करेंगे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार शाम 5 बजे हो गया।

## 'कर्मचारी भविष्य निधि के अंशदाताओं को मिलेगा 8.25 % की दर से ब्याज'

**नई दिल्ली।** सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि योजना के अंतर्गत अंशदाताओं की संचित राशि पर वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8.25 प्रतिशत की दर से ब्याज दिए जाने को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी शनिवार को यहां आधिकारिक सूत्रों ने दी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भी अंशदाताओं को 8.25 प्रतिशत की दर से ही ब्याज दिया था। कर्मचारी भविष्य निधि योजना में अंशदाताओं की संख्या इस समय सात करोड़ से अधिक है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि ईपीएफ पर वर्ष 2024-25 के लिए ब्याज दर इससे पिछले वर्ष के स्तर पर ही रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। श्रम मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने इसी वर्ष फरवरी में हुई बैठक में 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंशदाताओं के खातों में ईपीएफ की संचित राशि पर 8.25 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज देने की सिफारिश की थी।

## ईडी ने दो लोगों को गिरफ्तार कर संपत्ति जब्त की

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एलएफएस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड के कथित धन शोधन मामले की जांच में दो आरोपियों दिलीप कुमार मैती और मोहम्मद अनारुल इस्लाम को गिरफ्तार किया है और धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत उनकी चल और अचल संपत्ति को जब्त कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि उसके कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने एलएफएस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े विभिन्न परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया और उसके निदेशकों एवं सहयोगियों की तलाशी अभियान के दौरान 118 बैंक खातों और 63 अचल संपत्तियों को फ्रीज कर दिया गया, जिनकी कीमत कई करोड़ रुपये है और अब इनकी बिक्री या हस्तांतरण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ईडी ने एक बयान में कहा कि जब्त की गई अचल संपत्तियों में दो होटल, एक रिसॉर्ट, भूखंड, एक आवासीय बंगला, फ्लैट और दुबई के ईगल हाइट्स में एक संपत्ति शामिल है। एजेंसी ने कहा कि इन संपत्तियों का बाजार मूल्य निर्धारित किया जा रहा है।

## बीएसएफ ने पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया

**पालनपुर।** गुजरात के बनासकांठा जिले में पाकिस्तानी घुसपैठिए को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने मार गिराया है। बीएसएफ ने शनिवार को बताया कि सतर्क जवानों ने शुक्रवार की रात बनासकांठा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। जवानों ने उसे चेतावनी दी, लेकिन सेना की चेतावनी का अनसुना कर संदिग्ध लगातार आगे बढ़ता रहा। घुसपैठिए पर बीएसएफ जवानों ने गोली चला दी और वह मारा गया।

# हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा

## मोदी बोले- राज्य विकसित, तभी भारत विकसित होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश की आर्थिक वृद्धि और विभिन्न क्षेत्रों में विकास की दर को तेज करने तथा केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया है।

श्री मोदी ने राजधानी में नीति आयोग की संचालन परिषद की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विकसित भारत अब देश के हर नागरिक की आकांक्षा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। अगर केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत अब हर नागरिक का लक्ष्य बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब प्रत्येक राज्य विकसित होगा, तो ही भारत विकसित होगा। यह देश के 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षा है। श्री मोदी ने अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका बढ़ाए जाने पर बल देते हुए कहा कि हमें कार्यबल में महिलाओं को शामिल करने की दिशा में काम करना चाहिए। हमें ऐसे कानून, नीतियां बनानी चाहिए, जिससे उन्हें कार्यबल में सम्मानपूर्वक शामिल किया जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें इस तरह से -शेष पृष्ठ दो पर

**■ प्रधानमंत्री ने केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बढ़ाने की जरूरत पर दिया बल**



### ममता, विजयन और सिद्दारमैया बैठक में नहीं हुए शामिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में नीति आयोग की बैठक में माइक्रोफोन विवाद के करीब एक साल बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को नई दिल्ली में होने वाली बैठक में शामिल नहीं हुई, सूत्रों ने बताया कि केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और कर्नाटक के सीएम सिद्दारमैया भी बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया। प.बंगाल की मुख्यमंत्री के बैठक में शामिल न होने के फैसले के लिए हालांकि कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है।

### केंद्र सरकार कर रही पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार :मान

**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने केंद्र सरकार पर पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को यहां कहा कि किसी राज्य के साथ इस तरह का पक्षपातपूर्ण तथा भेदभावपूर्ण व्यवहार अनुचित और अवांछनीय है। श्री मान ने यहां नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक में भाग लेते हुए राज्य से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए और दोहराया कि पंजाब के पास किसी भी राज्य के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है।

## लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी ने साथी सैनिक को बचाने के लिए दिया सर्वोच्च बलिदान

**नई दिल्ली।** सेना के सिक्किम स्काउट्स के युवा अधिकारी लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी ने साहस, नेतृत्व और अधिकारी तथा जवानों के बीच के अटूट बंधन का असाधारण प्रदर्शन करते हुए उत्तरी सिक्किम में एक 'ऑपरेशनल टास्क' के दौरान साथी सैनिक को बचाने के लिए सर्वोच्च बलिदान कर मिसाल पेश की है। तेईस वर्षीय लेफ्टिनेंट तिवारी को छह महीने से भी कम समय पहले पिछले वर्ष 14 दिसम्बर को कमीशन मिला था। वह दो दिन पहले 22 मई को सिक्किम में एक 'टैक्टिकल ऑपरेटिंग बेस' (टीओबी) की ओर महत्वपूर्ण पोस्ट की रूट ओपनिंग पैट्रोल का नेतृत्व कर रहे थे। सुबह लगभग 11 बजे उनके गश्ती दल के एक सदस्य अग्निवीर स्टीफन सुब्बा का 'लॉग ब्रिज' को पार करते समय पैर फिसल गया और वह तेज पहाड़ी धारा में बह गए। लेफ्टिनेंट तिवारी ने असाधारण सूझबूझ, निस्वार्थ नेतृत्व और अपनी टीम के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए बिना किसी हिचकिचाहट के अग्निवीर को बचाने के लिए खतरनाक धारा में छलांग लगा दी। एक अन्य सैनिक नायक पुकार कटेल भी तुरंत उनकी सहायता के लिए उनके पीछे चले गए। उन दोनों ने साथ मिलकर डूबते हुए अग्निवीर को बचा लिया। इसी दौरान दुर्भाग्य से लेफ्टिनेंट तिवारी तेज बहाव में बह गए। उनके गश्ती दल द्वारा अथक प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सकता।

# आज से दो जून तक नौतपा

## राजस्थान में पारा 48 डिग्री, यूपी के 65 जिलों में बारिश का अलर्ट

**■ उप्र में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के आसार**

**नई दिल्ली।** देश में 25 मई (आज) से नौतपा शुरू हो रहा है, जो 2 जून तक समाप्त होगा। इस दौरान भयंकर गर्मी पड़ती है। कई राज्यों में तापमान 48 डिग्री तक जाने की संभावना है। 2024 में दिल्ली के मुंगेशपुर में नौतपा के दौरान तापमान 52.3 डिग्री तक पहुंच गया था, जो रिकॉर्ड है। मौसम विभाग ने शनिवार को देश के 28 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है।

इधर, पश्चिमी राजस्थान में गर्मी जारी है। 16 जिलों में 27 मई तक हीटवेव का रेड अलर्ट है। राज्य के जैसलमेर में शुक्रवार को सबसे ज्यादा 48 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा था। मध्य प्रदेश के 4 जिलों में शनिवार सुबह से तेज आंधी चल रही है। 17 जिलों में बारिश की संभावना है। यूपी के 65 जिलों में बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट है। इस दौरान 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। छत्तीसगढ़ में प्री-मानसून की एंट्री हो गई है। अगले 7 दिनों तक बारिश का येलो अलर्ट है। रायपुर-दुर्ग में सुबह से ही तेज बारिश हुई। बिहार के सभी 38 जिलों में बारिश की संभावना है। पंजाब के 12 जिलों में बारिश 4 जिलों में लू चल रही है। हरियाणा में 7 जिलों में लू चलने का येलो अलर्ट है।

## मानसून ने आठ दिन पहले ही केरल में दी दस्तक



**पुणे।** दक्षिण-पश्चिम मानसून ने अपने सामान्य आगमन से आठ दिन पहले ही शनिवार को केरल में दस्तक दे दी। इसके अगले दो दिनों में महाराष्ट्र पहुंच जाने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केन्द्र (आईएमडी) ने कहा है कि इससे पहले 2009 में केरल में 23 मई को मानसून आया था। उसके बाद इतना पहले राज्य में मानसून 15 साल बाद आया है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल इस दक्षिणी राज्य में 30 मई को, 2023 में आठ जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में तीन जून को, 2020 में एक जून को, 2019 में आठ जून को और 2018 में 29 मई को मानसून आया था। अगले दो-तीन दिनों में मानसून के कोंकण में पहुंचने का अनुमान है। कोंकण में इस समय मानसून आने से पहले होने वाली भारी बारिश हो रही है और मुंबई में मानसून के एक जून तक पहुंचने के आसार हैं। आमतौर पर, मानसून एक जून को केरल पहुंचता है, लेकिन इस साल यह एक सप्ताह पहले ही पहुंच गया है।

# पुंछ में पीड़ितों से मिले राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि सीमा पार की गोलाबारी में जम्मू-कश्मीर में पुंछ क्षेत्र में लोगों को भारी संकट का सामना करना पड़ा है और उनके घरों की बर्बादी अत्यंत पीड़ादायक है इसलिए पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर वह उनकी मांग उठाएंगे।

श्री गांधी ने कहा कि शनिवार को पुंछ में पाकिस्तान की गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों से मिला। टूटे मकान, बिखरा सामान, नम आंखें और हर कोने में अपनों को खोने की दर्द भरी दास्तान, पुंछ क्षेत्र के ये देशभक्त परिवार हर बार जंग का सबसे बड़ा बोझ साहस और गरिमा के साथ उठाते हैं। उनके हौसले को सलाम है। उन्होंने कहा कि वह



**■ कहा: पुंछ के लोगों की पीड़ा, न्याय देने की मांग राष्ट्रीय स्तर पर उठाऊंगा**

पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं और उनकी मांगें और मुद्दे राष्ट्रीय स्तर पर ज़रूर उठाएंगे। कांग्रेस नेता ने पीड़ित परिवारों के सदस्यों के साथ उनके घरों का भी मुआयना किया, जिन्हें गोलाबारी में भारी नुकसान हुआ है।

# CJI-प्रोटोकॉल से जुड़ी याचिका खारिज

**■ चीफ जस्टिस ने कहा: यह सस्ती पब्लिसिटी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक वकील की जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया, जिसमें महाराष्ट्र के सीनियर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी।

याचिकाकर्ता का आरोप था कि इन अधिकारियों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई के पहले मुंबई दौरे के दौरान प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया। मुख्य न्यायाधीश गवई और जस्टिस आगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने इस याचिका को पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन बताया और 7 साल के अनुभव वाले याचिकाकर्ता वकील शैलेंद्र मणि त्रिपाठी पर 7,000 का जुर्माना लगाया, जो उन्हें लीगल सर्विसेज अथॉरिटी में जमा करना होगा। सीजेआई ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप अखबार में अपना नाम छपवाना चाहते हैं। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा कि ये बहुत छोटा मामला है, इसे इतना बड़ा नहीं बनाया जाना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट में गर्मी की छुट्टियां, 13 जुलाई तक 'आंशिक कार्य दिवस'



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में सोमवार से गर्मी की छुट्टियां शुरू हो रही हैं। इस अवधि को संभवत: पहली बार 'आंशिक कार्य दिवस' नाम दिया गया और इस दौरान भी पहले की ही तरह यहां आंशिक कामकाज होंगे। शीर्ष अदालत की एक अधिसूचना के अनुसार 26 मई से 13 जुलाई 2025 तक 'आंशिक कार्य दिवस' रहेगा और 14 जुलाई 2025 से शीर्ष अदालत में फिर से नियमित कामकाज शुरू हो जाएगा। इस 'आंशिक कार्य दिवस' में 21 पीठ विभिन्न मामलों की सुनवाई करेगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने मामलों की सुनवाई के लिए उन पीठों को नामित किया है। अधिसूचना में कहा गया है कि 26 मई से एक जून के दौरान पांच पीठ विभिन्न मामलों की सुनवाई करेगी।

# बैंक धोखाधड़ी के मामलों में वांछित चंडोक भारत लाया गया

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को बैंक धोखाधड़ी के मामलों में लंबे समय से वांछित भगोड़े आरोपी अंगद सिंह चंडोक को प्रत्यर्पित कर भारत लाने में बड़ी सफलता मिली है।

सीबीआई की एक टीम चंडोक को अमेरिका से लेकर शनिवार को यहां पहुंची। चंडोक अभी सीबीआई की हिरासत में है और अब उसे अदालत में पेश किया जाएगा। बैंकों में धोखाधड़ी और लोगों के साथ ठगी के आरोपी चंडोक ने यहां से भागकर अमेरिका में शरण ली थी। रिपोर्टों के अनुसार चंडोक ने अमेरिका में भी अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन ठगी गिरोह के साथ मिलकर अमेरिकी नागरिकों के

**■ सीबीआई को मिली बड़ी सफलता**

साथ ठगी की। उस पर फर्जी कंपनियों के माध्यम से विदेशों में अवैध तरीके से भेजने के भी आरोप हैं। अमेरिकी जांच एजेंसियों ने उसके खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था और जांच के बाद वहां की अदालत ने उसे छह वर्ष की सजा सुनाई थी। सीबीआई चंडोक को भारत लाने के लिए काफी समय से अमेरिकी एजेन्सियों के साथ तालमेल कर रही थी। आखिरकार सीबीआई को इसमें सफलता मिली है। चंडोक के प्रत्यर्पण से साइबर अपराध के कुछ मामलों में भी सुराग मिलने की संभावना है।

# परमाणु ब्लैकमेल बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

## भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी नेतृत्व के सामने रखा देश का पक्ष

मास्को, वार्ता

**रूस की यात्रा** पर गए द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी नेतृत्व के समक्ष आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति दोहराई है और इस बात पर जोर दिया है कि भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा।

मास्को में अपनी बैठकों के दौरान, दोनों पक्षों ने आतंकवाद विरोधी उपायों को मजबूत करने और सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद को खत्म करने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की। मास्को में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी संसद के दोनों सदनों के अलावा थिंक टैंकों सहित कई बैठकें कीं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा वैश्विक आतंकवाद विरोधी ढांचे को



मजबूत करने और बहुध्रुवीय अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने के भारत के लंबे समय से चले आ रहे प्रयास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने फेडरेशन काउंसिल की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के प्रथम उपाध्यक्ष एंड्री डेनिसोव और अन्य सीनेटरों के साथ बातचीत की। बातचीत आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में कानूनी स्तर पर एकमत कायम करने पर केंद्रित थी। भारतीय पक्ष ने आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई में प्रतिक्रिया के रूप में ऑपरेशन सिंदूर की ओर ध्यान आकर्षित किया। बाद में, भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने स्टेट ड्यूमा की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के अध्यक्ष लियोनिद स्लटस्की के साथ बैठक की और स्टेट ड्यूमा के सदस्यों के साथ बातचीत की।

### बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अबू धाबी में किए मंदिर में दर्शन

**अबू धाबी/अहमदाबाद।** पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का पक्ष बताने के लिए यूएई गए प्रतिनिधिमंडल ने अबू धाबी में विश्वप्रसिद्ध स्वामीनारायण मंदिर में दर्शन किए। बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था ने बताया कि मंदिर की अद्वितीय सुंदरता, पवित्रता व आध्यात्मिकता से समूचा प्रतिनिधि मंडल बहुत प्रभावित हुआ और मंदिर के वैश्विक सौहार्द के संदेश ने सभी को छू लिया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व शिवसेना सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे कर रहे हैं। इसके अन्य सदस्यों में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, मनन कुमार मिश्रा और एसएस अहलूवालिया सांसद सस्मित पात्रा, सांसद ईटी मोहम्मद बशीर और राजदूत सुजन चिनॉय शामिल हैं।



# विपिन प्रजापति बने हिंदू राष्ट्र सेवा के जिलाध्यक्ष

## राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरी ने किया मनोनयन, युवाओं में दिखा उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** हिंदू राष्ट्र सेवा संगठन की ओर से मोहनपुर स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण सभा का आयोजन किया गया, जिसमें संत, पदाधिकारी एवं समाजसेवियों ने भाग लिया। सभा की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्री 108 महंत नरेंद्र गिरी जी महाराज, पीठ आदिश्वर महालक्ष्मी मंदिर, बिजनौर (जूना अखाड़ा), ने धामपुर निवासी विपिन प्रजापति को हिंदू राष्ट्र सेवा संगठन का जिला अध्यक्ष, बिजनौर नियुक्त करने की घोषणा की।

महंत नरेंद्र गिरी जी ने अपने संबोधन में कहा, "विपिन प्रजापति एक समर्पित राष्ट्रभक्त और कर्मठ कार्यकर्ता हैं। संगठन को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में बिजनौर जिले में हिंदू जागरण, सेवा कार्य और युवाओं के सामाजिक उत्थान की दिशा में नई गति आएगी।"




विपिन प्रजापति के जिला अध्यक्ष बनते ही नगर धामपुर सहित पूरे जिले में कार्यकर्ताओं और युवाओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। विभिन्न संगठनों द्वारा उन्हें शुभकामनाएं दी जा रही हैं। सोशल मीडिया पर भी उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

इस अवसर पर संगठन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, साधु-संत, क्षेत्रीय कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

# आरएसएम में योग विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम पीजी कॉलेज द्वारा 10 दिवसीय कार्यक्रम योग फॉर वन अर्थ वन हेल्थ कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता एवं मानव जीवन में योग का महत्व विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर रश्मि शर्मा रावल द्वारा की गई। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर पूनम घई, डॉ. रवि, डॉ. अर्चना गहलोत रहे, जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में सोफिया परवीन एमएससी (कृषि सस्य विज्ञान) धरती सिंह राणा तथा जाहन्वी राठी संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान कृतिका रस्तोगी बीएससी द्वितीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में पवन कुमार बीएससी कृषि सप्तम सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, शिवानी रानी एमए चतुर्थ सेमेस्टर का द्वितीय स्थान व खुशबू तथा इकरा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में प्रो. एस.एल. पाल, प्रो. अमित कुमार सिंह, प्रो. रमाकान्त, डॉ. रवि, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. भावना वत्सल, देवेश पाठक, अंकित कुमार, डॉ. विनय दुआ आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### नरेश कुमार जिला उपाध्यक्ष पद से मुक्त



**बिजनौर।** नरेश कुमार जो कि एक्स सर्विसमेन वेलफेयर एसोसिएशन बिजनौर में जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त थे, उनका जिला कार्यकारिणी की बैठकों में यह कहना कि वो अपनी व्यक्तिगत कारणों और पारिवारिक जिम्मेदारियों से समय न मिलने पर अपनी ड्यूटी और कर्तव्यों का निर्वाहन नहीं कर पा रहे हैं। तब सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि जिला कार्यकारिणी में जो भी पदाधिकारी निष्क्रिय और उदासीन हैं, उनको पदमुक्त कर दिया जाए। इनको इनके पद से निष्कासित करने को इन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था कि आपको आपके पद से क्यों न पदच्युत किया जाए। जिसका इन्होंने निर्धारित समय में कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। अपितु एक्स सर्विसमेन वेलफेयर एसोसिएशन में विद्रोह और विघटन पैदा करने तथा बगावत करने के कारण तत्काल प्रभाव से नरेश कुमार जी को एसोसिएशन में इनके जिला उपाध्यक्ष पद से तत्काल प्रभाव से पदच्युत किया जाता है। अब वो एसोसिएशन में मात्र एक सदस्य के रूप में ही जाने जाएंगे।

### रेंजर्स टीम ने राहगीरों को पिलाया शरबत



**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय बिजनौर में प्राचार्या प्रोफेसर पारुल त्यागी के निर्देशन में महाविद्यालय की रेंजर्स टीम के द्वारा अत्यधिक गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए महाविद्यालय गेट पर प्याऊ लगवाया गया। प्राचार्या प्रो. पारूल त्यागी द्वारा भविष्य में इस तरह की समाज सेवा के लिए पूरी रेंजर्स टीम को अपने वक्तव्य से प्रेरित किया। रेंजर्स छात्राओं द्वारा समाज सेवा हेतु राहगीरों को रोककर पानी एवं शरबत पिलाया गया। इस प्याऊ द्वारा रेंजर्स टीम में परोपकार एवं सामाजिक सद्भावना को बल मिला तथा दूसरी ओर जेठ महीने की तपती दोपहरी में राहगीरों को राहत मिली। इस सामाजिक सेवा में समस्त महाविद्यालय का सहयोग रहा।

### छोटे भाई पर धारदार हथियार से हमला

**नांगल सोती।** नांगल थानांतर्गत ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय निवासी सरफराज अपना मकान बना रहा है। बगल में उसके छोटे भाई इंतजार का मकान है। बताया जाता है कि इंतजार के मकान की उस तरफ की दीवार थोड़ी तिरछी है। सरफराज उससे दीवार सीधी करने के लिये कह रहा था। इंतजार का आरोप है कि इसी बात को लेकर सरफराज ने अपने भाई इश्तखार तथा बहनोई के साथ मिलकर उसके घर पर जोरदार पथराव कर दिया। पथराव में इंतजार की पत्नी शबीना तथा बच्चे घायल हो गये। आरोप है कि सरफराज ने इंतजार के पेट में बरछी मारकर उसे घायल कर दिया। सूचना पर डायल 112 के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और मुख्य आरोपी सरफराज को पकड़ लिया।

# एमएम इंटर कॉलेज में समर कैम्प से छात्रों में उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** एमएम इंटर कॉलेज नगीना में चल रहे समर कैम्प के अंतर्गत चौथे दिवस के कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर के दिशा निर्देशानुसार हुआ। कैम्प के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच रंगोली प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर, रेस, रस्साकशी और रस्सी कूद भी करायी गईं। शनिवार को कैरियर गाइडेंस पर अध्यापक शहजाद अहमद (संयोजक) द्वारा छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। पहली बार हो रहे समर कैंप में विद्यालय के लगभग सौ छात्र-छात्राएं बड़े उत्साहपूर्वक भाग ले रहे है। साथ ही सभी छात्र छात्राओं के अभिभावक भी बड़ी खुशी से समर कैम्प में भेज रहे हैं। इस कार्यक्रम में शहजाद अहमद, कु. शुमायला और कु. शाजिया ने शनिवार के कार्यक्रम कराए। विद्यालय में चल रहे कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर ने भी छात्र-छात्राओं को कैरियर गाइडेंस के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।



# रात में किसी भी दशा में न हो मिट्टी का खनन

## जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जनपद बिजनौर में साधारण मिट्टी के अवैध खनन/परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं नेशनल हाईवे के कार्यो को छोड़कर रात्रि में साधारण मिट्टी के अनुज्ञापत्रधारकों द्वारा मिट्टी निकासी/भराव का कार्य पूर्णतय: प्रतिबन्धित किये जाने के सम्बन्ध में विषयक जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा विगत में अवैध खनन/परिवहन के सम्बन्ध में बैठक की गयी थी।

उक्त बैठक में खान अधिकारी, बिजनौर द्वारा साधारण मिट्टी की ऑनलाईन अनुमति के आधार पर एक ही व्यक्ति द्वारा अनुमति का दुरुप्रयोग कर कई स्थानों पर मिट्टी परिवहन कर भराव कार्य किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया था। उन्होंने बताया कि उक्त के अतिरिक्त विभिन्न माध्यमों से एवं शिकायती पत्रों व दूरभाष के माध्यम से भी निरन्तर साधारण मिट्टी के रात्रि में अवैध खनन/परिवहन की शिकायतें/सूचनाएं प्राप्त हो रही है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) (पैतालिसंवा संशोधन) नियमावली, 2018 (अधिसूचना सं. 641/86-2018-153 (सामान्य) 2017, 27 मार्च, 2018 द्वारा साधारण मिट्टी/ साधारण मृदा की रायल्टी शून्य कर दी गयी है। लेकिन वर्तमान में निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उ.प्र. शासन लखनऊ के कार्यालय पत्र सं. 362/एम.-228/2017 (खनन नीति) 6 अगस्त, 2021 के क्रम में पोर्टल पर साधारण मिट्टी ऑनलाईन के लिये प्रक्रिया निर्धारित है, जिसमें किसानों के निजी उपयोग के लिये एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा साधारण मिट्टी निकासी के लिये ऑनलाईन पंजीकरण/आवेदन की निर्धारित प्रक्रिया के क्रम में सम्बन्धित कृषक/अन्य व्यक्ति द्वारा ऑनलाईन आवेदन कर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण होने एवं अनुमति के उपरान्त मिट्टी खनन/भराव का कार्य कर सकता है। जनपद स्तर से निर्गत समस्त अनुमति हस्तचालन विधि द्वारा निर्गत की जा रही है। साधारण मिट्टी के लिए शासन द्वारा निर्धारित उपर्युक्त पोर्टल व निर्धारित प्रक्रिया के अधीन साधारण मिट्टी का खनन/परिवहन नियमानुसार अनुमति लेकर किया जाना है। रात्रि में मिट्टी निकासी से दुर्घटना होने व अवैध खनन होने की प्रबल सम्भावना प्राय: बनी रहती है। उक्त के अतिरिक्त यह भी अवलोकनीय है कि जनपद में नेशनल हाईवे द्वारा सड़क निर्माण कार्य के लिये साधारण मिट्टी की निकासी/परिवहन अनुमति प्राप्त कर किया जा रहा है, जिसमें समय की बाध्यता रहती है तथा कार्य नियत समयावधि में समाप्त करना होता है।

उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी /पुलिस, समस्त तहसीलदार, खान अधिकारी/ खान निरीक्षक, समस्त थानाध्यक्ष को उपरोक्त के सम्बन्ध में निर्देशित किया है कि सुनिश्चित करें कि रात्रि में नेशनल हाईवे के कार्यों को छोड़कर किसी भी दशा में आपके क्षेत्रातर्गत वैध/अवैध रूप से मिट्टी का खनन/परिवहन न होने पाए। जनपद में नेशनल हाईवे के कार्यों को छोड़कर साधारण मिट्टी निकासी/भराव का कार्य उपरोक्त पोर्टल पर निर्गत किसानो के निजी उपयोग हेतु पंजीकरण प्रमाण पत्र व जनपद स्तर से निर्गत साधारण मिट्टी की निकासी के अनुज्ञा पत्र के आधार पर सायं 6 से प्रात: 6 बजे तक पूर्णरूप से प्रतिबन्धित रहेगा। उक्त समयावधि में साधारण मिट्टी की निकासी, भराव, परिवहन का कार्य पूर्णतय: अवैध खनन की श्रेणी में समझा जायेगा। उन्होंने समस्त अधिकारियों को उक्त आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# तिरंगा यात्रा: भारतीय सेना के शौर्य का सम्मान

## युवाओं ने लगाए देशभक्ति नारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता और भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम के सम्मान में आयोजित की गई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर शाम तिरंगा यात्रा का शुभारंभ विधायक पुत्र प्रियंकर राणा ने बैंक ऑफ बड़ौदा चौक से किया। इस दौरान लोगों ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय, भारतीय सेना की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। यात्रा नगर के विभिन्न मोहल्लों से होकर गुजरी और वापस बैंक ऑफ बड़ौदा चौक पर संपन्न हुई।

इस अवसर पर प्रियंकर राणा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की पाकिस्तान पर जबाबी कार्रवाई है, जिसका हर देशवासी को बेसब्री से इंतजार था। भारतीय सेना ने दुश्मनों के घर में घुसकर न केवल मुंहतोड़ जवाब दिया है, बल्कि आतंकवादी ठिकानों को भी नेस्तनाबूद किया है। तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा व्यापारी, युवा और अन्य लोग शामिल हुए। इस दौरान लोगों ने तिरंगा झंडा लेकर नारे लगाए और नृत्य किया।

यात्रा में शरद चंद्र शर्मा, कामेश्वर राजपूत, अंकुर जैन, पुनीत वर्मा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मवीर चौहान, राजवीर गहलौत, रंजीत सिंह, अभिषेक कोहली, नितिन सैनी, आलोक बिरला और अन्य लोग मौजूद रहे।




# रोडवेज बस व स्कूटी की टक्कर में दो घायल

**नगीना।** नगर में स्कूटी सवार एक छात्र व एक छात्रा की रोडवेज बस से टक्कर हो गई। दोनों स्कूटी सवारों के गंभीर चोट लगने के कारण दोनों घायलों को सीएससी नगीना पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा जिला अस्पताल बिजनौर रैफर कर दिया गया।

शुक्रवार को लगभग की दोपहर लगभग दो बजे एक छात्रा अपने भाई के साथ नगीना-बिजनौर रोड स्थित स्कूल से पढ़ाई के बाद घर वापस नगीना की दिशा में घर जा रहे थे कि तभी अग्निशमन केंद्र के सामने बिजनौर दिशा में जा रही रोडवेज बस से टक्कर हो जाने के कारण दोनों स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। चीखपुकार सुनकर घटनास्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। जिनके द्वारा दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पर भर्ती कराया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा दोनों घायलों को जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

# राधा इंटर कॉलेज में समर कैंप

## छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए रचनात्मक गतिविधियों का संचालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राधा इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों की गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मकता, ऊर्जा और आनंद से भरने के उद्देश्य से समर कैंप का आयोजन किया गया है। यह कैंप 43 दिवसीय है और इसका उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक रवि कुमार एवं प्रधानाचार्य सुरेश कुमार द्वारा किया गया।

समर कैंप की शुरुआत एक अनूठी पहल के तहत बच्चों द्वारा फीता काटकर की गई, जिसके पश्चात रवि कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। इस कैंप में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों को शामिल किया गया है, जिनमें योग, कराटे, गेम्स, आर्ट एंड क्राफ्ट, सिंगिंग, डांसिंग, शूटिंग, स्केटिंग, पूल पार्टी, मिक्की माउस शो, जंपिंग जैक, राइडिंग और मिक्की दा पार्क विजिट जैसी रोचक गतिविधियां शामिल हैं। कैंप में छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।



बच्चों को प्रतिदिन भोग वितरण भी किया जा रहा है। अब तक योग, डांस, शूटिंग, जूडो, और गेम्स जैसी गतिविधियाँ संचालित की जा चुकी हैं। इस समर कैंप का संचालन विवेन्द्र कुमार, अजीत सिंह और मुकेश कुमार के निर्देशन में हो रहा है, जबकि विद्यालय का समस्त स्टाफ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य छात्रों के मानसिक, शारीरिक और सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देना है। अभिभावक भी इस आयोजन की सराहना कर रहे हैं।

# कांग्रेस बोलती है पाकिस्तान की भाषा: पूनावाला

**नई दिल्ली।** बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला का कहना है कि कांग्रेस नेता राहुल गाधी ने पहलगाम में हुई आतंकी घटना को एक त्रासदी यानी ट्रेजेडी बता रहे हैं, उन्होंने कहा कि राहुल का इस तरह की बातें करना कोई हैरानी की बात नहीं है। कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की लीपापोती की है और पाक को क्लीन चिट दी है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान सेना की ओर से सीमा पार से की गई गोलीबारी के पीड़ितों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस बीच बीजेपी ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए दोनों पर पाकिस्तान की भाषा बोलने का आरोप लगाया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**हमें टीम...** काम करना चाहिए कि लागू की गई नीतियां आम नागरिकों के जीवन में बदलाव लाएं। जब लोग बदलाव महसूस करते हैं, तभी यह बदलाव को मजबूत करता है और बदलाव को एक आंदोलन में बदल देता है। उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में हमारे पास 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का एक शानदार अवसर है। हमें इस लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए कि 2047 तक भारत को विकसित बनाना। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हर राज्य विकसित हो, हर शहर विकसित हो, हर नगर पालिका विकसित हो और हर गांव विकसित हो। उन्होंने कहा कि अगर हम इन सभी दिशाओं में मिल कर काम करेंगे, तो हमें विकसित भारत बनने के लिए 2047 तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र के विकास के लाभ को भी रेखांकित किया और एक राज्य: एक वैश्विक गंतव्य का नारा दिया। उन्होंने कहा कि राज्यों को वैश्विक मानकों के अनुरूप और सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करके हर राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस रणनीति से पर्यटन स्थल के आस पास के शहरों का पर्यटन स्थल के रूप में विकास भी होगा। उन्होंने कहा कि भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए। नीति आयोग के अनुसार आज की बैठक का मुख्य विषय है- 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्य एट2047।' राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित इस बैठक में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए राज्यों के विकास पर विशेष चर्चा हो रही है। आयोग का मानना है कि राज्यों को मानव विकास, आर्थिक विकास, स्थिरता, प्रौद्योगिकी और शासन सुधारों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने अद्वितीय भौगोलिक और जनसांख्यिकीय लाभों का लाभ उठाना चाहिए। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उप राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) शामिल रहे।

# गंगा दशहरा उत्सव पर होगी रामलला मंदिर परिसर के मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा

**■ तीन जून से पांच जून तक तीन दिवसीय उत्सव मनाया जाएगा**

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य और दिव्य रामलला के मंदिर परिसर में स्थित मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा आगामी पांच जून को गंगा दशहरा उत्सव के अवसर पर की जाएगी।

इस अवसर पर तीन जून से पांच जून तक तीन दिवसीय उत्सव मनाया जाएगा जबकि पूजन के कार्यक्रम तीस मई से शुरू हो जाएंगे और उनकी शुरुआत परिसर में स्थित मंदिर में शिवलिग की स्थापना से होगी। काशी और अयोध्या के कुल वैदिक विद्वान अनुष्ठान की देखरेख करेंगे। देवताओं के लिए दो-दो फिट लंबे संगमरमर के सिंहासन विशेष रूप से तैयार किए गए हैं। श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान मूर्तियों को एक सिंहासन पर रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा सप्त मण्डप क्षेत्र में स्थित मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी जिसमें श्री वाल्मीकि, अग्गय, विश्वामित्र, अहिल्या, शबरी और निषादराज प्रतिष्ठित होंगे।मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में शामिल होने अयोध्या पहुंचे मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के धार्मिक कार्यक्रम तीन जून से शुरू होंगे और पांच जून को समापन होगा। इसके पहले मुख्य मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि बाकी मंदिर में जो निर्माण कार्य हो रहे हैं, विशेषकर परकोटा निर्माण, शेषावतार मंदिर का निर्माण अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पूरे होंगे। राम मंदिर सहित परकोटा के छह मंदिरों के शिखर को भी स्वर्णजटित बनाए जाने का काम अगले दो दिनों में पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सप्त मंदिर का निर्माण पूर्ण हो गया है। वहां पर ऋषियों, मुनियों की मूर्ति भी पहुंच गई है। पुष्करिणी जो बीच में जलसंचय है वह भी पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में चार द्वारों के निर्माण कार्य आडोटोरियम व अतिथिगृह के निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि द्वार के निर्माण में सबसे पहला जो उत्तरीय दिशा में द्वार है वह चार जून तक पूर्ण हो जाएगा। परिसर में हो रहे अन्य काम अक्टूबर तक पूरे कर लिए जाएंगे। ज्एष्ठ कृष्ण एकादशी के पर्व पर राम मंदिर के प्रथम तल पर रामदरबार की मूर्ति को यथास्थान स्थापित कर दिया गया है। हालांकि यहां अवशेष कार्य अभी चल रहे हैं। राम दरबार की इस मूर्ति को जयपुर से लाया गया है जो कि सुबह छह बजे क्रासिग ६ से रामजन्मभूमि परिसर में दाखिल किया गया। इसी तरह से परकोटा के दक्षिण-पश्चिम में निर्मित शिवालय में भगवान नर्मदेश्वर को भी यथास्थान स्थापित कर दिया गया है।












**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भाकियू का धरना समाप्त

## किसानों की समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज डीएफओ कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन के धरने का चौथा दिन रहा। सभी वक्ताओं ने अपनी-अपनी बात रखी।

आज वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि डीएफओ नजीबाबाद जिन्हें बिजनौर डीएफओ कार्यालय का अतिरिक्त भार दे रखा है। वह आपके बीच पहुंच रहे हैं। लेकिन समय गुजर जाने के बाद भारतीय किसान यूनियन के यौद्धाओं में आक्रोश पैदा हो गया। जिसके परिपेक्ष में जिला अध्यक्ष सोनू चौधरी ने एसडीओ और रेंजर के बीच में बैठकर चेतावनी थी कि अगर डीएफओ बिजनौर कार्यालय पर पहुंचकर समस्या का समाधान नहीं करते, तो संगठन की तरफ से बड़ी घोषणा होगी। कल किसी मंत्री के आगमन के कारण नजीबाबाद डीएफओ कार्यक्रम की व्यवस्था में लगे हुए हैं। लेकिन धरने पर आने की फुर्सत नहीं। इस बात से गुस्सायें जिला अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि मंत्री बिजनौर में ही तो आएगा। मंत्री के हेलीकॉप्टर को नहीं उतरते दिया जाएगा। इस घोषणा से वन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।



इसके बाद डीएफओ मौके पर आए और आश्वासन दिया कि किसी भी किसान के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा 15 दिन में सभी किसानों की समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। इसके बाद धरना समाप्त करने की घोषणा जिला अध्यक्ष सत्यवीर चौधरी ने की। आज की पंचायत को जिला मुख्य महासचिव विजय पहलवान ने संचालन किया। जिला महासचिव सुनील प्रधान, किसान नेता राजेंद्र सिंह, कोमल सिंह, डॉक्टर विजय चौधरी, मुकुल चौधरी, रजनीश अहलावत, मोनू प्रधान, आशु चौधरी, अमरपाल सिंह, आज की पंचायत को जिला मुख्य महासचिव विजय पहलवान ने संचालित किया। जिला महासचिव सुनील प्रधान, किसान नेता राजेंद्र सिंह, कोमल सिंह, डॉक्टर विजय चौधरी, मुकुल चौधरी, रजनीश अहलावत, मोनू प्रधान, आशु चौधरी, अमरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# व्यापारी व पत्रकार हिमांशु शर्मा को पुलिस ने घर से जबरन उठाया

## प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल से मिले व्यापारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्याऊ।** व्यापारी एवं पत्रकार हिमांशु शर्मा को पुलिस ने घर से जबरन उठाया। प्राइवेट गाड़ी में 30 किलोमीटर गाड़ी में घूमाने के बाद चांदपुर के एक निजी अस्पताल में घायल को छोड़कर पुलिस भाग गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे हिमांशु शर्मा अपनी दुकान पर कामकाज कर रहे थे। तभी अचानक सीतामठ पुलिस चौकी इंचार्ज प्रमोद कुमार अपने दो सहयोगियों के साथ दुकान में घुस गए। हिमांशु हड़बड़ा कर अपने घर में भागे। पुलिस पीछे-पीछे घर में भी घुस गई तथा घर में उनके साथ मारपीट की।

पीड़ित व्यापारी हिमांशु शर्मा का कहना है कि मुझे पुलिस चौकी इंचार्ज जबरन एक प्राइवेट गाड़ी में डालकर चांदपुर होते हुए हीमपुर थाना क्षेत्र की फायर शूटिंग रेंज पर ले गए। वहां पर किसी अधिकारी का फोन आने के बाद पुलिस चौकी इंचार्ज वापस हुए। इसके बाद वह चांदपुर तहसील पर ले गए तथा सीओ ऑफिस के पास कुछ देर बिताने के बाद मुझको चांदपुर-बिजनौर हाईवे स्थित एक प्राइवेट नर्सिंग होम में छोड़कर भाग गए। पीड़ित व्यापारी हिमांशु शर्मा का कहना है कि पुलिस ने मेरे साथ कई स्थानों पर मारपीट की जिस कारण मेरे पैर में चोट आई है। मेरे पैर की हड्डी भी टूट गई है। सूचना मिलते ही पत्रकार एवं व्यापारी चांदपुर पहुंच गए। उन्होंने हिमांशु शर्मा को सीएचसी सियाऊ भर्ती कराया। जहां से गंभीर अवस्था में उनको बिजनौर रैफर कर दिया गया है।

जिले के व्यापारियों ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ के नेतृत्व में जिले के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल से मिले। उन्होंने मामले को सुनने के बाद पुलिस अधीक्षक बिजनौर से कहा कि इस प्रकरण को गंभीरता से देखें। इसके बाद व्यापारी गण मुरादाबाद मंडल के डीआईजी मुनिराज से मिले।

उधर पत्रकारों ने भी प्रभारी मंत्री एवं डीआईजी से मिलकर मामले से अवगत कराया।

## एक नजर

### युवक पर चाकू से हमला

**बढ़ापुर।** कस्बे के मुहल्ला नौमी निवासी अतीक पुत्र हनीप ने थाने में दर्ज कराए केस में कहा कि वह अपने आम के बाग में बैठा हुआ था। तभी शुऐब निवासी मुहल्ला नौमी बाग में पहुंचा और उस पर हमला करते हुए चाकू से पेट पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में शरीर पर गंभीर चोट आई है। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी नगीना में भर्ती कराया। वहां पर गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सक ने उच्च उपचार के लिए हाय सेंटर रैफर कर दिया है। घायल का मेरठ के एक अस्पताल में उपचार चल रहा है और हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर कार्यवाई शुरू कर दी है।

### अवैध निर्माण रोकने के लिए सौंपा ज्ञापन



**नूरपुर।** रामलीला भवन में हो रहे अवैध निर्माण को रोकने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह को शिकायती पत्र समाधान दिवस में सौंपा। दुकानदारों ने इंस्पेक्टर जयभगवान सिंह को दिए शिकायती पत्र में बताया कि रामलीला भवन पर कुछ लोग अवैध निर्माण करा रहे है। जबकि रामलीला भवन में समान रुप से धार्मिक आयोजन होते रहते है। निर्माण से धार्मिक आयोजनों में बाधा उत्पन्न होने की संभावना है। रामलीला भवन में हो रहे अवैध निर्माण से जनमानस में आक्रोश पैदा हो गया है। उक्त दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से अवैध निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है। इस अवसर पर सभासद चौधरी राजेन्द्र सिंह, अनिल कमल, मास्टर जयपाल सिंह, हरपाल सिंह, चमन सिंह, राकेश कुमार, सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

### पीड़ित महिला ने की कार्रवाई की मांग

**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्राम निवासी एक व्यक्ति पुनीत कुमार घर की दीवार पर चढ़ कर खिड़की के माध्यम से उसे नहाते हुए देखकर उसकी वीडियो बना रहा था। उसके शोर मचाने पर उक्त व्यक्ति भाग गया। घटना नजदीक में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। महिला का आरोप है कि उस व्यक्ति पूर्व में भी नहाते हुई उसे देखता था। लेकिन इस बार कैमरे में कैद हो गया। पीड़ित महिला ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। ग्राम में ये घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। हर कोई घटना का मजा चुस्की लेकर ले रहा है।

### मत पत्रों की जांच के आदेश

**नहटौर।** नगर पालिका के वार्ड नंबर एक तकीयागढ़ी पूर्वी के सभासद पद के चुनाव को लेकर चुनाव याचिका पूनम बनाम शहाना बेगम की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने एक माह के भीतर मत पत्रों की जांच व पुन: गणना के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी को आदेश जारी किए है। नगर पालिका के वार्ड नंबर एक तकीयागढ़ी पूर्वी के सभासद पद के चुनाव में शहाना बेगम ने एक मत से चुनाव जीता था। जिसको लेकर हारी हुई प्रत्याशी पूनम ने अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के यहां चुनाव याचिका दायर करते हुए कहा था कि चार मई 2023 को मतगणना के समय उसने दोबारा से गणना की मांग उठाई थी। लेकिन दोबारा से गणना नहीं की गई और एक मत से शहाना बेगम को विजय घोषित कर दिया गया। इसी को लेकर पूनम बनाम शहाना बेगम चुनाव याचिका अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के यहां दायर करते हुए मतपत्रों की जांच व पुन: गणना की मांग की थी। चुनाव याचिका की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर छह बिजनौर के जज तालेवर सिंह ने मत पत्रों की जांच व पुन: गणना दोनों उभयपक्षों की उपस्थिति में तथा किसी तृतीय पक्ष की निगरानी में एक माह के अंदर मत पत्रों की जांच व पुन: गणना करते हुए निष्कर्ष न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए हैं।

# बाइक चालक युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** वादीगढ़ चौराहा - कल्लूवाला मार्ग पर एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े हाईटेंशन लाइन के विद्युत पोल से टकरा गई। जिससे बाइक चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पीआरबी 112 ने गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए पीएचसी कासमपुर गढ़ी में भर्ती कराया है।



थाना क्षेत्र के गांव नारायणवाला निवासी 37 वर्षीय बृजेश कुमार उर्फ बिरजू पुत्र हरपाल सिंह बाइक द्वारा शनिवार शाम लगभग 4:30 बजे गांव नारायणवाला से वादीगढ़ चौराहे की ओर आ रहा था। इसी दौरान पीलीबांध जलाशय के निरीक्षण भवन के निकट उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े हाई टेंशन विद्युत लाइन के विद्युत पोल से टकरा गई। इस दुर्घटना में बृजेश कुमार उर्फ बिरजू गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों ने डायल 112 पर दुर्घटना की सूचना दी। सूचना पर पीआरबी 112 मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल हुए बृजेश कुमार उर्फ बिरजू को उपचार के लिए पीएचसी कासमपुर गढ़ी में भर्ती कराकर। उसके स्वजनों को दुर्घटना की सूचना दी। पीआरबी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने बताया कि दुर्घटना के समय बाइक चालक ब्रजेश कुमार उर्फ बिरजू ने हैलमेट नहीं लगा रखा था।

# 476 ग्राम चरस के साथ दो गिरफ्तार

## खटीमा से चरस लाकर जा रहे थे देहरादून बेचने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** थाना क्षेत्र में यूपी /उत्तराखंड की सीमा पर स्थित रायपुरी बार्डर पर शनिवार को पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को दबोचा। इनके पास से 476 ग्राम चरस बरामद की गई। जिसकी कीमत लगभग 70 हजार रुपए बताई गई है।

आरोपियों की पहचान 25 वर्षीय अमित सिंह पुत्र नाथ सिंह निवासी गांव घोसीकुआं, खटीमा, ऊधम सिंह नगर और 24 वर्षीय अमन सिंह बिष्ट पुत्र चंदन सिंह बिष्ट निवासी छिनकी फार्म, खटीमा, ऊधम सिंह नगर के रूप में हुई है।

शनिवार सुबह लगभग 10 बजे उपनिरीक्षक भीम सिंह, मुख्य आरक्षी पवन कुमार, आरक्षी ललित कुमार और शिव कुमार रायपुरी बॉर्डर पर



चैकिंग कर रहे थे इसी दौरान जसपुर की ओर से आ रहे दो बाइक सवार युवकों को रोककर उनकी चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान अमित सिंह के कब्जे से 186 ग्राम और अमन सिंह बिष्ट के कब्जे से 290 ग्राम चरस, एक अदद इलेक्ट्रॉनिक मोबाइलनुमा कांटा तथा एक केटीएम बाइक बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार के मुताबिक दोनों आरोपी खटीमा से चरस लाकर बाइक द्वारा देहरादून बेचने जा रहे थे। उनके अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया गया।

# समर कैंप में पहलगाम के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** एकेएम इंटर कॉलेज नगीना में तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पहलगाम में हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

आयोजित कार्यक्रम में प्रथम दिन खेल कूद में नाहिद, फरहीन, अलीना, ईशा, खतीजा, दिलशान, कैफ, अयान आदि छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। द्वितीय दिन हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट में विद्यालय में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली विद्यार्थियों को निशात एडवोकेट, विनीत गर्ग एडवोकेट एवं प्रधानाचार्य डॉक्टर आलमगीर काजमी द्वारा



संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली आरूषा, अलकमा, असजद अली व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले फिजा, सदफ इकबाल, मौहम्मद अदनान तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अलफिया अली, आफिया, मौहम्मद अर्सलान आदि छात्र-छात्राएं रही। कैंप के तृतीय दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायक कमल कुमार, शकील अहमद व हुड़दंग नगीनवी नीशीत कुमार गर्ग, तस्लीम अहमद, इंद्रजीत, शाह कुंभरी ने समा बांध दिया। विद्यालय के समर कैंप में साजिया परवीन, नय्यर जहां, चंद्रमणि गहलौत, मौहम्मद आसिफ के अतिरिक्त विद्यालय के स्टाफ जेबा परवीन, जेबा जाफरी, उजमा परवीन, आयशा परवीन, अनम जैदी, अनम अंसारी, नाहिद जहां, मुस्कान जहां, रहनुमा परवीन, आशिमा परवीन आदि उपस्थित रही।

# शिवांशु की मौत की घटना की होगी मजिस्ट्रीयल जांच

**बिजनौर।** कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट बिजनौर के पत्र के हवाले से उप जिला मजिस्ट्रेट, चान्दपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिसके अन्तर्गत सात मई,2024 को अज्ञात वाहन से घटित दुर्घटना में मुकेश कुमार त्यागी पुत्र ओमप्रकाश निवासी मौहल्ला शिवाजी नगर, शाहबाजपुर खाना नूरपुर रोड बिजनौर थाना व तहसील बिजनौर के पुत्र शिवांशु त्यागी उर्फ आशु उम्र करीब 22 वर्ष की कान्हा होटल पैंजनिया के रोड एक्सीडेन्ट में मृत्यु हो गयी। उन्होंने बताया कि उक्त घटना में मृतक/घायलों के आश्रितों को नियमानुसार आर्थिक सहायता दिये जाने हेतु निर्धारित प्रारूप पर मजिस्ट्रीयल जांच उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त घटना की मजिस्ट्रीयल जांच किये जाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट बिजनौर द्वारा उन्हें नामित किया है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त के क्रम में उक्त मजिस्ट्रीयल जांच उनके द्वारा की जा रही है। उक्त जांच के सम्बन्ध में यदि जनता के किसी भी व्यक्ति अथवा पुलिस पक्ष को कोई लिखित अथवा मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो वह 15 जून, 2025 से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्रात: दस बजे से सायं पांच बजे तक उनके कार्यालय स्थित तहसील परिसर चान्दपुर में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके बाद साक्ष्य का कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना

## योजना का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर एवं के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जनपद बिजनौर में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को संचालित किया जा रहा है। केन्द्र एवं राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य पारम्परिक ऊर्जा (विद्युत) / धन की बचत एवं पर्यावरण की सुरक्षा के साथ-साथ आम नागरिकों को विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजनान्तर्गत जनपद के सभी भवन स्वामियों द्वारा नेशनल पोर्टल https://pmsuryaghar.gov.in पर आवेदन कर अपने निजी आवासों पर अनुदान कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्युत विभाग से स्वीकृत विद्युत भार के समतुल्य एक कि.वा. से 10 कि.वा. क्षमता तक का ऑनग्रिड सोलर पावर प्लाण्ट की स्थापना का कार्य कराया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजनान्तर्गत ऑन गिड सोलर पावर प्लाण्ट की स्थापना कराने हेतु आवेदक को नेशनल पोर्टल https://prnsuryaghar.gov.in पर अपना आधार कार्ड, विद्युत बिल, बैंक पासबुक तथा मोबाइल नम्बर अपलोड करना पड़ता है। इस योजना में ऑनग्रिड सोलर पावर प्लाण्ट की स्थापना हेतु निजी भवन स्वामी को सरकार द्वारा बैंकों के माध्यम से सात प्रतिशत ब्याज की दर से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा 01 कि.वा. क्षमता के संयंत्र पर रुपए 45,000/- तथा 02 कि.वा. क्षमता के संयंत्र पर पर रुपए 90,000/- एवं 03 कि.वा. एवं उससे अधिक क्षमता के संयंत्र पर रुपए 1,08,000/- अनुदान अनुमन्य है। पीएम सूर्यघर योजना में वर्ष 2027 तक देश के 01 करोड़ निजी भवन स्वामियों के आवासों पर ऑनग्रिड सोलर पावर प्लाण्ट की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा राज्य सरकार को वर्ष 2027 तक 25 लाख निजी भवन स्वामियों के आवासों पर ऑनग्रिड सोलर पावर प्लाण्ट की स्थापनार्थ लक्ष्य निर्धारित है।

मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा बताया कि इस योजना में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित लक्ष्य 2821अदद के सापेक्ष 1190 अदद विभिन्न क्षमता के ऑनग्रिड सोलर पावर प्लाण्ट जनपद के निजी भवन स्वामियों के आवासों पर यूपीनेडा में पीएम सूर्यघर पोर्टल पर पंजीकृत वेण्डर्स द्वारा स्थापित कराये जा चुके हैं, तथा संयंत्र के कार्यशील व नेट मीटर की स्थापना एवं संबंधित अभिलेख पोर्टल पर अपलोड करने के उपरांत अनुदान धनराशि लाभार्थी के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से केन्द्र / राज्य सरकार द्वारा प्रेषित की जा रही है।

## नि:शुल्क कोचिंग के लिए आवेदन 15 जून तक

**बिजनौर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना जनपद बिजनौर में संचालित की जा रही है। जिसमें सिविल सेवा परीक्षा, पीसीएस परीक्षा, जेईई, नीट एवं एनडीए/सीडीएस तथा अन्य परीक्षाओं की तैयारी नि:शुल्क करायी जा रही है। नि:शुल्क तैयारी करने हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन 15 जून तक आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन दुष्यन्त कुमार पुस्तकालय नियर शक्ति चौक बिजनौर से नि:शुल्क प्रत्येक कार्य दिवस में प्रात: दस बजे से सायं पांच बजे तक प्राप्त और जमा किये जा सकते हैं। उक्त योजनान्तर्गत शिक्षण कार्य हेतु प्रतिष्ठित शिक्षकों/प्रवक्ताओं/ विशेषज्ञों के भी आवेदन स्वीकार किये जाते हैं। आवेदन कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी बिजनौर/ दुष्यन्त कुमार पुस्तकालय नियर शक्ति चौक बिजनौर में समस्त संलग्नकों सहित 15 जून तक जमा कर सकते हैं। सिविल सेवा परीक्षा/पीसीएस हेतु यूपीएससी/ यूपीपीएससी मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण/ विषय विशेषज्ञ होना आवश्यक है। एनडीए/ सीडीएस परीक्षा के प्रशिक्षण कराने हेतु शैक्षिक अर्हताएं एनडीए / सीडीएस परीक्षा की मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण/विषय विशेषज्ञ होना अनिवार्य है, जेईई/नीट हेतु मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण/विषय विशेषज्ञ होना अनिवार्य है।

# रालोद जिलाध्यक्ष बनने पर आचार्य नरेंद्र का स्वागत

## रालोद की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का किया आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री चौधरी जयंत सिंह द्वारा आचार्य नरेंद्र सिंह को रालोद का जिला कार्यवाहक अध्यक्ष बनाए जाने पर रालोद कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। प्रदेश संगठन महामंत्री अजीत राठी ने पार्टी को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर प्रयास करने पर जोर दिया। कार्यवाहक जिला अध्यक्ष आचार्य नरेंद्र सिंह ने कहा कि वह पार्टी के कार्य को पूरा करने का भरपूर काम करेंगे।

जिला कार्यवाहक अध्यक्ष आचार्य नरेंद्र सिंह के स्वागत में राज मिलन बैंकट हॉल में रुहेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह की अध्यक्षता में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इससे पूर्व कार्यवाहक जिला अध्यक्ष आचार्य नरेंद्र सिंह, प्रदेश महासचिव चौधरी ब्रजवीर सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री रामवीर सिंह, पूर्व विधायक सुखबीर सिंह पूर्व सांसद मुंशी राम सहित कई पदाधिकारियों ने नुमाइश ग्राउंड स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके उपरांत राज मिलन बैंकट हॉल में आयोजित स्वागत समारोह में रालोद



कार्यकर्ताओं ने आचार्य नरेंद्र सिंह का फूल मालाओं से स्वागत किया।

इस मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री अजीत राठी ने कहा कि एकजुट प्रयास से पार्टी को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि रालोद प्रमुख चौधरी जयंत सिंह सभी वर्गों के हितों के लिए कार्य कर रहे हैं। कौशल विकास के अंतर्गत कराई जा रहे कार्यों को भी लोगों तक पहुंचाने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रूहेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि वर्तमान में संगठन को मजबूत करने की जरूरत है।

पदाधिकारी जन समस्याओं का निस्तारण करने में सहयोग करने पर जोर दिया। बिजनौर लोकसभा क्षेत्र से सांसद चंदन चौहान ने कहा कि वह जनता की समस्या का निस्तारण करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने रालोद की नीतियों का प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया। अन्य वक्ताओं ने कहा कि आचार्य नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पार्टी और अधिक मजबूत होगी। इस मौके पर कार्यवाहक जिला अध्यक्ष आचार्य नरेंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे।

रालोद के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद मुंशी रामपाल, सांसद चंदन चौहान, खान जफर सुल्तान, पूर्व विधायक सुखबीर सिंह, किसान रिक्वेस्ट के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण पाल राठी, रालोद के प्रदेश सचिव अली अदनान, मंडल अध्यक्ष तारिक अली और जिला अध्यक्ष अशोक चौधरी धामपुर नगर पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी, नहटौर के मौहम्मद जैद, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रेणुका चौधरी, सरदार बलबीर सिंह, डॉ. नीरज चौधरी, प्रदेश सचिव डॉक्टर आशु राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी, सरदार बुध सिंह, दैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लवकुश कुमार, फैसल वसी, चौधरी हरेंद्र सिंह, वकील अहमद, प्रसून चौधरी, ज्ञानेंद्र सिंह, संजीव चौधरी, मास्टर विजय पाल सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव शिवम राणा, जयपाल सिंह, राम सिंह, ओम सिंह, विशाल चौधरी, विश्वजीत सिंह, अशोक देशवाल, वीरेंद्र सिंह, बार के पूर्व सचिव रामेंद्र सिंह एडवोकेट, डॉ. मधु सिंह, सुरेंद्र निदना, आकाश चौधरी, रामेंद्र सिंह, प्रशांत राणा, संजीव सिंह सहित बड़ी संख्या में रालोद कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मुफीज आलम उर्फ गुड्डू ने किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# मरियम स्कूल में तीन दिवसीय समर कैम्प

## स्कूल परिसर में उत्सव जैसा माहौल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मंडावर रोड स्थित मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल में तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। इस कैंप का उद्देश्य बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलों, टीम वर्क और शारीरिक फिटनेस की ओर प्रोत्साहित करना था। आयोजन के दौरान स्कूल परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

कैंप में बच्चों के लिए अनेक रचनात्मक और मनोरंजक गति. विधियों का आयोजन किया गया, जिनमें स्विमिंग पूल, क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कैरम, चौस, बलून बस्टिंग, जुम्बा एक्सरसाइज, टग ऑफ वॉर, बकेट-गिलास गेम आदि प्रमुख रहीं। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास, तालमेल व नेतृत्व क्षमता और टीम भावना जैसे गुण भी विकसित हुए। स्कूल की मैनेजर मरियम साईम व मैनेजमेंट कमेटी अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा ने बताया कि हमारा लक्ष्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि हम चाहते हैं कि बच्चे व्यवहा. रिक ज्ञान, सामाजिक स्किल्स और हेल्दी लाइफस्टाइल को भी अपनाएं। समर कैंप इसी सोच का हिस्सा है, जहाँ खेल-खेल में बच्चे बहुत कुछ सीखते हैं। हमें खुशी है कि बच्चों ने इस कैंप में पूरी ऊर्जा और सकारात्मकता के साथ भाग लिया। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक विकास के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी स्कूल के इस प्रयास की सराहना की और बच्चों में आए सकारात्मक बदलावों को महसूस किया।

कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों प्रधानाचार्या जकिया परवीन, उपप्रधानाचार्या फिरदोस जहां, कोऑर्डिनेटर शाह आलम, मौहम्मद मेहरबान,फरहाना , आमीरा, दानिश, मुजफ्फर अली, मनतशा अंजुम, वजीहा, अरीबा, हुमा, सफिया, रूबीना खान, अलीजा, इल्मा, तूबा, यरा नाज, अमरीन, सुम्बुल नाज, रफिया, अर्शी, बबली, सुमित शानिया, आदि का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने पूरी निष्ठा और उत्साह से व्यवस्थाओं को संभाला।

## जीएसटी कार्यालय पर अधिवक्ताओं के साथ बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जीएसटी कार्यालय में ज्वाइंट कमिश्नर कार्यपालक राजीव आर्थर ने टैक्स बार एसोसिएशन बिजनौर के अधिवक्ताओं के साथ एक बैठक का आयोजन किया।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों और अधिवक्ताओं के बीच मधुर संबंध स्थापित करना था, ताकि दोनों पक्षों के बीच बेहतर समन्वय और सहयोग हो सके।

बैठक में अधिवक्ताओं ने अपनी समस्याएं रखीं, बैठक में अधिवक्ताओं ने कहा कि शासन को पूर्व में लागू वैट की पुरानी डिमांड में ब्याज माफी की योजना लानी चाहिए।

ज्वाइंट कमिश्नर राजीव आर्थर ने अधिवक्ताओं की बातों को ध्यानपुर्वक सुना और कहा कि अधिवक्ता के हित व उनके मान सम्मान का हमेशा ध्यान रखा जायेगा। बैठक में ज्वाइंट कमिश्नर कार्यपालक राजीव आर्थर, डिप्टी कमिश्नर संजय सिंह, टैक्स बार एसोसिएशन बिजनौर से मौहम्मद हाशिम, अर्जुन गौड़, तपेश शर्मा, शशांक राजपूत, अभिषेक अग्रवाल, मुकेश कुमार, बाल सिंह, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## अखिलेश यादव पीडीए के जननायक : बीके कश्यप




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज जिला कार्यालय पर समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग की मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष बीके कश्यप एड. ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सपा सदैव 2027 के चुनाव में पूर्ण प्रचंड बहुमत से अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने कार्य करेगा। भारतीय जनता पार्टी हर प्रकार से पीएम केंद्र प्रकरण करके पिछड़ों को नुकसान पहुंचाने का कार्य कर रही है न तो पिछले समाज को राजनीति में और नौकरियों में लाभ मिल पा रहा है। इस अवसर पर स्वामी जी पार्टी के जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन ने भी पूर्ण प्रचंड बहुमत के साथ पिछले समाज के लोगों से 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने की अपील की कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश कश्यप तथा संच. ालन अखलाक उर्फ पप्पू ने किया। सभा को विशेष तौर पर बिहार समाज के जिला अध्यक्ष देवानंद, सत्यपाल सिंह, संजीव चौधरी मास्टर नीरज कश्यप, शंकर, समिति के जिला अध्यक्ष पवन कश्यप, लोकेश पाल, आकाश सैनी, बंटी यादव, संजय भाटी, दिनेश कश्यप, राजेश कश्यप, रजनीश, रंजीत, कपिल यादव, देवेंद्र सिंह, नीतू एड. रवि एड., गौतम, बंटी सिंह, अरविंद कश्यप, पार्वती, मौहम्मद दानिश, अमित सैनी, देवेंद्र कश्यप, रामचंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

सभा समापन के उपरांत भारतीय किसान यूनियन राजनीतिक के राजनीतिक के ब्लॉक अध्यक्ष अंकित निवाल, अंकित निर्मल और वरिष्ठ नेत्री श्लोक पवार की माता जी की आत्मा के लिए शोक संवेदना व्यक्त की गई। इससे पहले सभी का फूल मालाओं के द्वारा सपा कार्यालय पर जोरदार स्वागत किया गया।

## थाना दिवस में आई सात शिकायतें, दो का मौके पर निस्तारण

**अफजलगढ़।** थाना दिवस के मौके पर अफजलगढ़ कोतवाली प्रांगण में सात शिकायतें आई। जिसमें दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकि शिकायत संबंधित अधिकारियों को सौंप दी गई। थानाध्यक्ष सुमित राठी ने कहा सभी शिकायतों को गंभीरता से ध्यान दिया जाएगा बैठक को सम्बोधित करते हुए सीओ राजेश सोलंकी व थानाध्यक्ष सुमित राठी ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने कहा सभी लोग आपस में प्रेम के साथ रहे। थानाध्यक्ष ने कहा क्षेत्र में अशांति फैलाने वालों के साथ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा सभी फरियादों की बातों को गंभीरता से सुना जाएगा। उन्होंने थाना दिवस में सभी लेखपालों से समय पर आने के लिए आग्रह किया, थानाध्यक्ष सुमित राठी ने कहा की पेरेंट्स छोटे बच्चों को मोटरसाइकिल चलाने के लिए न दें। उन्होंने कहा एक मोटरसाइकिल पर तीन बैठकर सड़क पर न जाएं। वरना कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर थानाध्यक्ष सुमित राठी के अलावा एसएसआई श्रीपाल सिंह, एस आई शेर सिंह, एसआई हरवीर सिंह, समीउल्लाह, एड. सलीम अंसारी, नदीम अहमद, अमित कुमार, अनिल कुमार तथा लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

## रामगंगा नदी में डूबे युवक का शव 24 घंटे बाद बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** गर्मी से राहत पाने के लिए दोस्तों के साथ नहाने गए युवक का रामगंगा नदी स्थित भिक्कावाला घाट पर डूबे युवक का शव चौबीस घंटे बाद लगभग पांच किलोमीटर दूर गांव प्रेमीपुरी के समीप स्थानीय गोताखोर की मदद से बरामद किया। शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन बिना किसी पुलिस कार्यवाही के शव को अपने घर ले गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव हिदायतपुर चौहड़वाला निवासी जगेंद्र सिंह का पुत्र धर्मेश कुमार 20 वर्ष शुक्रवार को दोपहर दोस्तों के साथ रामगंगा नदी स्थित भिककावाला घाट पर नहाने गया था कि नहाने के दौरान युवक पानी के तेज बहव में बेह गया था डूबने की सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोलंकी व थानाध्यक्ष सुमित कुमार राठी मौके पर पहुंचकर रामग. ंगा नदी में डूबे हुए युवक की स्थानीय गोताखोरों की मदद से देर शाम तक तलाश कराने का प्रयास किया, परन्तु कोई सफलता नहीं मिली। शनिवार को काफी संख्या में गोताखोर को लगाया गया तब कहीं जाकर घटना स्थल से करीब पांच किलोमीटर दूरी पर गांव प्रेमपुरी घाट पर नदी किनारे झाड़ियों में फंसा मिला। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पहुंचे परिजनों ने बिना किसी कार्यावाही के शव को अपने साथ घर ले गए।

## ट्रेन से कट कर व्यक्ति की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खारी।** स्थानीय झारखण्डी शिव मंदिर के निकट विजय पाल सैनी (45 वर्ष) सुबह तड़के चार बजे रेलवे लाइन के निकट अपने खेत पर पानी देने गया था कि बिजनौर से मुरादाबाद जा रही पैसेन्जर ट्रेन से टकरा गया कि सिर पर गंभीर चोटे आ गयी और लहूलुहान हो गया। कृपाल सिंह भी पास में खेतों पर पानी दे रहा था कि जैसे वह रेलवे लाइन की ओर पहुंचा तो विजय पाल सिंह को मृत अवस्था में पाया। कृपाल सिंह ने घर फोन करके घटना की जानकारी दी। यह सुन परिवार वालों की नींद उड़ गई और आनन-फानन में पड़ौसी व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ट्रेन ड्राइवर ने पुलिस को फोन कर घटना के बारे में बताया। वन दरा. ेगा व झालू पुलिस चौकी के स्टाफ ने मृतक को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भिजवाया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के चार बेटे है। बड़ा पुत्र घनश्याम शादीशुदा है। बाकी तीन लोकेश कुमार, हिमांशु कुमार, आशीष कुमार तीनों कुंवारे है। मृतक विजयपाल सिंह सैनी सादा मिजाज व मिलनसार व्यक्ति में शुमार किया जाता था।

## बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़

### दो के पैर में लगीं गोली, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम मुण्डा खेडी में लूट की घटना को अंजाम देने वाले लुटेरों के साथ पुलिस की मुठभेड़ दो बदमाश के पैर में गोली लगी। एक सुरक्षित गिरफ्तार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना छजलैट निवासी युवक अपनी पत्नी को लेकर मोटरसाइकिल से ससुराल जाते समय तीन अज्ञात लोगों द्वारा किया सोने के आभूषण की लूट की घटना को अंजाम दिया था। शुक्रवार की देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि तीन अज्ञात व्यक्ति सहसपुर रोड स्थित ग्राम बगवाड़ा निकट एक मोटरसाइकिल पर घूम रहे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार पुलिस फोर्स को लेकर मौके पर पहुंच गए। पुलिस को देख आरोपी जंगल में भागने लगे और पुलिस पर फायरिंग कर दी जिसमें पुलिस कर्मचारी बार-बार बच्चे। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई। नदीम पुत्र आरिफ निवासी पैगंबरपुर थाना सिविल हान जिला मुरादाबाद, तहसीन उर्फ नूर पुत्र हनीफ कुरैशी निवासी सागरपुर थाना सेफानी जिला रामपुर को गोली लगने के बाद मौके से तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी थाना प्रभारी अमित कुमार ने अपने आला अधिकारियों को मौके पर पहुंचे। पुलिस के अधिकारियों द्वारा तीनों बदमाशों को स्थानीय सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां पर घायल दोनों बदमाशों का उपचार कराया गया और हायर सेंटर रैफर किया गया। पुलिस कि इस बहादुर और जाबाजी के चलते लूट की घटना को फिर से अंजाम देने वाले बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ करते हुए घायल करके गिरफ्तार किया। जिसकी नगर क्षेत्र में पुलिस की तारीफ की जा रही है।

इन तीनों बदमाशों का पुलिस क्राइम से संबंधित दस्तावेजों को खंगाल रही है। इन आरोपियों ने कहां-कहां अन्य घटनाओं को अंजाम दिया है।

## मुफ्ती मसूद का दिल्ली में इंतकाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खारी।** खारी निवासी मुफ्ती मसूद की दिल्ली में मृत्यु हो गई। उनकी नमाज के दौरान तबीयत खराब हो गई थी। 39 वर्षीय मौलाना मुफ्ती मौहम्मद मसूद देहली मय्या महल मदरसा हुसैनया वाली मस्जिद में इमामत करते थे कि ईशा की नमाज पढ़ाने के बाद तबीयत खराब हो गई। वह अपने हुजरे में चले गये। वहां से उनको मुअज्जनवे नमाजियों ने उनको अरबन हास्पिटल में भर्ती कराया कि चिकित्सक ने उनको दिमाग की नस फटने को बताया कि ब्रेन हेमरेज के चलते उनकी अगले दिन 11 बजे रूह परवाज कर गयी। यह खबर सुनते ही परिवार वालों में कोहराम मच गया। मृतक मौलाना मुफ्ती मसूद के तीन छोटे-छोटे बच्चें है।

मुफ्ती साहब को पैतृक ग्राम खारी लाया गया। जहां पर उनको सनीचर की सुबह साढ़े नौ बजे हजारों की संख्या में उनके जनाजे की नमाज अदा कर दुआये मगफिरत की और पास के ही कब्रिस्तान में तदफीन कर दिया गया।

ौलाना मुफ्ती मसूद, मुफ्ती इदरीस के बेटे है जो कि मुफ्ती इदरीस मुफ्ती महमूदुल हसन गंगोही के खलीफा है। मुफ्ती मौ. इदरीस मदरसा इस्लामिया मम्बा उल उलूम व जू.हा. स्कूल के जिम्मेदार व्यक्ति है। बुजुर्ग हस्तियों में शुमार होते है और दिल्ली जामा मस्जिद के करीब वाली मस्जिद में वर्षों से पेश इमाम भी है। मुफ्ती मौ. मसूद सजीदा मिजाज नेक दिल व सादा मिजाज व्यक्ति थे।

## धामपुर में फिर सजेगा समर मेला

### इस बार मिलेगा हवाई जहाज की सवारी का रोमांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** साल भर के लंबे इंतजार के बाद धामपुर नगरवासियों के लिए खुशखबरी है। केएम इंटर कॉलेज के खेल मैदान में जल्द ही धामपुर महोत्सव समर मेला का आयोजन होने जा रहा है। इस बार मेला और भी खास होने वाला है, क्योंकि पहली बार मेला परिसर में हवाई जहाज की सवारी कराई जाएगी।

भीषण गर्मी और तपती धूप के बावजूद मेला आयोजक बलजीत शर्मा के नेतृत्व में उनकी टीम दिन-रात तैयारियों में जुटी हुई है। झूले, स्टॉल्स, लाइटिंग, सुरक्षा व्यवस्था और बच्चों के लिए विशेष आकर्षणों की सजावट अंतिम चरण में है। मेले में इस बार खाने-पीने की विविध स्टॉल्स, लोक नृत्य, लाइव डीजे, गेम जोन, वाटर स्लाइड्स और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ-साथ मिक्रो हवाई जहाज राइड पहली बार उपलब्ध कराई जा रही है, जो नगरवासियों के लिए रोमांचक अनुभव बन सकता है।

मेला आयोजक बलजीत शर्मा ने बताया कि इस बार मेला पूरी तरह से सुरक्षित, मनोरंजक और पारिवारिक माहौल में संपन्न होगा। नगरवासियों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह है और बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी की संभावना है।

## एक नजर

### अवैध तमंचे के साथ दबोचा

**कोतवाली देहात।** नजीबाबाद रोड पर स्थित मनसा देवी पुलिस चौकी पर पुलिस चैकिंग के दौरान एक युवक पुलिस को देखकर घबरा गया तथा गाड़ी वापस भगाने के चक्कर में वह बाइक से गिर गया। इस दौरान उसकी जेब से निकलकर तमंचा गिर गया। पुलिस ने पीछा कर युवक को पकड़ लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम चंद्र प्रकाश उर्फ विकुल निवासी ग्राम जगन्नाथपुर उर्फ रांडोवाला बताया। पुलिस ने युवक के पास से तमंचा तथा चार जिंदा कारतूस बरामद किए। मोटर साइकिल देवेंद्र सिंह पुत्र विजय सिंह निवासी ग्राम बाहुपुरा के नाम पर पंजीकृत पाई गई। पुलिस ने बाइक को सीज कर दिया तथा आरोपी युवक का चालान कर दिया।

### ऑक्सफोर्ड में समर कैम्प का शुभारंभ



**नहटौर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में समर कैम्प का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्कूल प्रबंध निदेशिका व पूर्व चेयरमैन नगर पालि. का धामपुर लीना सिंघल ने किया। जिसमें विभिन्न कार्यकलाप जैसे योगा, संगीत, गायन, मेंहदी, कला आलेखन, नृत्य, व्यक्तित्व विकास आदि का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर लीना सिंघल ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष में एक बार इस तरह के कैम्प में बच्चों को अवश्य ही प्रतिभाग करना चाहिए। जिससें वह पढ़ाई-लिखाई के अलावा इस तरह के कार्यकलापों से अतिरिक्त ज्ञानार्जन कर सकें। जिसका लाभ उनको जीवनभर मिलता रहे। इससें पूर्व कक्षा एक की छात्रा रूद्रिका व रूद्राक्षी ने मुख्य अतिथि को बुके देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जूनियर विंग कॉर्डिनेटर तब्बसुम जैदी ने किया।

### कार्यकारिणी का गठन



**कालागढ़।** इंटर कॉलेज कालागढ़ में अभिभावक शिक्षक संघ की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें विनियावाली में दिए गए प्रावधानों के अनुसार नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस गठन में परशुराम को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया तथा सतीश कुमार को कैशियर पद के लिए चुना गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. सतीश कुमार, संचालन सोहन लाल ने की।

### दो भाईयों के विवाद में चली गोली

**कोतवाली देहात।** ग्राम बांकपुर निवासी राजकुमार सिंह तथा संजय सिंह पुत्र तारा सिंह के बीच खेत में गिरे पेड़ को लेकर विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि बुधवार की रात आई आंधी में एक पेड़ टूटकर राजकुमार के खेत में गिर गया था। बताया जा रहा है कि राजकुमार अपने खेत में गिरे पेड़ को काट रहा था, जिसे उसका भाई संजय अपना बता रहा था। इसी बात को लेकर दोनों भाइयों में विवाद हो गया। इस दौरान दोनों में मारपीट हुई। आरोप है कि इस दौरान छोटे भाई संजय सिंह ने बड़े भाई राजकुमार पर गोली चला दी। गोली लगने से राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस राजकुमार को जिला अस्पताल ले गई। जिला अस्पताल में राजकुमार की हालत चिंताजनक देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया गया है एल। राजकुमार के सिर में चोट है जबकि हाथ में गोली लगी है।

### के.एस. चिल्ड्रेन्स में इन्वेस्टिचर सेरेमनी




**कोतवाली देहात।** के.एस. चिल्ड्रेन्स अकादमी के प्रांगण में इन्वेस्टिचर सेरेमनी संपन्न हुई। समारोह की शुरुआत विद्यालय गीत और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात छात्र परिषद के नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों को उनका पदभार ग्रहण कराया गया। हेड बॉय सत्यम चौधरी, हेड गर्ल प्रियांशी चौधरी, डेप्युटी हेड बॉय आकुल शर्मा, डेप्युटी हेड गर्ल सुहालिया, स्पोर्ट्स कैप्टन (बॉय) मोहम्मद आदिल, स्पोर्ट्स कैप्टन (गर्ल) वैष्णवी, वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन (बॉय)आरिश, वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन (गर्ल) प्रियांशी, कल्चरल सेक्रेटरी (बॉय) फरहान, कल्चरल सेक्रेटरी (गर्ल)पार्णिका रहे। सभी बच्चों को बैज एवं सैश विद्यालय के मैनेजर कपिल अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक कपिल अग्रवाल ने कहा कि इन्वेस्टिचर सेरेमनी विद्यार्थियों के अंदर नेतृत्व की भावना विकसित करने की दिशा में सशक्त कदम है। प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने कहा कि यह केवल सम्मान नहीं, बल्कि कर्तव्य की डोर है जिसे अब पूरी निष्ठा से निभाना है।

**कार्यालय जिला पंचायत, बिजनौर।**

पत्रांक:- 180/ मृ.पं.श.नि./2025-26 दिनांक:- 24 मई, 2025

**सूचना ठेका/ लाईसेंस/रायल्टी/ मृतक पशु शव निस्तारण वर्ष 2025-26**

जनपद बिजनौर के ग्रामीण क्षेत्रों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 की शेष अवधि हेतु विकास खण्ड 1-बुढ़नपुर (स्योहारा), 2- अल्हैपुर (धामपुर), 3-हल्दौर, 4-मौ.पुर देवमल, 5-जलीलपुर, 6-नूरपुर, 7-किरतपुर, 8-अफजलगढ़, 9-आकू नहटौर में मृतक पशु शव निस्तारण के ठेके लाइसेंस/टेंडर के लिए शासनादेशानुसार इस कार्य में पैतृक रूप से लगे व्यक्तियों के मध्य विकास खण्डवार/ न्याय पंचायतवार ठेके लाइसेंस/ टेंडर दिनांक 10.06.2025 को टेंडर समिति द्वारा अपरान्ह 01:00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत, बिजनौर में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिनांक को टेंडर समिति द्वारा सायं 04:00 बजे खोले जायेंगे। ठेके लाइसेंस/टेंडर लेने वाले इच्छुक व्यक्ति को टेंडर से पूर्व आधार, पैतृक कार्य का प्रमाण पत्र एवं जमानत/एफडीआर के रूप में 25,000.00 (रु. पच्चीस हजार) अपर मुख्य अधिकारी के पदनाम से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा बंधक की जायेगी। जिस विकास खण्ड के टेंडर प्राप्त नहीं होंगे उनका ठेका/लाइसेंस का टेंडर प्रत्येक बुधवार को किये जाते हैं। ठेके की शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है, अथवा www.bijnor.nic.in से डाउनलोड की जा सकती हैं।

**अपर मुख्य अधिकारी,**
**जिला पंचायत, बिजनौर।**

# स्टूडेंटस इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन का कार्यक्रम

## दीन के रास्ते पर चलने का आह्वान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** समाज सुधार के लिए स्टूडेंटस इस्लामिक आर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया का कार्यक्रम में युवाओं से दीन के बताये रास्ते पर चलने का आह्वान किया गया।

मोहल्ला शेखान स्थित मस्जिद में स्टूडेंटस इस्लामिक आर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया एक समाज सुधार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अब्दुल हफीज ने युवाओं से दीन और दुनियावी तालीम हासिल कर समाज में बढ़ती बुराइयों को रोकने के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नबी करीम सल्लल्लाहु अलैही वसल्लम के जमाने से अच्छा अख्लाक और नेक किरदार मुसलमानों की पहचान रहा है। हमें इसके बारे में गौर और फिक्र कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुसलमानों ने हमेशा सच और हक के रास्ते पर चलकर पूरी दुनिया को मिलजुलकर रहने का पैगाम दिया है। उन्होंने कहा मुसलमानों के अच्छे अख्लाक और किरदार की वजह से दूसरे धर्मों के लोगों ने भी अपने को सुरक्षित महसूस किया है। उन्होंने कहा आज नफरत भरे इस दौर में तरह-तरह के इल्जाम लगाकर मुसलमानों को हर खराबी के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा। उन्होंने मुसलमानों ने हालत से ना घबराने, हक व सच के रास्ते पर चलकर परेशान लोगों की मदद करने और अपने बच्चों को हर हाल में शिक्षित बनाने पर जोर दिया। शहर इमाम मुफ्ती मु. जकी एजाज खान ने कामयाबी पाने के लिए अल्लाह और रसूल के बताए रास्ते पर चलने की हिदायत की। अंत में उन्होंने पूरी दुनिया में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुफ्ती जकी ने की तथा संचालन डॉ. जियाउर्रहमान ने किया और पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी युनुस खान ने भी विचार व्यक्त किये।

# वादों के निस्तारण में प्रभावी पैरवी के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कल शाम कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला स्तरीय समिति, अभियोजन एवं कारागार की सुरक्षा तथा पोस्टमार्टम, गुण्डा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट से संबंधित बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने जिला स्तरीय समिति की बैठक में वादों के निस्तारण के सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उपस्थित से एक-एक वाद के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए प्रभावी पैरवी कर निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में कारागार की सुरक्षा, पोस्टमार्टम, गुण्डा एक्ट और गैंगस्टर एक्ट से संबंधित मामलों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया और गुणवत्ता पर ध्यान देने एवं कारागार की सुरक्षा में सुरक्षा और सुधारों पर चर्चा की। उन्होंने गुंडा एक्ट विषय की समीक्षा में गंभीर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने गैंगस्टर एक्ट विषय की समीक्षा करते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों में इन मामलों पर ध्यान दें और आवश्यक कदम उठाएं।

उन्होंने पोक्सो एक्ट प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मामलों की त्वरित सुनवाई सुनिश्चित की जाए, गवाहों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और दोषियों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी अभियोजन हो।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव बाजपेई, अभियोजन अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### हल्दौर में निकाली तिरंगा यात्रा



**हल्दौर।** हल्दौर में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने अपने साहस और शौर्य का प्रदर्शन कर पाकिस्तान की फौज को कड़ा सबक सिखाकर भारत को गौरवान्वित किया। आतंकियों के कायराना हमले में मारे गए करीब 26 पर्यटकों की विधवाओं के मांग के सिंदूर का बदला उनके घर मे घुस कर लिया। खंड विकास कार्यालय परिसर में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख चौधरी विजेंद्र सिंह, बीडीओ विक्रम सिंह, एडीओ ग्राम पंचायत सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से किया। तिरंगा यात्रा ब्लॉक कार्यालय से शुरु होकर बालकिशनपुर चौराहे से राम दर्शन कालोनी से होती हुई ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा का लोगों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा के संयोजक विपुल चौधरी, विधान सभा संयोजक अनिल सिंह, मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान, हेमेंद्र प्रधान, महेश कुमार, शिवम चौधरी, अतुल मारवाड़ी, वरुण प्रताप सिंह, विपिन कुमार, राहुल चौधरी, अतुल कुमार, पूर्व पालिका अध्यक्ष अमर सिंह पम्मी, दीपक चौहान चानू, अमित सैनी आदि रहे।

### समर कैम्प में बच्चे सीख रहे योग



**हल्दौर।** जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी में चल रहे चार दिवसीय समर कैंप के तीसरे दिन योग, नॉन फायर कुकिंग, डांसिंग, सिंगिंग, स्विमिंग आदि खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षक अर्जुन सिंह, विशाल चाहल, अपूर्व कुमार ने विद्यार्थियों के लिए जीवन में अनुशासन का महत्व बताया। विद्यालय प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों में समय प्रबंधन कैसे किया जाए एवं गर्मी व लू से बचाव के उपाय बतायें। कार्यक्रम आयोजक विकास पंकज ने विद्यार्थियों को योग कराया एवं जीवन में योग का महत्व समझाया। योग सत्र में अनुलोम विलोम, भस्त्रिका, भ्रामरी प्राणायाम, प्रणामासन, हस्त उत्तानासन, हस्तपादासन, अश्व संचालनासन, अधोमुख श्वानासन, पर्वतासन, अष्टांग नमस्कार , भुजंगासन, पर्वतासन, ताड़ासन और हस्तपादासन आदि योग कराये। निशा राजपूत, पलक राजपूत, स्वाति पाराशर, अनुराधा, ललित कुमार, अरुण डबास, नीरज सिंह, सागर चौधरी आदि रहे।

### तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली



**बढ़ापुर।** पहलगाम हमले के बाद आपरेशन सिंदूर द्वारा आतंकियों पर की गई कार्यवाई की सफलता को लेकर भाजपाइयों ने कस्बे में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली। इस दौरान भारत माता की जय के नारों के साथ भारतीय सेना के शौर्य की सरहाना की गई। बढ़ापुर बस स्टैंड पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष खेल सिंह राजपूत व मंडल अध्यक्ष भीम सिंह सैनी के नेतृत्व में काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता इकट्ठा हुए। वहां से तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली गई। यात्रा मुख्य बाजार से होते हुए पुलिस चौकी, मुहल्ला नौमी, सब्जी मंडी, कुंजेटा तिराहे से होते हुए बस स्टैंड पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान यात्रा में मौजूद भाजपाइयों ने भारत माता की जय के नारों के साथ भारतीय सेना के शौर्य की सरहाना की। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय सिंह, जयवीर पंचवाल, शेखर चौहान, सोहित गुप्ता, मुकेश आर्य, अजयराज सिंह, नरेंद्र चौहान, कौशल चौहान, डॉ. राजपाल सिंह, संजीव कश्यप बंटी, नितिन प्रजापति, राहुल कश्यप, सतेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

### भाकियू का धरना जारी



**बिजनौर।** आज डीएफओ (वन विभाग) कार्यालय बिजनौर पर भारतीय किसान यूनियन का तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। किसानों में अपना लंगर वन बिभाग में ही चलाया। धरने पर जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, जिला मुख्य महासचिव विजय सिंह, जिला महासचिव सुनील प्रधान, ब्लाक अध्यक्ष हल्दौर धर्मेन्द्र सिंह, ब्लॉक महासचिव हल्दौर जगत सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष हल्दौर जगदेव सिंह मिस्त्री, चौ. राजेन्द्र सिंग जाफरपुर, ब्लॉक अध्यक्ष मो. पुर देवमल डॉ. विजय सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष नहटौर मुनेश सिंह, जिला सचिव आशु चौधरी, ब्लॉक महासचिव नहटौर अतेंद्र सिंह, शुभम अहलावत, सोमेंद्र सिंह, धूम सिंह, सत्यवीर सिंह, मनप्रीत संधु, रजनीश अहलावत, हर्ष देशवाल, विपिन सिंह, मोनू प्रधान, पंकज सहरावत आदि किसान मौजूद रहे। जब तक वन विभाग किसानों पर लिखे झूठे मुकदमे वापस नहीं लेगा और किसानों को गुलदार की समस्या से निजात दिलाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाता। तब तक भाकियू का धरना जारी रहेगा ।

### बाइक सवार बदमाशों ने की लूटपाट

**स्योहारा।** प्रेमनाथ पुत्र चतर सिंह गांव रजपुरा थाना छजलैट जिला मुरादाबाद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह बीती शाम लगभग 5 बजे मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी गीता देवी के साथ अपने घर से अपनी सुसराल स्योहारा मुण्डा खेडी आ रहा था। गांव विशनपुरा कोट नहर की पटरी जंगल के पास बाइक सवार तीन लड़कों ने मेरी बाइक रूवका कर मुझे व मेरी पत्नी गीता देवी को डराया धमकाया ओर मेरी पत्नी के कानो के सोने के कुण्डल, सोने की कन्ठी व गले का सोने का पेडिल व कानों की धुरीये तथा मेरा पर्स जिसमे करीब 3000 रूपये व एक मोबाइल छीन कर गांव गल्ला खेडी की तरफ भाग गये। मेरी पत्नी के कुण्डल खींचने से कान फट गये है। पुलिस को 112 पर कॉल कर लूट की घटना की जानकारी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात में मुकदमा पंजीकृत करके जांच शुरू कर दी है।

# 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'जय हिंद' के नारों से गूंज उठा नगर

## डॉ. इंद्रदेव के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस यात्रा का नेतृत्व पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने किया। यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'जय हिंद' के नारों से नगर की गलियां देशभक्ति से गूंज उठीं।

डॉ. इंद्रदेव सिंह ने कहा, "तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, यह हमारी अस्मिता, बलिदान और गौरव का प्रतीक है। देश के प्रति प्रेम और एकता को बनाए रखने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है।"

यात्रा में सामाजिक कार्यकर्ता, विद्यार्थी, व्यापारी संगठन, महिला समूह और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर यात्रियों का स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा के अंत में राष्ट्रगान गाया गया और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नगर में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में नागरिकों की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि देशभक्ति आज भी जनमानस में गहराई से रची-बसी है। इस दौरान डॉ. गौरव प्रताप सिंह, नागेश्वर दयाल गहलोत, श्याम सिंह चौहान, गोपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# आंतरिक साधना शिविर का दूसरा दिन

## प्रार्थना का अर्थ और महत्व बताया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** तीन दिवसीय आंतरिक साधना शिविर के दूसरे दिन सन्त गुरु महाराज डॉ. विनीत दीक्षित ने प्रार्थना के अर्थ और महत्व बताते हुए कहा कि प्रार्थना तब तक सफल नहीं होती जब तक वह भय अथवा प्रलोभन से की जाती है।

नंद निकेतन आश्रम में जारी आध्यात्मिक शिविर में गुरु महाराज ने कहा कि जब हम भय से प्रार्थना करते है तो वह प्रार्थना भय के समाप्त हो जाने पर समाप्त हो जाती है। इसी तरह जब हम किसी चीज को पाने के लिए प्रार्थना करते है, तो वह प्रार्थना उस चीज के मिलने के बाद समाप्त हो जाती है। उन्होंने एक प्रसंग सुनाते हुए बताया कि एक बार एक नाव में बहुत सारे यात्री व एक संत यात्रा कर रहे थे। अचानक समुद्र में भारी तूफान आ गया। नाव में तूफान आने के कारण सभी यात्री अपनी जान बचाने के लिए प्रार्थना कर रहे थे, लेकिन संत ने कोई प्रार्थना नहीं की। जब उनसे पूछा गया कि आप प्रार्थना क्यों नहीं कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि प्रार्थना तब तक सफल नहीं होती जब तक वह भय या प्रलोभन से की जाती है। संत ने कहा कि सच्ची प्रार्थना वह है जिसमें कोई मांग नहीं होती, बल्कि देने की भावना होती है। उन्होंने एक अन्य प्रसंग सुनाते हुए कहा कि एक भिखारी की कहानी भी इस बात को दर्शाती है। जब राजा ने उससे कुछ देने के लिए कहा, तो भिखारी ने बड़ी मुश्किल से एक दाना दिया। जब उसने अपनी झोली उल्टी की, तो उसे पता चला कि उसके द्वारा दिए गए दाने के बदले में उसे सोने के दाने मिले थे। इससे यह सीखने को मिलता है कि जो हम देते हैं, वही हमें वापस मिलता है।

संत महाराज ने कहा कि प्रार्थना का जीवन देने का जीवन है। जब हम प्रार्थना करते हैं, तो हमें देने की भावना से करनी चाहिए, न कि लेने की भावना से। इस मौके पर डॉ. विकास, जगदीश सिंह, अनमोल दीक्षित, रमेश कुमार, अभिषेक कटारिया, अलका दीक्षित, उषा दीक्षित, शिवानी त्यागी, निक्की कटारिया, प्रदीप कुमार सहित सैकड़ों सत्संगी भाई बहन मौजूद रहे।

# बीएएलएलबी तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर के बीएएलएलबी तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

लॉ विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि बीएएलएलबी तृतीय सेमेस्टर में उमरा असलम ने प्रथम, आयशा अंसारी ने द्वितीय तथा असमत सुल्ताना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

कृष्णा कॉलेज के प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अति उत्तम रहा है। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, विभागाध्यक्ष प्रदीप राठौर व सहायक प्रवक्ता विशाल विक्रम सिंह, डॉ. एमए खान, शिवकुमार सिंह, श्रीमति पूजा ठाकुर, श्रीमति कंचन चौहान, मौ. आफाक ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# किसान संगठनों का प्रथमा बैंक पर प्रदर्शन

## किसान से अभद्रता व रिश्वत मांगने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरूकी।** किसान का खाता लॉक करने, किसान से अभद्रता करते हुए 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगने को लेकर आज किसान संगठनों द्वारा प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक उमरी का घेराव कर धरना प्रदर्शन शुरू किया गया।

प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक उमरी बैंक प्रबंधक द्वारा किसान पवन कुमार का खाता लॉक कर दिया गया। बच्चों के एडमिशन के लिए पवन कुमार ने बैंक प्रबंधक से निवेदन किया लेकिन बैंक प्रबंधक द्वारा पवन कुमार के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। पवन कुमार ने जिसकी सूचना भारतीय किसान यूनियन व किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और धरना शुरू कर दिया। धरने को संबोधित करते हुए संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि किसान भाई मजदूरों का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विकास चौधरी ने कहा कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं किया जाएगा तब तक संगठन का धरना जारी रहेगा। केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लेकर विकास चौधरी ने कहा कि बैंकों द्वारा जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए बैंकों द्वारा दलाल सक्रिय किए गए हैं जो कि लोगों से लोन दिलाने के नाम पर मोटी रकम वसूलते हैं। जिसके कारण जरूरतमंद लोग मोटी रकम के एवज में बैंक से लोन लेते हैं। विकास चौधरी ने कहा कि योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों को सीधे बैंक से मिलना चाहिए।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, भारतीय किसान यूनियन टिकैत के क्षेत्रीय अध्यक्ष अमरदीप सिंह, बृजेश कुमार, तिलक राम सिंह खोवै, बेगराज सिंह, नरपाल सिंह, कर्मेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, राकेश कुमार, इमरान चौधरी, मुनेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## गन्ना खोदते समय किसान पर गुलदार का हमला

**नगीना।** जंगल में गन्ना खुदाई करने गये एक किसान पर गुलदार ने जानलेवा हमला कर दिया। जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्र में गुलदार की दहशत से लोग भयभीत है।

ग्राम बेनीपुर कोपा निवासी के सतीश कई लोगों के साथ अपने खेत पर गन्ने की खुदाई करने के लिए गया था। सतीश व अन्य किसान आसपास के खेतों में काम कर रहे थे। सतीश गन्ने को काट रहा था तभी गुलदार ने सतीश पर जानलेवा हमला कर दिया। जब सतीश ने शोर मचाया तो खेतों में काम कर रहे किसान तुरंत गन्ने लेकर गुलदार के पीछे शोर मचाते हुए भागे तो गुलदार वहा से भाग गया।

अगर आसपास के खेतों मैं काम करने वाले किसान न होते तो गुलदार सतीश को निवाला बना लेता। इतने लोगों के होने के बावजूद भी गुलदार ने सतीश के मुंह व गर्दन पर पंजा मारकर घायल कर दिया। घायल अवस्था में सतीश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना ले जाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा सतीश का उपचार किया गया। घटना को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों वन विभाग से गुलदार को पकड़वाने की मांग की है साथ ही इस प्रकार की घटनाओं पर विराम न लगने की स्थिति में किसान यूनियन ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

# नगीना में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा

## बड़ी संख्या में ई-रिक्शाएं भी रहीं शामिल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को नमन व वंदन करने के लिए नगर में शौर्य तिरंगा यात्रा भव्य तरीके से निकाली गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भव्य तरीके से निकाली गई शौर्य तिरंगा यात्रा में उपस्थित जन समूह ने तिरंगे झंडे हाथ में लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में निकाली गई भव्य शौर्य तिरंगा यात्रा में महिलाओं सहित हर उम्र व हर वर्ग के लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा शहर तिरंगे झंडो से पटा दिखाई दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान युवा डीजे पर देशभक्ति के गानों पर जमकर थिरके। तिरंगा यात्रा का नगरवासियों ने जगह जगह पुष्पवर्षा कर, जल वितरण व शरबत वितरण कर स्वागत किया। यात्रा के दौरान पूरे शहर में देशभक्ति का माहौल नजर आया। यह यात्रा गांधी चौक से शुरू होकर मुख्य बाजार मंडी मोलगंज, लोहारी सराय, बाजार बारादरी होते हुए पहाड़ी दरवाजे जाकर संपन्न हुई।

इस यात्रा में पीछे की ओर दर्जनों ई-रिक्शाएं भी चल रहीं थीं। ई रिक्शा यूनियन के कोषाध्यक्ष बदर मुनीम के नेतृत्व में मुनीम चौक से ई रिक्शा चालकों द्वारा भी एक शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई जो कि स्टेशन रोड होते हुए गांधी मूर्ति तिराहे पहुंची और नागरिकों द्वारा निकली जा रही यात्रा के पीछे पीछे अंतिम गंतव्य तक चलते रहे।

इस दौरान कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने भी हाथों में तिरंगे झंडे लेकर देशभक्ति के नारे लगाए और सुरक्षा बलों के शौर्य को सलाम किया। शौर्य तिरंगा यात्रा में वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं, व्यापारी वर्ग और समाजसेवियों विशेष कर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए हाथों में तिरंगे झंडे लिए देश के वीर सैनिकों के प्रति अपनी एकजुटता और सम्मान प्रकट किया। तिरंगा यात्रा में डेढ़ सौ से ज्यादा ई-रिक्शा और हजारों की संख्या में महिला पुरुष सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की समाप्ति पर पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह ने कहा कि तिरंगा केवल झंडा नहीं, हमारी एकता और स्वतंत्रता का प्रतीक है। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्र भक्ति और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाना है। क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि कहा कि सेना ने पाकिस्तानी हरकत का मुँहतोड़ जबाब दिया और चार दिन में ही पाकिस्तान को घुटने टेकने को मजबूर कर दिया।

अंत में जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक प्रमोद चौहान ने तिरंगा यात्रा में शामिल जनमानस का व नगर की सम्मानित जनता का धन्यवाद किया व कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

तिरंगा यात्रा में प्रमोद चौहान जिला उपाध्यक्ष (कार्यक्रम संयोजक), अनूप वाल्मीकि क्षेत्रीय मंत्री, डॉ. यशवंत सिंह पूर्व सांसद, मुंशी रामपाल पूर्व सांसद, महेंद्र धनौरिया पूर्व जिलाध्यक्ष, राजीव सिसोदिया पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, रचना पाल पूर्व सदस्य लोक सेवा आयोग, तिलकराज सैनी जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा भाजपा, सतीश गौतम पूर्व विधायक, अजीत अग्रवाल पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा, अंजली मित्तल मंडल अध्यक्ष भाजपा, माया पाल जिला मंत्री भाजपा, सुभाष शर्मा मंडल अध्यक्ष माहेश्वरी मंडल, प्रभात चंद गुप्ता पूर्व चेयरमैन, राजेंद्र अग्रवाल पूर्व प्रधानाचार्य, सुषमा अग्रवाल पूर्व प्रधानाचार्य, शलभ गोयल, सौरभ मित्तल, पंडित सचिन शर्मा, नीरज विश्नोई निवर्तमान मंडल अध्यक्ष भाजपा, मनोज टंडन, लवी मित्तल, भूरे सिंह, शिवा कर्णवाल, शिवा मिगलानी, प्रदीप गर्ग, आशा माहेश्वरी, स्वाति अग्रवाल, अनीता चौहान, रितु गर्ग, शाकुम्भरी मित्तल, स्वाति जैन, इंदु ठकुराल, सुनील सैनी, पंडित सचिन शर्मा, सिद्धार्थ चौधरी, जितेंद्र चौधरी, सरफराज अंसारी, रोहित विश्नोई, संजीव दत्त विश्नोई, शीतल जोशी, शिवशंकर सक्सेना, केशव दीक्षित, कुलदीप त्यागी, शीतल जोशी, सिद्दीक मुल्तानी, जहीर पहलवान, जुनैद कुरैशी, मकसूद उस्मानी, शैख जमशेद, शहराज खलील, मोहम्मद शारिक, इसरार अल्वी, नफीस अहमद, रविश इकबाल आदि लोग शामिल रहे।

# तोड़फोड़ की आढ़ में लैंड लॉर्ड उठा रहे अनैतिक लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सौन्दर्यकरण और चौड़ीकरण को दुकानों में की जा रही तोड़फोड़ से लैंण्ड लॉर्ड की मौज आ गयी है। प्रशासन के फरमान पर चिन्हित स्थानों तक तोड़-फोड़ से अलग दुकानों को पूरी तरह से ध्वस्त कराकर अनैतिक लाभ उठाने का प्रयास किया जा रहा है।

**○ चिन्हित स्थानों से अधिक निर्माण तुड़वाकर दुकानदारों को बेदखल करने का मंसूबा**

चन्दौसी चौराहे के आसपास स्थित दुकाने लगभग पचास से साठ साल पूर्व किरायदारों के पास है। समय के साथ दुकान व प्रतिष्ठानों की कीमते बढ़ते ही लैण्ड लार्ड उन्हे खाली कराने के लिए कोई न कोई ताना-बाना बुनते चले आ रहे हैं, लेकिन कानून के पेंच में फंसे होने के कारण उन्हे कामयाबी नहीं मिल पायी। अब चौराहे के चौड़ीकरण और सौन्दर्यकरण का फरमान मिलते ही लैंण्ड लॉर्ड की मौज आ गयी है,क्योंकि लोक निर्माण विभाग की और से निर्माण हटाने के लिए चिन्हांकन कर दिया गया है। प्रशासन के फरमान पर दुकानदारों ने चिन्हित किए गए निर्माण को स्वयं ही हटाना शुरू कर दिया है जबकि कुछ स्थानों पर जे सी बी चलाकर हटाया जा रहा है। जे सी बी से निर्माण हटाने का लेण्ड लॉर्ड इसका फायदा उठाने को सक्रिय हो गए है। चिन्हित स्थानो में की जा रही तोड़-फोड़ की आड़ में दुकानों को खाली कराने की मंशा से पूरी तरह ध्वस्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। जहां दुकानदार चिन्हित निर्माण स्वयं खड़े होकर तुड़वा रहे हैं ऐंसी चर्चायें तेज हैं। वहीं मौके पर पहुंच रहे लेण्ड लॉर्ड पूरा का पूरा निर्माण हटवाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। अपना हित साधने को पहले ही बेरोजगारी के कगार पर पहुंच रहे दुकानदारों को पूरी तरह से बेदखल करने का प्रयास किया जा रहा है। बहरहाल आला अधिकारियों को चाहिए कि वह लैण्ड लॉर्ड के मंसूबों को विफल करने के लिए अधीनस्थों और तोड़-फोड़ की कार्रवाई चिन्हित स्थानों से अधिक नहीं होने के निर्देश दिया जाना ज़रूरी हो गया है।

# टीमों का गठन कर जमीन सम्बंधी शिकायतों का करें निस्तारण

## जिलाधिकारी ने सुनी थाना दिवस में फरियादियों की समस्याएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल फरियादियों की समस्या के त्वरित निस्तारण योजना के तहत आयोजित थाना समाधान दिवस में डीएम ने समस्याओं को सुना और जमीनी सम्बंधी मामलों को टीमों का गठन कर बिना किसी पक्षपात के समयावधि में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए

विकासखंड पवांसा के थाना कैलादेवी में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि फरियादियों को अपनी समस्याओं को लेकर इधर-उधर नहीं भटकना पड़े इसलिए थाना समाधान दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चत करने के निर्देश दिए। डीएम ने पैमाइश से संबंधित शिकायतों और महिला उत्पीड़न को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी के साथ मार्ग पर अतिक्रमण मामलों का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करने को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने थाना कैलादेवी का वार्षिक निरीक्षण कर सीसीटीएनएस कक्ष की जांच की जबकि ऑनलाइन शिकायत एवं पंजीकरण को लेकर जानकारी ली। इसके अलावा बंदीगृह, महिला हेल्प डेस्क, माल गृह, सम्पत्ति गृह एवं थाने के मेस को चेक किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने त्यौहार रजिस्टर, लंबित विवेचना रजिस्टर, जीडी रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर आदि चेक किये एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आज थाना समाधान दिवस में 9 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें 5 प्रार्थनपत्रों का तत्काल निस्तारण किया एवं शेष के शीघ्र निस्तारण के लिए भी निर्देशित किया। जबकि कैला देवी में राजकीय हाईस्कूल के लिए चिन्हित भूमि को देखा और जिला विद्यालय निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा तथा सहायक पुलिस अधीक्षक प्रभारी क्षेत्राधिकारी आलोक भाटी, प्रभागीय वनाधिकारी सुश्री वंदना, उप जिलाधिकारी डा. वंदना मिश्रा, जिला विधालय निरीक्षक श्यामा कुमार, तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र सिंह, खंड़ विकास अधिकारी पवांसा ओंकार सिंह आदि मौजूद रहे।

# कैरियर आधारित खले को छोटे नाटकों से समझाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर के सरस्वती कन्या उच्चत्तर माधयमिक विद्यालय में समर कैंप के चतुर्थ दिवस में विद्यालय की 103 छात्राओं ने भाग लिया। समर कैंप का मुख्य विषय कैरियर गाइडेंस रहा।

समर कैंप में शिक्षिकाएं मीनाक्षी और अनुराधा ने छात्राओं को शिक्षा के माध्यम से भविष्य की तैयारी कैसे करें, किस व्यवसाय के लिए आगे क्या करें। इसके लिए मार्गदर्शन किया। इसके बाद मुझे क्या पसंद है, मैं किसमें अच्छा हूं, कोन सा व्यवसाय, कैरियर की तैयारी, मेरा सपना मेरी योजना, भविष्य का कैलेंडर जैसी गतिविधियां को छात्रओं ने शिक्षिका मीनाक्षी व अनुराधा की देखरेख में प्रस्तुत की। छात्राओं ने 'कैरियर आधारित खेलश्को छोटे-छोटे नाटक के माध्यम से सभी को समझाया और अपनी भविष्य की जानकारी को साझा किया। नाटक जोया, अनन्या, यतिका आदि छात्राओं ने प्रस्तुत किए। कैरियर गाइडेंस के लिए शिक्षिका अनुराधाा की बहन अरुंधति नीट क्वालीफाई को बुलाया गया। जिन्होंने छात्रओं को स्वाध्याय और सफलता के लिए एकाग्रता का महत्व बताते हुए मार्गदर्शन किया।समर कैंप के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यक्रम का आरंभ मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए छात्राओं और शिक्षिकाओं ने योगा किया, उसके बाद पी.टी. हुई।मंच पर छात्राओं ने कैरियर की स्फलता के लिए अपने प्रश्नों का समाधान प्राप्त किया और शिक्षिका मीनाक्षी के सहयोग से सिलाई-कढ़ाई सीखीं। सभी शिक्षिकाओं और छात्राओं ने समर कैंप में भाग लेते हुए आनंद लिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी, मीनाक्षी, अनुराधा,नेहा यादव, अंजलि आदि ने छात्रओं कैरियर के लिए अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में शिक्षिका व स्टाफ मौजूद रहा।

# एसपी ने किया थाने का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** पुलिस अधीक्षक ने थाना हजरत नगर गढ़ी का औचक निरीक्षण कर कार्यालय, महिला डेस्क आदि का जायजा लिया और सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

थाना हजरत नगर गढ़ी पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने औचक निरीक्षण किया। उन्होने निरीक्षण के दौरान कार्यालय सी सी टी वी आगन्तुक कक्ष, हवालात बैरक, महिला डेस्क आदि का निरीक्षण कर थाना परिसर आदि में साफ-स्फपाई का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होने इसके अतिरिक्त अभिलेखों का भी अवलोकन किया तथा थाने में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का प्रमुख्ता से निस्तारण करने के सम्बंध में सम्बंधित को निर्देशित किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) श्रीशचंद भी मौजूद थे।

# मदरसा बोर्ड परीक्षा में मुस्कान रही जिला टॉपर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** उ.प्र. मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित मुंशी/मौलवी सेकेण्डरी-फारसी, अरबी एवं आलिम सीनियर सेकेण्डरी अरबी एवं फारसी वर्ष 2025 की परीक्षा का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया।

मदरसा बोर्ड परीक्षा के लिए जनपद में 25 मदरसों के कुल 859 छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा 06 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा दी गयी थी। जिसमें सेकेण्डरी के कुल 603 तथा सीनियर सेकेण्डरी के कुल 256 छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा दी गयी। सेकेण्डरी के कुल 603 छात्र/छात्राओं में से 413 छात्र/छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की तथा सीनियर सेकेण्डरी के 256 छात्र/छात्राओं में से 235 छात्र/छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की। जनपद के मदरसा अशरफिया सगीरून निशां निस्वॉ, सम्भल की सेकेण्डरी में अध्ययनरत छात्रा मुस्कान द्वारा कुल 600 मे से 507 कुल 84.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा मदरसा वारिस उल उलूम, शफातनगर में अध्यनरत छात्र मौ. फुजान द्वारा कुल 600 में से 504 कुल 84.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है तथा मदरसा जामिया इमाम मेंहदी, सिरसी में अध्ययनरत छात्र फैजान आलम द्वारा कुल 600 में से 485 कुल 80.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। सीनियर सेकेण्डरी में जनपद के मदरसा अशरफिया सगीरून निशां निस्वॉ, सम्भल में अध्ययनरत छात्र सिदरा तुल मुन्तहा द्वारा कुल 500 में से 418 कुल 83.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया, मदरसा अशरफिया फसीउल्लाह में अध्ययनरत छात्र दिलशाद एवं मदरसा जियाउल उलूम, सम्भल में अध्यनरत छात्र अम्मार हमदानी द्वारा कुल 500 में से 403 कुल 80.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया है

# कार्यशाला मे मुद्राओं का ज्ञान

**बबराला ( शाह टाइम्स, संवाददाता )।** नगर की लेखपाल कालोनी में उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप एकेडमी पर उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ उत्तर प्रदेश के द्वारा 10 दिवसीय कार्यशाला 'सृजन' में चौथे दिन लोक नृत्य चंडोल की कार्यशाला में नटराज की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सभी कलाकारों का चंदन वंदन किया गया। सभी कलाकारों को मुद्राओं का ज्ञान एवं अभ्यास कराया गया। इस कार्यशाला में कार्यक्रम संचालिका ममता राजपूत के द्वारा कार्यशाला नृत्य की मुद्राओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए सभी कलाकारों को मुद्राओं का अभ्यास कराया।इस अवसर पर रागिनी, पीहू वर्मा, श्रुति, अर्णव वर्मा, रितिका, नीलम, माही वर्मा सोफिया, मिस्टी राजपूत, अंशु, लक्ष्मी, प्रवेश आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्र ही सर्वोच्च सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** उड़ान एक नई पहल चैरिटेबल ट्रस्ट एवं संस्कार भारती के तत्वाधान में नगर की लेखपाल कालोनी में स्काउट गाइड शिविर का आयोजन किया गया।

**स्काउट गाइड शिविर का आयोजन**

जिसमें जिला ट्रेनिंग कांउन्सलर प्रिंस शर्मा ने कहा कि युवा शक्ति सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की नींव है। सेवा केवल दान या मदद का नाम नहीं है, सेवा एक भावना है। दूसरों की पीड़ा को अपनी समझकर उन्हें राहत देने का संकल्प है। दीन दुखियों की सेवा, राष्ट्रसेवा ही सर्वोच्च सेवा है।युवा अपने कैरियर या निजी जीवन तक सीमित न रहें, बल्कि समाज में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने स्काउट गाइड में तालिया कितने प्रकार से बजाई जाती है। अतिथियों का अभिनंदन और स्वागत कैसे किया जाता है।उसके बारे में सभी बच्चों को अवगत कराया। इस अवसर पर योगेंद्र राजपूत अंशु, सोफिया, खुशी वर्मा, लक्ष्मी प्रवेश, समृद्धि आदि मौजूद रहे।

# शिविर में तीरंदाज़ी के गुर सिखाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर के विद्या कुंज इंटरनेशनल स्कूल में आज दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन बच्चों को तीरंदाजी की कला सिखाई गई। प्रशिक्षण शिक्षिका साक्षी ने बच्चों को अपनी सुरक्षा किस प्रकार कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों को तीरंदाजी में सही तरीके से निशाना भेदना सिखाया। इस कला में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिसमें अंजलि, खदीजा संधया ,विश्वनाथ ,आदित्य राज ,श्रृषभ,आरव, अनंत युगल, रितिक ,राधिका वंशिका, वंश, सिया, नित्यम, शिवाय, युग, रोली अभिनय ,निवान, लारा ,दक्ष ,रूद्र उज्जवल, कार्तिक इत्यादि बच्चों ने भाग लिया। जिसमें लक्ष्य ने सबसे सटीक निशाना लगा कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक कार्तिक गोयल व प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने बच्चों का उत्साहवधन किया। इस दौरान विद्यालय शिक्षिका सोनल शर्मा, मीनल अशोक, शबनाज आदि मौजूद रहे।

# सिद्ध समाधियों के दर्शन कर डीएम ने किया इंटर कॉलेज का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सम्भल।** जिलाधिकारी ने महंत दुखहरण पुरी जी महाराज की सिद्व समाधि एवं मंगल पुरी जी महाराज तथा संतोष पुरी जी महाराज जी की सिद्व समाधियों के तथा अटेश्वर महादेव के दर्शन कर स्कूल का निरीक्षण किया। असमौली विकास खंड क्षेत्र के ग्राम अटटा अतौरा स्थित आश्रम में पहुंचे जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने गौशाला का निरीक्षण कर गौमाता को गुड़ खिलाया। जबकि आश्रम के पास स्थित मार्ग को लेकर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने संतोष क्षेत्रीय कृषक राष्ट्रीय इन्टर कालेज अट्टा अतौरा का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी डा. वंदना मिश्रा, कर्ण पुरी जी महाराज, अंनतपुरी जी महाराज एवं खंड विकास अधिकारी प्रेम पाल एवं संतोष क्षेत्रीय कृषक राष्ट्रीय इन्टर कालेज के प्रधानाचार्य आदि मौजूद रहे।

# कक्षा नौ की छात्रा की संदिग्ध हालत में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सम्भल।** कक्षा 9 वी पास छात्रा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर ही आनन फानन में छात्रा का अंतिम संस्कार। कर दिया।

**○परिजनों ने आनन फानन में किया अन्तिम संस्कार**

थाना कैलादेवी के गांव सारंगपुर निवासी कुमारी अंशु (16) पुत्री राकेश हरपाल सिंह कुसुम देवी पब्लिक स्कूल ग्राम सारंगपुर माझरा कक्षा 9 वी पास छात्रा थी। शुक्रवार की शाम लगभग आठ बजे संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। छात्र की मौत से परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतक छात्र तीन बहन भाई थे। जिसमें की मृतक के दो छोटे भाई हैं यह सब से बड़ी और अकेली ही थी। गांव में अपनी मां व दोनों भाईयों के साथ रह रही थी। जबकि पिता दिल्ली में रहते हैं। मृत्यु की सूचना मृतक के पिता व अन्य रिश्तेदारों को दी गई। पिता घर पहुंचे। शनिवार को आनन-फानन में छात्र का अंतिम संस्कार कर दिया गया। जबकि पुलिस चौकी खिरनी की गांव से मात्र लगभग दो से तीन किलोमीटर मात्र है। पुलिस को कोई भी सूचना नहीं दी गई। छात्र की संदिग्ध परिस्थिति में मौत से गांव में हड़कंप मच गया है। गांव में लोग तरह-तरह की आपस में चर्चा कर रहे है। और अनेक सवाल कर रहे हैं। आखिर अचानक मृत्यु कैसे हो गयी। और अंतिम संस्कार की परिजनों को आखिर इतनी जल्दी किया थी। जबकि सुबह ही पुलिस को सूचना दिए बगैर ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। आखिर क्या कारण रहा यह जांच का विषय है।



बबराला- रोटरी क्लब गंगा के अवार्ड सेरेमनी मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते।



सम्भल- लहरा कमंगर में बसपा के सैक्टर की बैठक में सदस्यता ग्रहण कराते।

# योगा की थीम पर कराई प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को योगा हेतु जागरूकता अभियान के अन्तर्गत निबन्ध प्रतियोगिता करायी गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम के सहसंयोजक डा. आसिम ने छात्र/छात्राओं को बताया कि योग एक प्राचीन परम्परा है जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का साधन है, अपितु मानसिक और आत्मिक शांति का माध्यम भी है। इसी महत्व को ध्यान में रखते हुए कालेज में योग के अन्तर्गत निबन्ध प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र/छात्राओं में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उसके विभिन्न पक्षोंको समझना और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहन देना था।

# मेधावियों का रोटरी क्लब समय समय पर करता है सम्मान: दीपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** रोटरी क्लब बबराला गंगा एक्सीलेंस अवार्ड सेरिमनी में 10 वीं व 12 वीं कक्षाओं के मेधावियों को प्रशस्ति पत्र व पटका पहनाकर सम्मानित किया।

**कक्षा 10 व 12 की मेधावियों का किया सम्मान**

शनिवार को भानु आई केयर सेंटर बबराला पर रोटरी गवर्नर दीपा खन्ना ने कहा कि रोटरी क्लब सामाजिक कार्यो को करने में लगा है। हम मेधावियों का समय समय पर सम्मान करते रहते हैं।जिससे उनका उत्साहवर्धन होता रहे। गरीबों के लिए मदद के कार्यक्रम करते है।उनके जांच व दवा के नि:शुल्क शिविर लगाते हैं। रोटरी क्लब बबराला गंगा के अध्यक्ष डा. राहुल यादव ने कहा कि क्लब मेधावियों को सम्मानित कर गौरवान्वित कर रहा है। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। हम क्षेत्र में सामाजिक कार्य करते है। जिसमें नि:शुल्क नेत्र शिविर, स्वास्थ्य कैंप, ट्राई साइकिल वितरण आदि कार्य करते हैं। इस अवसर पर रोटरी बबराला अध्यक्ष डा. राहुल यादव, डा. कैलाश वार्ष्णेय, अनिल खन्ना, पराग, डा. एनपी सिंह, विजय वार्ष्णेय, सुरेश गुप्ता, चिंताहरण सिंह, जेपी मित्तल, अक्षरा मित्तल, सूर्यप्रताप आदि मौजूद रहे।

# कानून व्यवस्था को समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में निरोधात्मक कार्यवाहियों को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा एनडीपीएस, गैंगस्टर, आबकारी तथा जुआ आदि पर भी चर्चा की गयी। शस्त्र कैंसिल कराने की रिपोर्ट को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अगर कोई व्यक्ति शस्त्र का दुरूपयोग करता है तथा कोई तीसरा व्यक्ति शस्त्र के साथ अपना फोटो खींच कर वायरल करता है तो उसपर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# कांग्रेस की बैठक में संगठन की मजबूती के लिए रखे विचार

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**सम्भल।** कांग्रेस की संगठन सृजन की बैठक में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारीयों ने कांग्रेस के संगठन को मजबूत बनाने के लिए और राहुल गांधी के अभियान को जनता तक पहुंचने की नीति बनाने के लिए अलग-अलग सुझाव रखे।

आलम सराय स्थित शहर कांग्रेस पर आयोजित बैठक में विशिष्ट अतिथि शहर कांग्रेस फ्रंटल के कोआर्डिनेटर विनीत त्यागी और मुख्य अतिथि शहर कांग्रेस के कोआर्डिनेटर हाजी रिजवान कुरैशी उपस्थित रहे और दोनों ने ही अपने विचारों से कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक कांग्रेस संगठन को संजीवनी देने और जननायक राहुल गांधी के संदेश को पहुंचाने का आहवान किया और नीति बताई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की ने की। इस मौके पर तौकीर अहमद, मुशीर खान तरीन, हाजी अशरफ अंसारी, अमित कुमार उठवाल, दाऊद पाशा, अंजार कुरैशी सुबहानी , मोअज्जम भाई, फुरकान कुरैशी, आसिफ एडवोकेट, शिशुपाल जाटव, कल्लू सिंह जाटव, वासुदेव, सोनू सागर दिलशाद सैफी, जीत पाल एडवोकेट, स्वतंत्र कुमार सूर्यवंशी सुनील कुमार जाटव, मास्टर वीर सिंह, मास्टर जयपाल सिंह, अंकुर कुमार,महताब आलम बब्बू खान,मेराज आलम आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन फाजिल अंसारी ने किया।

# बसपा प्रभारी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विस एवं पंचायत चुनाव से पूर्व बसपा ने सांगठनिक ढांचे को दुरूस्त करने की कवायक तेज कर दी है। पश्चिमी उत्तर प्रभारी ने ग्रामीणों की सहमति से बनाए गए पदाधिकारियों का सम्मान कर उन्हे प्रोत्साहित किया।

असमोली विधाान सभा के गांव लहरा कमंगर सेक्टर-20 की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे पार्टी के पश्चिम उत्तर प्रभारी एक उत्तराखण्ड बसपा जाफर मलिक ने मन्दिर प्रागण मे ग्रामीणों के बीच उनकी सहमति से लहरा कमंगर सैक्टर 24 कमेटी का गठन किया और पदाधिकारियों का सम्मान किया तथा सभी बनाए गये पदाधिकारियों को सदस्यता ग्रहणण करायी। बैठक में जाफर मालिक ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी देश की एक मात्र ऐसी पार्टी है जो अपने कार्यकर्ता और सर्व समाज के लोगों के सहयोग से खड़ी है। उन्होने कहा कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्षा बहिन सुश्री मायावती का देश में निवास करने वाले दबे कुचले, पिछड़े दलित और मुस्लिमो के लिए उनका हक दिलाना एकमात्र उददेश्य है। उन्होने पंचायत चुनाव और विधान सभा चुनाव में संगठन के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ एकजुटता के साथ कार्य करना का आहवान किया। मुरादाबाद मण्डल के जनपद सम्भल बसपा के मुख्य सेक्टर प्रभारी हरद्वारी लाल, गौतम व जिला प्रभारी सुंदरपाल सिंह ने भी अपने विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार एड. व संचालन बहादुर सिंह ने किया। बैठक में फिरोज मलिक, आरिफ मलिक आदि मौजूद रहे।

# पुलिस चौकी की मौजूदगी में कस्बे में चला अतिक्रमण अभियान

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** नगर पंचायत एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा। कुछ स्थानों पर टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। शांति व्स्वथा को चौकी पुलिस मौजूद रही।

कस्बे के सम्भल-मुरादाबाद के मौहल्ला चौधरियान में राजस्व विभाग द्वारा चिन्हित किए गए स्थाई अतिक्रमण को नगर पंचायत व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों/कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने जब बुल्डोजर से अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया तब कुछ स्थानों पर दुकान/मकान मालिकों ने इसका विरोध किया। मौके पर मौजूद पुलिस ने समझा-बुझाकर मामला शानत कराया और अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही हुई। इस मौके पर नायब तहसीलदार अनुज कुमार, पी डब्ल्यू डी के सहायक अभियंता विवेक बंसल, अवर अभियंता अली ताब, नगर पंचायत लिपिक रईस अहमद के अलावा चौकी के उपनिरीक्षक धीरेन्द्र कुमार पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे। उधर अतिक्रमण विरोधी अभियान पर सवाल उठने लगे हैं। अभियान नियमित रूप से न चलाकर एक दो महीने के अन्तराल के बाद चलाया जाता है। गत वर्ष 18 दिसम्बर से गत दिनों तीन बार अभियान चलाया गया है। पहले बिलारी तिराहे से, फिर पुलिस चौकी से अभियान चलाया गया,लेकिन जिस पर लोग सवाल उठा रहे है। राजस्व विभाग द्वारा समय-समय पर जब अतिक्रमण वाले स्थान चिन्हित किए जाते हैं तब वे भी अलग-अलग होते हैं। उससे भी कहीं-कहीं सख्ती बरते जाने के आरोप भी लगते रहे है। सम्भल-मुरादाबाद मार्ग पर कुछ स्थानों पर स्थाई नहीं बल्कि अस्थाई अतिक्रमण समस्या बनी है। दादा मखदूम साहब की ज्यारत के पास स्थित पुलिया के दोनों ओर एक व्यक्ति अस्थाई अतिक्रम है। जिसके करीब अनेको बार लोड वाले भारी वाहनपलट चुके हैं। गत दिन भी सीमेन्ट से भरा ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गया था। लोगों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने वी टीम को यातायात में समस्या कहां है। इस पर गम्भीरता से ध्यान देकर नियमित रूप से कार्रवाई करनी चाहिए। जिससे लोगों के दिलों की धडकनें रोज़- रोज न बढ़ें। एक बार कार्यवाही से संतुष्ट हो जाए।

# बदमाशों ने किया अपहरण, पुलिस ने मुठभेड़ में दो बदमाशों को दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मूढापांडे थाना क्षेत्र लखनऊ हाइवे पर सऊदी अरब से लौट रहे लोगो का बदमाशो ने अपहरण कर लिया, 6 लोग दिल्ली एयरपोर्ट से कार से अपने घर जनपद रामपुर लौट रहे थे। अपहरणकर्ताओं ने अपने आप को जांच एजेंसी का अधिकारी बताया और सभी लोगों को दिल्ली लखनऊ नेशनल हाइवे से अपहरण कर एक फार्म हॉउस पर ले गए।अपहरणकर्ताओं को शक था कि सऊदी से लौट रहे यह लोग पेट में सोने की गोलिया छिपा कर लाये है। अपहरणकर्ताओं के चुंगल से एक व्यक्ति भागने में कामयाब हो गया उसने गांव में जाकर शोर मचाया, गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को धर दबोचा, बाकी बदमाश मौके से फरार हो गए, पुलिस ने अपहरणकर्ताओं की दो गाड़ियों को अपने कब्जे में ले लिया है। बीते शुक्रवार को रामपुर जनपद के टांडा के रहने वाले मोहम्मद नावेद, शाने आलम, मूतल्ल्वी, जाहिद और जुल्फेकार सऊदी गए थे वह वापस दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरे. वहां से रामपुर की टेक्सी में सवार होकर अपने घर के लिए चल दिए। मुरादाबाद लखनऊ हाइवे पर पुराने टोल प्लाजा पर दो कार सवार लोगों ने उनकी गाड़ी को रुकवा लिया, अपने आपको जांच एजेंसी वाला बताकर उनके सामान की चेकिंग करने लगे, कार सवार सभी 6 लोगों को हथियार के बल पर अपहरण कर रोंडा रोड पर एक फार्म हॉउस पर ले गए। अपहरणकर्ताओं को शक था की सऊदी से यह लोग अपने पेट में सोने की गोलिया छिपा कर लाये है। फार्म हॉउस पर पहले से ही खाने और कुछ दवाई की व्यवस्था कर रखी थी। पेट से सोना नहीं निकलने पर बदमाश इनके पेट चीर कर सोना निकालने की बात करने लगे, तभी इनके चुंगल से एक व्यक्ति भाग निकला और बाहर आकर शोर मचा दिया। गांव वाले मौके पर एकत्र हो गए और घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब इनकी घेरा बंदी की तो बदमाश भाग निकले, बदमाशों का पीछा कर रही पुलिस ने एनकाउंटर में 2 बदमशो को धर दबोचा, बाकी के 4 बदमाश भागने में कामयाब हो गए। पकडे गए बदमशो में एक उत्तराखंड के काशीपुर और दूसरा मुरादाबाद के रामपुर दौराहे का रहने वाला है।मुठभेड़ में घायल हुए बदमशो को पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।एसपी सिटी रणविजय सिंह ने बताया की रामपुर जनपद के टांडा क्षेत्र के रहने वाले लोगों का पहले भी सऊदी से सोने की तस्करी के मामले सामने आये है, अपहरणकर्ताओं को शक था की यह लोग भी सऊदी से सोने की तस्करी कर के सोना लेकर आ रहे है। अपहरणकर्ता दिल्ली एयरपोर्ट से ही एक बुलेरो और एक कार से इनका पीछा कर रहे थे, मुरादाबाद लखनऊ पुराने टोल प्लाजा पर आकर इनकी कार को रुकवाया और अपने आपको जांच एजेंसी का अधिकारी व कर्मचारी बताकर इनकी कार को रुकवाया।अपहरणकर्ताओं ने सभी के मोबाईल अपने कब्जे में लेकर स्विच ऑफ कर दिए, अपहरण हुए सभी लोग कोई एक दो डेढ़ व चार साल बाद घर लौट रहे थे।रामपुर का एक व्यक्ति एक परिवार को दिल्ली एयरपोर्ट छोड़ने गया था,दिल्ली एयरपोर्ट से रामपुर आने वाले सऊदी से लौटे 5 लोगों को अपनी कार में बैठाकर रामपुर के लिए रवाना हुआ था, इन 5 लोगों में एक दूसरे से किसी का भी आपस में परिचय नहीं था।

फार्म हॉउस पर ले जाने के बाद एक व्यक्ति इनके चुंगल से भाग निकला बाहर निकलकर शोर मचाया तब गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची. पुलिस ने एनकाउंटर में दो बदमाशों को धर दबोचा इनके पैर पर गोली लगी है, घायल बदमशो को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है,फरार बदमशो की तालश की जा रही है।



# लोक माता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती पर प्रदर्शनी का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वाधान में लो. कमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती पर उनके द्वारा किए गये देश एवं सर्वसमाज के लिये किये गये सामाजिक कार्यों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर विधायक रितेश गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर विनोद अग्रवाल शामिल रहे।लोक माता अहिल्याबाई होलकर चित्रों की प्रदर्शनी का नगर विधायक रितेश गुप्ता एवं महापौर विनोद अग्रवाल ने फीता काट कर शुभारंभ किया।

नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई को भारतीय संस्कृति से आगाध प्रेम था उन्होंने समाज की बुराइयों को दूर करने का कार्य किया पूर्णश्लोका राजमाता अहिल्याबाई का दृष्टिकोण अखिल भारतीय था उन्होंने तीर्थ स्थान के मार्ग मंदिर अन्य क्षेत्र पेयजल व्यवस्था धर्मशालाएं इत्यादि का पुन: निर्माण कराया था बद्रीनाथ से रामेश्वरम और द्वारिका से काशी तक उन्होंने अनेक घाट धर्मशालाएं मंदिरों इत्यादि का निर्माण कराया उसी को लेकर आज लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती सप्ताह के अवसर पर प्रदर्शनी के माध्यम से देश में उनके द्वारा किए गए कार्यों का चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित जा रहा है।

आज हम सभी को उनके द्वारा सर्वसमाज के लिए किये गये कार्यों एवं विचारों को अपने जीवन में ग्रहण करना चाहिए 31 मई तक पूरे देश में यह आयोजन किए जा रहे है। महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर सनातन परंपराओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे उसी परिवेश में आज प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है एवं उनके द्वारा किए सामाजिक कार्यों को प्रदर्शनी के द्वारा प्रदर्शित किया गया।प्रदर्शनी कार्यक्रम में नगर विधायक रितेश गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला,गो सेवा आयोग सदस्य दीपक गोयल, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता आदि शामिल रहे।




## कार्यालय ग्राम पंचायत बिलारी देहात वि0 खं0 बिलारी जिला-मुरादाबाद

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025-26 दिनांक: 24.05.2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन-सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिलारी देहात वि. ख. बिलारी जिला मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ प्लस, एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/ गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 25.05.2025 से 02.06.2025 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 02 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिन 03.06.2025 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2.00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी को स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी.डब्लू.डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री को गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति मे भुगतान की धनराशि मे नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**नोट:** निविदा प्रपत्र का विक्रय मूल्य 400 रु. है।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | - |
| 2 | बालू रेत, लोकल रेत | घन मी0 | |
| 3 | बजरफुट | घन मी0 | |
| 4 | 20 एम.एम. बजरी | घन मी0 | |
| 5 | 40 एम.एम. ब्रिक ब्लास्ट | घन मी0 | |
| 6 | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150, | प्रति हजार | |
| 7 | ईंट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएमए सफेद | प्रति नग (एक) | |
| 9 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएमए रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 10 | दीवार टाईल्स, | प्रति वर्ग मी0 | |
| 11 | फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी0 | |
| 12 | सरिया/माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | |
| 14 | मिट्टी दूरी सहित/कॉर्टेज मिट्टी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | ऑफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर प्रिंटर, इंवेटर बैट्री, सीसी टीवी, कैमरा, अल्मारी, दरी, पंखा, डेस्कटॉप, सोलर पेनल आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग<br>प्रति घन मी0 | |
| 16 | लकड़ी के दरवाजे/कार्मिशियल/टेम्वर/प्लाई | | |
| 17 | वॉल पेंटिंग | प्रति वर्ग मी0 | |
| 18 | सोलर लाईट नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | |
| 19 | सेनेट्री सामग्री/सफाई किट | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 21 | लोहे के फैंसिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22 | आयरन एंगिल टीनशैड | प्रति किग्रा. | |
| 23 | फॉगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 24 | आर.सी.सी. बैंच | प्रति नग | |
| 25 | डस्टबिन, प्लास्टिक बैंक | प्रति नग | |
| 26 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइट 45 वाट/सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 27 | कीटनाशक/बिल्चिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड। | प्रति किग्रा./ली. | |
| 28 | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट। | प्रति नग | |
| 29 | पेंट/डिस्टेम्पर/प्राईमर लाकड़ी/लोहा। | प्रति ली. | |
| 30 | प्राईमर लोहा लकड़ी। | प्रति ली. | |
| 31 | शौचालय शीट/यूरिन शीट | प्रति नग | |
| 32 | हैंडपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 33 | समरसेबिल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 34 | प्लाईबोर्ड 17 एमएम, 19 एमएम, 25 एमएम 25 एमएम/ माईका। | प्रति फिट | |
| 35 | बाल पुट्टी। | प्रति बैग | |
| 36 | पी.बी.सी. पाईप/आरसीसी पाईप | प्रति मी. | |
| 37 | वाटर स्टोरेज टैंक। | प्रति नग 1000 ली. | |
| 38 | स्टील गाटर डिस्पेसर/आरओ शुद्व पानी हेतु | प्रति नग | |
| 39 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण। | प्रति नग/प्रति फिट | |
| 40 | लोहे का गेट व खिड़की | प्रति कुन्तल | |
| 41 | इलैक्ट्रीशियन कार्य। | प्रति नग | |
| 42 | प्लीविंग कार्य | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 43 | एम.आर.एफ. सेन्टर | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 44 | इंसीनरेटर | प्रति नग | |
| 45 | ओपन जिम उपकरण क्रय | प्रति नग | |
| 46 | ई-रिक्शा/ठेली | प्रति नग | |
| 47 | लाइब्रेरी स्थापना व पुस्तकें खरीद | प्रति नग | |
| 48 | जेसीबी कार्य | प्रति घंटा | |
| 49 | सफाई कार्य। | | |
| 50 | प्रशासनिक कार्य। | | |

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बिलारी देहात**
**वि०खं० बिलारी जिला-मुरादाबाद**

**ग्राम सचिव**
**ग्राम पंचायत बिलारी देहात**
**वि०खं० बिलारी जिला-मुरादाबाद**



## कार्यालय ग्राम पंचायत वगिया सागर विकास खण्ड-छजलैट ( मुरादाबाद )।

पत्रांक 06 /ग्राम निधि-मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2025-26 दिनांक: 23.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत वगिया सागर विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त-मनरेगा/पन्द्रहवां वित्त/केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति दिनांक 30.05.2025 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 30.05.2025 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की माप | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पप्पू के घर से तमन्ना के घर तक मिट्टी /सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | 100 मी0 | 229203/- | 2% | 200/- | 1 माह |

**शर्तें-**
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत वगिया सागर**
**विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी/ कार्यक्रम अधिकारी विकास खण्ड-डिलारी ( मुरादाबाद )।

दिनांक: 24.05.2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड डिलारी के शासकीय कार्यों के अनुश्रवण/निरीक्षण एवं जिला स्तरीय बैठको में समय से प्रतिभाग करने हेतु एक वाहन (बोलेरो) किराये पर लिये जाने हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंन्त्रित की जाती हैं निविदा दिनांक 22-05-2025 से 31-05-2025 तक पूर्वान्ह 12:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। अति अल्पकालीन निविदा दिनांक 31-05-2025 को अपरान्ह 02:00 बजे समिति एवं निविदाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के सम्मुख खोला जायेगा।

**अति अल्पकालीन निविदा की नियम व शर्ते निम्न प्रकार है:-**
1. वाहन का चालक वाहन स्वामी का होगा।
2. वाहन 24 घण्टे विकास खण्ड मुख्यालय पर रहेगा।
3. वाहन पूर्णत: विकास खण्ड कार्यालय/कार्यालयाध्यक्ष के नियन्त्रण में रहेगा।
4. वाहन का भुगतान बजट की उपलब्धता के आधार पर होगा।
5. वाहन का टैक्सी परमिट आवश्यक है।
6. जी०एस०टी० नं० का होना आवश्यक है।
7. निविदा का पूर्ण अथवा आंशिक रूप से बिना कारण उल्लेख किये निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।

**( त्रिलोक चन्द )**
**खण्ड विकास अधिकारी/कार्यक्रम अधिकारी**
**डिलारी ( मुरादाबाद )**



## कार्यालय ग्राम पंचायत सुमालखेड़ा विकास खण्ड-डिलारी (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो/ग्राम निधि/मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा 2025-26 दिनांक: 24.05.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड डिलारी की ग्राम पंचायत सुमालखेड़ा में मनरेगा/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त आयोग योजना अर्न्तगत शखावत के घर से राबिया वाली मस्जिद तक पक्का नाला निर्माण कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 03.06.2025 की दोपहर 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है एवं उसकी दिन दोपहर 3.30 बजे समिति के सामने खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्राक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/बैंक ड्राफ्ट/एफडीआर के रूप में जमा करनी होगी, जो ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अवकाश की दशा में उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत की 2 प्रतिशत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शखावत के घर से राबियां वाली मस्जिद तक पक्का नाला निर्माण कार्य। | ईंट, सीमेंट, बजरी, बजरफुट, बारीक रेत, लोहा, रोहड़ा आदि। | 177075/- | 3541/- | 300 | 2 माह |

**मुख्य शर्तें:-**
1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. कार्यों का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा। 3. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा। सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होंगी।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत सुमाल खेड़ा**
**विकास खण्ड डिलारी, मुरादाबाद**


# चोरी के सामान सहित गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना बनियाठेर पुलिस मु0अ0सं0 158/2025 धारा 303(2), 331(4), 317(2), 111(2) ख बीएनएस में वांछित अभियुक्त रजी उर्फ रजिया पुत्र बाबू नि0 ग्राम जनैटा थाना बनियाठेर जनपद संभल को मुखबिर की सूचना पर संभल चन्दौसी रोड अंडरपास से गिरफ्तार किया गयास। अभियुक्त के पास से चोरी किये दो पाजेब, एक सोने का हार, एक अंगूठी सफेद धातु व एक मोबाइल ओप्पो तथा 14 हजार रु. नकद बरामद किये गये। बता दें कि 15 मई 2025 आमिल रजा पुत्र नसर्द्दीन नि. ग्राम जनैटा द्वारा थाना बनियाठेर पर अज्ञात चोर द्वारा उसके घर में रात्रि के समय कुंबल लगाकर सामान चोरी करने के संबंध में अभियोग पंजीकृत कराया गया। अभियुक्त को उ0नि0 संजय कुमार, हे0का0 अरुण कुमार व कां0 दीपक भाटी द्वारा गिरफ्तार किया गया।

# गुमथल रोड पर कार ट्रांसफार्मर से टकराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गुमथल रोड पर कार अनियंत्रित होकर गहरे गड्ढे जा घुसी। हालांकि स्विफ्ट डिजाइर का अगला भाग काफी क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि ट्रांसफार्मर का विद्युत पोल नहीं टूटा, अन्यथा बड़ी घटना घटित हो सकती थी। घटनाक्रम के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि होटल चन्दौसी होम के सामने एक ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, कार संख्या यूपी 14सीके 5176 सामने से अनियंत्रित होकर पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि नीचे लगे एंगल भी टूट गये। कार का अगला भाग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया एवं कार नाले में जा घुसी। गनीमत यह रही कि ट्रांसफार्मर में केवल चिंगारी छूटी अन्यथा कार में बैठे चालक के साथ अप्रिय घटना घटित हो सकती थी। आसपास के लोगों ने बिजली विभाग को भी सूचना दी कि स्विफ्ट डिजाइर गाड़ी पर अधिवक्ता का स्टिकर लगा हुआ था।




## खोया-पाया सूचना

मेरा मूल बयनामा जिसका बही संख्या-1, जिल्द संख्या 14553, के पृष्ठ 361 से 374 तक क्रमांक 9550 पर दिनांक 27-7-2023 को उप निबंधक प्रथम कार्यालय में पंजीकृत है, गाटा संख्या 758, तथा रकबई 70.26 वर्ग मीटर वाके ग्राम मोहल्ला अंबेडकर नगर (राजस्व ग्राम लाकड़ी फाजलपुर) जिला मुरादाबाद, जो श्रीमती रामो पत्नी श्री रतन सिंह निवासी ग्राम तलवार, चौधरपुर रोड शाहबाजपुर कलां जिला संभल से क्रय किया था, वास्तव में खो गया है जिसका प्रयोग अवैध होगा। **फतेह सिंह पुत्र श्री रतन सिंह** निवासी: फाजलपुर तहसील व जिला मुरादाबाद



## संबंध विच्छेद सूचना

हमने अपने सगे भाई सरताज आलम पुत्र शहजादे निवासी सिंहमन हजारी निकट राठौर गैस एजेंसी बरवालान, मुरादाबाद को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में सरताज आलम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **शब्बीर आलम व परवेज आलम पुत्रगण शहजादे आलम निवासी गण लाल स्कूल मुगलपुरा दोयम तहसील व जिला मुरादाबाद।**



## बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र दीपक कश्यप व पुत्रवधू श्रीमति संतोष को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **सुरेश चंद्र कश्यप पुत्र श्री मिश्री लाल निवासी हनुमान नगर लाइनपार, मुरादाबाद।**


## एक नजर

### बिना पंजीकरण के चल रही अवैध रिक्शाओं की धर पकड़ में आज पुलिस ने डेढ़ दर्जन से ज्यादा को किया सीज

**कांठ।** जुगाडू वाहनों के खिलाफ चल रहे अभियान के अंतर्गत आज पुलिस ने डेढ़ दर्जन से ज्यादा बिना पंजीकरण वाली ई रिक्शाओं को पड़कर थाने में खड़ा कर दिया। जिससे रिक्शा चालकों में हड़कंप मचा रहा इसकी जानकारी मिलते ही काफी रिक्शा चालक अपनी रिक्शा लेकर नगर से बाहर हो गए। फिर भी पुलिस की पकड़ में डेढ़ दर्जन से ज्यादा रिक्शा आ गई। उप निरीक्षक कमलदीप सिंह के मुताबिक शासन ने



सड़कों से बिना पंजीकरण वाली ई रिक्शा एवं जुगाडू वाहनों को हटाने के निर्देश दिए हैं इन वाहनों को पड़कर पुलिस थाने में खड़ा कर देती है और वहां से उन्हें उनके कलपुर्जे अलग-अलग करके वाहन स्वामी को ही सौंप दिया जाता है। इससे पहले भी पुलिस कई दर्जन ऐसे जुगाडू वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है मगर इसके बावजूद भी आज पुलिस सड़क पर उतरी तो डेढ दर्जन से ज्यादा ही रिक्शा पुलिस के चंगुल में फंस गई जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### थाना समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी लोगों की शिकायतें

**कांठ।** थाना समाधान दिवस का आयोजन आज सर्कल के थाना छजलेट और कांठ में किया गया जिसमें अधिकारियों ने लोगों की शिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए थाने में पहुंचे एसडीम संत दास पवार और सीओ अपेक्षा निंबड़ियां ने कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाले लोगों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। और यदि यह



संभव ना हो तो एक-दो दिन के भीतर ही उन शिकायतों को निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही होने पर कार्रवाई की जा सकती है। इस दौरान लेखपाल कानूनगो एवं हल्को के उपनिरीक्षक मौजूद रहे।

### सोमवार को मतदाता सूची प्राप्त होने के बाद ही हो सकेगी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा: शहजाद रफी

**कांठ।** तहसील बार एसोसिएशन की एल्डर कमेटी के महासचिव शहजाद रफी ने बताया कि एल्डर कमेटी की बैठक का आयोजन आज तहसील बार सभागार में किया गया जिसमें मतदाता सूची उपलब्ध कराने की मांग की गई सूची उपलब्ध कराने वालों ने सोमवार को सूची दिए जाने



का भरोसा दिलाया उन्होंने कहा की सूची मिलने के बाद ही चुनावी कार्यक्रम तैयार करके इसकी घोषणा की जाएगी। बतादे की दो दिन पहले तहसील बार के अध्यक्ष मोहम्मद अयूब ने कार्यकारिणी को भंग करते हुए तीन सदस्य कमेटी का गठन किया था जिसमें एल्डर कमेटी के अध्यक्ष महावीर सिंह महासचिव शहजाद रफी और कोषाध्यक्ष संजीव बिश्नोई को घोषित कर दिया गया। आज एल्डर कमेटी ने अधिवक्ताओं संग वार्ता कर सूची उपलब्ध कराने को कहा उन्होंने बताया की सूची मिलते ही चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिए जाएंगे इस मौके पर सीपी सिंह चरण सिंह ढाका प्रमोद शर्मा आदि कई वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे।

### शांति भंग कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर पुलिस ने किया चालान

**कांठ।** नागेन्द्र कुमार उर्फ बिट्टू पुत्र राजबीर सिह और तिलकराज सिंह पुत्र दलबीर सिंह निवासी ग्राम सदारनपुर हिरनपुरा थाना स्योहारा जनपद बिजनौर कस्बे में झगड़ा कर रहे थे। जिससे शांति भंग की आशंका बन गई।पुलिस ने दोनों का चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया है।



### अपशिष्ट प्रबंधन न होने पर अस्पतालों को जारी होंगे नोटिस, एसडीएम के नेतृत्व में टीम करेंगी निरीक्षण

**कांठ।** जनपद में संचालित सरकारी एवं निजी अस्पतालों में जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था न होने पर शिकंजा कसेगा। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों, नगर पालिका व नगर पंचायतों में एसडीएम के नेतृत्व में स्वास्थ्य व प्रदूषण नियंत्रण विभाग की टीमें औचक निरीक्षण करेंगीं। अस्पतालों में कमियां मिलने पर संचालकों को नोटिस जारी किए जाएंगे। जुर्माना भी लगाया जाएगा। कलक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में डीएम अनुज सिंह ने स्वास्थ्य और प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यापक स्तर पर अभियान चलाकर जिले के सभी 506 अस्पतालों में जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के निर्धारित मानकों को सख्ती से लागू कराएं। एडीएम प्रशासन से कहा कि ऐसे व्यवसायिक प्रतिष्ठान जहां विभिन्न प्रकार के कचरे को अलग-अलग नहीं रखा जाता है, उन प्रतिष्ठानों से कूड़ा कलेक्शन न किया जाए।

### महिलाओं और युवतियों के लिए सिलाई कौशल प्रशिक्षण: आत्मनिर्भरता की दिशा में एक कदम

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पॉवर एंड वूमेन प्राइड द्वारा महिलाओं और युवतयों के लिए सीता रोड स्थित गीतासत्संग भवन में 21 मई से 21 जून तक "नि:शुल्क एक माह सिलाई प्रशिक्षण शिविर" के चौथे दिन प्रशिक्षिका प्रवेश वार्ष्णेय ने बच्चों को धागा डालना, अखबार पर कटिंग करना, बटन लगाना, काज बनाना व सिलाई मशीन का उपयोग करना आदि सिखाया। इस दौरान ग्रुप अध्यक्ष शुभा कागजी एवं अलका मंगल, शुभ्रा, स्वाति, प्रीति, शिवानी, वंदना, काव्य, मानसी, पूजा, प्रियांसी, सारिका, शिप्रा आदि का सहयोग रहा।

# नवविवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत

## परिजनों ने ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव पीपलसाना में तेईस वर्षीय युवती की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। युवती ने



चार महीने पूर्व ही प्रेमी से कोर्ट मैरिज की थी। युवती के परिजन ससुरालियों पर दहेज की मांग को लेकर फांसी देकर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी को भेज दिया। गांव पीपलसाना निवासी शाहिद के बेटे जुनैद ने कोतवाली गंज के मोहल्ला



सराय गुलजारी मल निवासी सलीम की बेटी अमरीन जहां (23) से फरवरी माह में कोर्ट मैरिज की थी। युवक ईद के बाद बैंगलोर में कारखाने में वैल्डिंग का काम करने चला गया। नवविवाहिता ससुर नाबालिग ननद देवरों के साथ ससुराल में रहती थी। मृतका के पिता सलीम और माता कौसर जहां ने बताया ससुराल वाले खाने पीने नहीं दे रहे थे। बेटी बार बार ससुरालियों पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने की शिकायत करती थी। शनिवार को सवा दो बजे बेटी ने फोन करके ससुरालियों पर हत्या की साजिश करने का आरोप लगाया था। शाम को दरिंदों ने बेटी को फांसी पर लटकाकर जान ले ली। सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने शव की वीडियोग्राफी की तो मृतका के शरीर और गले पर फांसी देने के गहरे जख्म मिले। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर फांसी लगाने में प्रयुक्त दुपट्टा बरामद कर कब्जे में ले लिया। पुलिस शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के लिए जिला मुख्यालय स्थित मोर्चरी को भेज दिया।

# आखिर प्रेमी युगल की जिद के आगे झुके परिजन, ग्रामीणों ने कराया निकाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** शनिवार को थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेमी के साथ निकाह करने की जिद पर अड़ी युवती को पिता और भाईयों ने लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। फिर भी युवती प्रेमी के साथ निकाह करने की जिद पर अड़ी रही। आखिरकार परिजनों ने हार मान ली और युवती को उसके हाल पर छोड़ दिया। देर रात को युवक के परि. जनों और ग्रामीणों ने प्रेमी युगल का निकाह करा दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अगल बगल में रहने बाले प्रेमी जोड़े को बाल्यावस्था में प्रेम प्रसंग हो गया। दोनों साथ जीने मरने की कसमें खाते थे। युवती के परिजनों को यह रिश्ता मंजूर नहीं थे। शनिवार को युवती के परिजन उसका रिश्ता दूसरे गांव में करने जा रहे थे। युवती ने प्रेमी को छोड़कर दूसरे के साथ विवाह करने से साफ इंकार कर दिया। पहले तो परिजन युवती को मनाने की मिन्नतें करते रहे पर युवती अपनी जिद पर अडिग रही। रिश्तेदारों ने भी युवती को मनाने का प्रयास किया पर सफल नहीं हुए। आखघ्रि में पिता और भाईयों ने युवती को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया फिरभी युवती अपने प्रेमी के साथ विवाह करने पर अड़ी रही। हारकर परिजनों ने युवती को घर से बाहर निकाल कर उसके हाल पर छोड़ दिया। युवती को सड़क पर घायलावस्था में पड़ा देखकर ग्रामीणों ने महिला हेल्पलाइन को फोन किया।

इस पर पुलिस गांव में पहुंचकर युवती और उसके प्रेमी को थाने ले गई। भारी संख्या में ग्रामीण भी थाने पहुंचे। पुलिस ने घायल युवती का डाक्टरी मुआयना कराकर युवती को प्रेमी और ग्रामीणों के साथ गांव भेज दिया। देर रात को ग्रामीणों ने प्रेमी युगल का निकाह करा दिया।

## एक नजर

### थाना समाधान दिवस में नहीं आई शिकायत

**चन्दौसी।** शनिवार को कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें सीओ अनुज चौधरी द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। यहां बताते चलें कि तहसील समाधान दिवस में शिकायतकर्ताओं की संख्या अच्छी रहती है परंतु थाना समाधान दिवस में यह संख्या कम रहती



है। शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में कोई शिकायतकर्ता नहीं पहुंची। इंस्पेक्टर मोहित बालियान के अनुसार शिकायतकर्ताओं की संख्या नगण्य रही। इस दौरान सीओ अनुज चौधरी, लेखपाल अतुल पाठक, वरुण सक्सैना, सुगंधा गुप्ता, अनुराधा शर्मा आदि मौजदू रहे।

### समाधान दिवस में आई पांच शिकायतें किसी का निस्तारण नहीं

**भोजपुर।** शनिवार को थाने में लगे संपूर्ण समाधान दिवस में पांच फरियादियों जितेन्द्र बहादुर ने जमीन को कब्जा मुक्त कराने, शाहपुर निवासी सुभाष सिंह ने चकरोड में पेड़ लगाकर रास्ता बंद करने,पीपलसाना निवासी मौहम्मद जमाल ने जमीन पर कब्जा करने, रूस्तमपुर तीगरी निवासी शाहिद ने चकरोड पर कब्जा कर गन्ने की खेती करने एवं जमींदारान निवासी बिलाल उद्दीन ने मेढ़ पर पेड़ लगाने की शिकायत की। थाना दिवसाधिकारी ने संबंधित लेखपालों और बीट प्रभारियों को शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**बिलारी।** शनिवार की सवेरे समय करीब 3:30 बजे रुस्तम नगर सहसपुर चौकी क्षेत्र मुरादाबाद चंदौसी रोड पर कृषि विज्ञान भवन के पास राजवीर सिंह पुत्र महिपाल सिंह निवासी ग्राम लहरावन थाना बहजोई जिला संभल की जो बाइक से अपने ग्राम लहरावन जा रहा था।

तभी अज्ञात वाहन द्वारा सड़क दुर्घटना मे गंभीर अवस्था में सीएचसी बिलारी लाया गया, जहां पर डॉक्टर द्वारा राजवीर को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के परिजन को सूचना दी गई व पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेजने की तैयारी की जा रही है।

### महिलाा सुरक्षा टीम ने यातायात निमयों जागरूक करने के लिए वितरित की पंपलेट

ठाकुरद्वारा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शनिवार को नगर और ग्रामीण क्षेत्र में दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में कोतवाली में तैनात महिला उपनिरीक्षक अंजलि के नेतृत्व में महिला सुरक्षा टीम द्वारा वाहन चालकों



तथा स्थानीय लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक कर,पेम्फलेट वितरित किये गये तथा सड़क सुरक्षा प्रचार-प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गयी। पंपलेट वितरण करने में गौरव कुमार, रवि सैनी आदि शामिल रहे।

### कालरा बीमारी की रोकथाम के लिए रैली निकालकर किया जागरूक

**सुरजननगर।** गांधी स्मारक महाविद्यालय सुरजननगर जयनगर में कालरा प्रतिरोधी अभियान चला कर कालरा बीमारी की रोकथाम के प्रति लोगों को जागरूक किया।

शुक्रवार को सुदामा चौहान एवं डॉ रवि जयसपाल सिंह के नेतृत्व में रैली निकाली गई। रैली के दौरान छात्र-छात्रा बैनर पोस्टर के साथ जयनगर में पहुंचकर स्वच्छ पानी पीने व शुद्ध ताजे फल, ताजी सब्जियां इस्तेमाल करने के प्रति जागरूक किया। साथ ही घरों के आस-पास गंदा पानी एकत्र न होने दे मच्छर से बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग करने व घरों की साफ सफाई करने की जानकारी देकर ग्राामीणों कोजागरूक किया। डॉ बृजेश सिंह, डॉ धनंजय ,सिंह, डॉ अरुण यादव, डॉ अरविंद कुमार, निशा, यति ,अंकित अमन विशाल आदि मौजूद रहे।

### शांति भंग के आरोप में एक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** मारपीट पर उतारू एक व्यक्ति को पुलिस ने शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक तेजपाल सिंह ने बताया कि शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव सरकड़ा करीम निवासी चेतराम सिंह पुत्र झबरा को राहगीरों से रास्ता में गाली गलौच करने के आरोप में गिरफ्तार कर किया है।

आरोपी का शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया है। जहां उसे जमानत पर छोड़ दिया गया है।

### अटल गंगा घाट पर साज सज्जा एवं गंगा आरती का आयोजन

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वाधान में महानगर के कटघर मंडल में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती सप्ताह पर अटल गंगा घाट पर साज सज्जा एवं गंगा आरती का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर विधायक रितेश गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा शामिल रहे।लोक माता अहिल्याबाई होलकर की जयंती सप्ताह पर नगर विधायक ने कहा कि लोक माता अहिल्याबाई होलकर एक कुशल शासक थी उन्होंने मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र को एक नई दिशा दी उनकी न्याय प्रियता प्रशासनि. कता क्षमता और धार्मिक प्रवृति ने उन्हें एक महान एवं आदर्श शासक बनाया उन्होंने द्वारिका से लेकर पूर्व पुरी तक आक्रमणकारियों द्वारा क्षतिग्रस्त मंदिरों घाटों का पुन: निर्माण कराया आज उनकी विचारों को ग्रहण करते हुये हम उनकी जयंती पर अटल गंगा घाट पर साज सज्जा एवं गंगा आरती कर उनको नमन कर रहे है।गंगा घाट साज सज्जा एवं गंगा आरती कार्यक्रम में नगर विधायक रितेश गुप्ता क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा गो सेवा प्रदेश सदस्य दीपक गोयल पूर्व सांसद वीर सिंह अतुल शास्त्री महेंद्र सिंह बब्बू गौरव श्रीवास्तव मुकेश भारद्वाज मंडल अध्यक्ष राजीव शर्मा सूर्य मोहन शमशेरी गजेंद लोदी महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता महानगर महामंत्री नत्थूराम कश्यप कमल गुलाटी पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्रनाथ मिश्रा कार्यक्रम संयोजक विशाल त्यागी,सह संयोजक नवदीप टंडन,सह संयोजक राहुल शर्मा, अजय वर्मा हेमराज सैनीचंद्र प्रजापति आदि छेत्र वाशी एवं मंडल के पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी पार्षदगण शामिल रहें।

# पंचायत भवन परिसर में किया टोटका, जांच में जुटी पुलिस

**ठाकुरद्वारा।** ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामनगर खागूवाला के पंचायत भवन कार्यालय पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा टोटका कर गांव



में दहशत फैला दी। सूचना पर डायल पुसिल ने जांच की।

बतादें कि प्रदेश सरकार ने ग्रामीणों की समस्याओं के निस्तारण के लिए हर ग्राम पंचायत में पंचायत भवन कार्यालय का निर्माण कराया , ताकि गांव के छोटे छोटे विवाद का पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान द्वारा समाधान कर दिया जाए। प्रति दिन ग्राम प्रधान सहित , पंचायत सहायक व अन्य कर्मचारी पंचायत भवन में बैठते है। प्रति दिन की भांति ग्राम प्रधान पति साजिद मंस. री सुबह 10.00 बजे पंचायत भवन पहुंचे तो मैने गेट पर लाल कपड़ा बंधा, पंचायत भवन के मैदान में चूड़िया, लड्डे , व लाल कपड़े बंधा सामान सहित अन्य टोटके सामान पड़ा था। इसकी सूचना ग्राम प्रधान पति ने डायल 112 पुलिस को दी। सूचना पर डायल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। ग्राम प्रधान पति का कहना कि रंजिशन लोगों ने यह घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने इस मामलें में जांच में जुटी है। पंचायत भवन परिसर में टोटका पाए जाने पर ग्रामीणों में दहशत है।

# भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक ने एसडीएम कार्यालय पर दिया अनिश्चितकालीन धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** चीनी मिल से बकाया गन्ना मूल्य नहीं मिलने किसानों के खतौनी में नाम गलत दर्ज होने और बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के किसानो ने एसडीएम कोर्ट के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। समाधान नहीं होने पर किसानों ने 4:00 बजे तहसील के सामने हाईवे पर जाम लगाने की चेतावनी दी थी उसके अनुसार उन्होंने ट्रैक्टर ट्रॉली लगाकर सांके. तिक जाम भी लगाया। इधर देर रात तक किसानों और प्रशासन के बीच वार्ता जारी रही। किसानों के जोर देने पर चीनी मिल के उपाध्यक्ष सुभाष खोखर और जिला गन्ना अधिकारी भी किसानों के बीच पहुंच गए। देर रात तक वार्ता जारी रही। शनिवार की अपराह्न एसडीएम कोर्ट के सामने भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान और पदाधिकारी पहुंचे । जहां उन्होंने बकाया गन्ना मूल्य भुगतान की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत किसान और पदाधिकारीयों ने एसडीएम कोर्ट के बाहर दरी बिछाकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। धरने पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कहा कि पूरे प्रदेश में एक बिलारी में ही लक्ष्मी शुगर मिल है जो किसानों का गन्ने का भुगतान समय पर नहीं करता है, हर साल किसानों से गन्ना लेकर उसका गन्ने का भुगतान नहीं करता है। इस दौरान जिला अध्यक्ष सतीश चौधरी ने कहा कि आज आर पार की लड़ाई है किसान अपना हक मांग रहा है और अपना गन्ने का भुगतान लेकर ही जाएगा। कई घंटे लगातार वक्त बोलते रहे इसके बाद मिल के जीएम गिरीश कुमार पहुंचे, परंतु किसानों ने उनसे वार्ता करने से इनकार कर दिया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा ने कहा कि आज किसान अपना गन्ने का भुगतान लेकर ही रहेगा। किसान अपने हक और मेहनत की कमाई का पैसा मांग रहा है। एसडीएम विनय कुमार सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी किसानों के बीच



पहुंचे। शाम लगभग 6:30 बजे किसानों ने 15 मिनट के लिए हाईवे जाम कर दिया जिसके बाद एसडीएम ने किसानों को समझाकर हाईवे से हटाया। देर शाम तक किसान धरना स्थल पर बैठे रहे। जिला अध्यक्ष युवा अंकुर चौधरी ने कहा कि इस बार आर पार की लड़ाई होगी। किसान मजबूरी में धरने पर बैठा है , हमें हमारा हक चाहिए । जब तक संपूर्ण भुगतान नहीं होगा धरना जारी रहेगा। इस दौरान धरने की अध्यक्षता महिपाल सिंह और संचालन खिलेंद्र सिंह द्वारा किया गया धरना स्थल पर प्रदेश संगठन मंत्री जगबीर सिंह उदयपाल सिंह, जिला अध्यक्ष सतीश चौधरी, राजपाल सिंह,तहसील अध्यक्ष विक्की चौधरी, पंकज चौधरी , राजवीर यादव मनवीर सिंह नवजीत सिंह सूरत सिंह जाकी मोहम्मद राजपाल सिंह के अलावा बड़ी संख्या में किसान और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जूनियर टीम ने सीनियर टीम को 35 रन से हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** डिलारी क्षेत्र के गांव गुलड़िया माफी में टूर्नामेंट आयोजकों द्वारा गुलड़िया माफी की दोनों टीमो सीनियर टीम एवं जूनियर टीम के बीच शो मैच कराया गया. जूनियर टीम की अगुआई गुलड़िया माफी के आयोजक अध्यक्ष महफूज खान ने की. जिसमें सीनियर टीम एवं जूनियर टीम के नौशाद इमरान खान शाहिल खान गुलफाम, नयाब खान , मोहम्मद रिजवान मोहम्मद वसीम आदि खिलाड़ी शामिल हुए.शो मैच में टॉस सीनियर टीम ने पक्ष में रहा. जहां टॉस जीतकर सीनियर टीम ने पहले बोलिंग करने का फैसला लिया. जबकि बल्लेवाजी करते हुए जूनियर टीम के नौशाद खान ,शाहिल खान गुलफाम अली इमरान ने निर्धारित 10 ओभर में कुल 113 रन बनाये जबकि जवाब में खेलने उतरी सीनियर टीम कुछ खासा नहीं कर पाई सीनियर टीम के खिलाड़ी 10 ओवर में मात्र 78 रन ही बना पाये इस तरह जूनियर टीम ने यह मैच 35 रनो से जीत लिया जूनियर टीम के नौशाद खान ने 25 बॉल खेलकर 51 रन बनाये। गुलफाम अली 3 ओवर में 11 रन देकर 2 बिकेट हासिल कर मैन ऑफ द मैच हासिल किया। ग्राम प्रधान एव आयोजक अध्यक्ष महफूज खान ने मैन ऑफ द मैच विजेता गुलफाम अली को सील्ड देकर सम्मानित किया। मैच में अम्पायरिंग और कॉमेंट्री की भूमिका भी निभाई गयी . आयोजक महफूज खान ने बताया की शो मैच गुलड़िया माफी की ही दोनों टीमों के बीच कराया गया जिसमे गांव की जूनियर टीम एव सीनियर टीम के बीच बड़ा मुकाबला रहा। विजेता टीम को ग्राम प्रधान नजीर अली ने 10000 का नकद कैश सम्मानित किया गया। सभी दर्शकों ने विजेता टीम का फूल मालाओ से स्वागत किया और पुरे गांव में ट्रक्टर रैली निकाल कर जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर आयोजक अध्यक्ष महफूज खान, ग्राम प्रधान नजीर अली, नयाब खान मौजूद रहे।



# पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

**ठाकुरद्वारा।** नगर में शांति व्यवस्था अपराध नियंत्रण को लेकर



इंस्पेक्टर क्राइम के नेतृत्व में पुलिस ने नगर के मुख्य मार्गो से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च कर शांति बनाए रखने की अपील की हैं। शनिवार को इंस्पेक्टर क्राइम संजय कुमार शुक्ला के नेतृत्व में नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, कानून एवं तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत को लेकर नगर में कोतवाली चौराहा , बुधबाजार , पुरानी घास मंडी बाजार गंज कदीर तिराहा, चलचित्र रोड, कामालपूरी मार्ग अस्पताल रोड पर पैदल फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील। फ्लैग मार्च में उपनिरीक्षक किरंत पवार, विनीत कुमार, तेजपाल सिंह,गौरव कुमार , राजू कुमार , महिला उपनिरीक्षक अंजलि , उपनिरीक्षक अर्चना सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# वित्तीय प्रबन्धन में अनुशासनहीनता नहीं की जाएगी बर्दाशतः उप गन्ना आयुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद श्री हरपाल सिंह ने गन्ना आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार जनपद बिजनौर में सहकारी गन्ना विकास समिति, लि. स्योहारा का 44 विन्दुओं तथा गन्ना विकास परिषद् स्योहारा का 28 बिन्दुओं पर बार्षिक निरीक्षण किया। उन्होने सचिव गन्ना समिति स्योहारा तथा ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक स्योहारा को आयुक्त गन्ना एवं चीनी उ. प्र.द्वारा दिए गये निर्देशों के अनुपालन में क्रमशः दो एवं तीन बैंक खातों के 12 किमी की परिधि संचालन करने के दिशा निर्देश के बारे मे दो टूक कहा कि समितियों एवं परिषदों के वित्तीय प्रबन्धन कोई अनुशासन हीनता बर्दाशत नही की जायेगी। उन्होने यह भी कहा कि प्रदेश के गन्ना आयुक्त/निबंधक सहकारी गन्ना एवं चीनी मिल समितियां द्वारा गन्ना विकास परिषद में 02 और गन्ना समिति को 03 खाते 12 कि. मी. की परिधि में खोलने एवं सचालित करने की अनुमति दी गयी है यदि निरीक्षण के समय कोई अन्य बैंक खाता संचा. लित होता हुआ पाया जाता है तों इसे गम्भीरता से लिया जायेगा यदि जरूरत पडी तो सम्बन्धित के विरूद्व आवश्यक कार्यवाही भी की जायेगी। उन्होने सचिव गन्ना समिति स्योहारा तथा ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक स्योहारा से कहा कि बेहतर वित्तीय प्रबन्धन हेतु जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उल्लेखनीय है कि गन्ना आयुक्त/निबंधक श्री प्रमोद कुमार उपाध्याय ने प्रदेश के समस्त जिला गन्ना अधिकारियों और उप गन्ना आयुक्तों को समितियों/परिषदों का मुख्यालय स्तर से जारी निर्धारित बिन्दुओं पर निरीक्षण करते हुए, निरीक्षण आख्या प्रत्येक माह मुख्यालय को प्रेषित करने के निर्देश भी दिये हैं। जिसके अनुपालन में उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद ने आज निरीक्षण के समय, कैशबुक, लेजर, वाउचर फाइल, एफ डी आर, फॉर्म मशीनरी बैंक, बैंक समाधान पंजि. का,बैंक खातों एवं कार्यालय के अन्य अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देशों के साथ-साथ स्वछता एवं अभिलेखों को सुरक्षित व व्यवस्थित रखने के निर्देश दिये और कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता/वित्तीय अनियमितता प्रकाश में आती है, तो दोषी कार्मिक एवं अधिकारी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल मे लाई जायेगी। इस अवसर पर सचिव गन्ना समिति स्योहारा श्री प्रदीप कुमार शर्मा, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक स्योहारा श्री वीरेन्द्र नाथ, श्री दीपक भारद्वाज अपर संख्यिाकीय अधिकारी, श्री संजय सिंह प्रधान सहायक, कार्यालय उप गन्ना आयुक्त, मुरादाबाद, श्री विकास कुमार लेखाकार गन्ना विकास



परिषद स्योहारा एवं श्री चरन सिंह, लेखाकार गन्ना समिति स्योहारा, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम घोषित

# टीम की कमान शुभमन गिल को




### ऋषभ पंत बनाए गए उप कप्तान

**मुबंई, वार्ता।** इंग्लैंड में अगले माह शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृखंला के लिए बल्लेबाज शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत को उप कप्तान बनाया गया है। बीसीसीआई की चयन समिति ने इंग्लैंड दौरे के लिए शनिवार को टेस्ट टीम की घोषणा करते हुए कहा कि शुभमन गिल टीम की कप्तानी करेंगे और रिषभ पंत उप कप्तान होंगे।

**■ भारतीय टीम इंग्लैंड के साथ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी**

अटठारह सदस्यीय टीम के अन्य सदस्यों में यशस्वी जायसवाल, के एल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश कुमार रेड्डी, रविंद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाशदीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव को शामिल किया गया है।

अब तक टीम की कप्तानी कर रहे रोहित शर्मा ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा कर दी थी, जिसके बाद गिल को नया कप्तान बनाया गया है। बल्लेबाज विराट कोहली भी टेस्ट क्रिकेट से सन्यास की घोषणा कर चुके हैं। अरसे बाद भारतीय टीम इन अनुभवी खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में खुद को साबित करने विदेशी जमीन पर उतरेगी। इस दौरे में भारतीय टीम इंग्लैंड के साथ पांच टेस्ट मैच खेलेगी। पहला टेस्ट 20 जून को हेडिंग्ली में, दूसरा दो जुलाई को एजबेस्टन, तीसरा 10 जुलाई को लॉर्ड्स, चौथा 23 जुलाई को ओल्ड ट्रैफर्ड और पांचवां टेस्ट 31 जुलाई को द ओवल में खेला जायेगा। मोहम्मद शमी अनफिट होने के कारण टेस्ट टीम में जगह नहीं बना पाये हैं जबकि करुण नायर की टीम में वापसी हुई है।

जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आक. श दीप और अर्शदीप सिंह तेज गेंदबाजी को धार देंगे जबकि कुलदीप यादव और जडेजा अंग्रेजों को फिरकी में उलझाने की जिम्मेदारी उठायेंगे। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने भरोसा जताया कि गिल की अगुवाई में भारतीय टीम अपना शत प्रतिशत देने में सफल रहेगी।

# आज सीएसके से भिड़ेगी गुजरात

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स (जीटी) रविवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 67वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का सामना करेगी। हाल ही में मिली हार के बाद, गुजरात पर लीग चरण में शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए इस मैच को जीतने का दबाव है। गुजरात ने 13 मैचों में 17 अंकों के साथ पहले ही प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है।

हाल ही में लखनऊ सुपर जायंट्स से मिली हार ने शीर्ष दो में जगह बनाने की उनकी कोशिशों को झटका दिया है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से मिली हार की बदौलत, जीटी अभी भी बढ़त बनाए हुए है। इस सीजन में जीटी की सफलता काफी हद तक उनके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लगातार अच्छे प्रदर्शन की वजह से है। साई सुदर्शन और शुभमन गिल दोनों ने 600 से ज्यादा रन बनाए हैं, जिससे वे गुजरात की बैलटग लाइनअप की रीढ़ बन गए हैं। दोनों खिलाड़ियों ने नियमित रूप से महत्वपूर्ण पारियों में योगदान दिया है और इस मैच में 30 से ज्यादा रन बनाने के लिए उन्हें स्मार्ट दांव के रूप में देखा जा रहा है। जोस बटलर का फॉर्म भी महत्वपूर्ण रहा है, जिसने शीर्ष पर स्थिरता प्रदान की है। मध्य और निचले क्रम को शेरफेन रदरफोर्ड ने मज़बूत किया है, जिन्होंने 161 की शानदार स्ट्राइक रेट से 267 रन बनाए हैं। शाहरुख खान ने पिछले गेम में 27 गेंदों पर 59 रनों की तेज़ पारी खेलकर अपनी विस्फोटक क्षमता दिखाई थी। जिससे यह सुनिश्चित होता है कि गुजरात के पास स्कोरिंग में तेज़ी लाने के लिए कई विकल्प हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर, गुजरात ने संतुलित आक्रमण के साथ कड़ा नियंत्रण बनाए रखा है। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने कुल मिलाकर 36 विकेट लिए हैं, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर रविश्रीनिवासन साई किशोर ने नौ रन प्रति ओवर से कम की इकॉनमी रेट के साथ 16 विकेट लिए हैं। राशिद खान और कैगिसो रबाडा ने अपनी शानदार फॉर्म के बावजूद इस सीजन में मिली-जुली सफलता हासिल की है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल 2025 में कुछ हाई-स्कोरिंग मैच देखने को मिले हैं, जिसमें पहली पारी का औसत स्कोर 178 रन के आसपास रहा है। इस मैदान पर सबसे बड़ा लक्ष्य 2023 में गुजरात के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा 207-7 के स्कोर पर हासिल किया गया था। पिच तेज गेंदबाजों के लिए शुरुआत में अच्छी उछाल और गति प्रदान करती है, साथ ही खेल आगे बढ़ने पर स्पिनरों की भी मदद करती है। बल्लेबाजों को स्ट्रोक खेलने के लिए अनुकूल ठोस सतह की उम्मीद हो सकती है, लेकिन पारी के उत्तरार्ध में स्कोरिंग धीमी हो जाती है। चेन्नई अपने अब तक के सबसे खराब आईपीएल अभियान के साथ मैच में उतरेगी। 13 मैचों में सिर्फ़ छह अंक और खराब नेट रन रेट के साथ, सीएसके का तालिका में सबसे नीचे रहना लगभग तय है। संघर्षों के बावजूद, डेवल्ड ब्रेविस और आयुष म्हात्रे जैसी युवा प्रतिभाओं ने उम्मीद का संचार किया है। ब्रेविस विशेष रूप से प्रभावशाली रहे हैं, उन्होंने सिर्फ़ पाँच मैचों में 160 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 168 रन बनाए हैं, जिससे मध्य क्रम में काफ़ी ज़रूरी गति मिली है। वरिष्ठ खिलाड़ी शिवम दुबे सीएसके के लिए 130 से कम के स्ट्राइक रेट से 340 रन बनाए हैं।

**■ गुजरात की नजरें शीर्ष दो में जगह बनाने पर, नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में होगा 67वां मुकाबला**

## खेलो इंडिया बीच गेम्स में नागालैंड की महिलाओं ने रचा इतिहास

**दीव, वार्ता।** नागालैंड ने शुक्रवार रात दीव में खेले गए खेलो इंडिया बीच गेम्स में सेपकटकरॉ महिलाओं की क्वाडरेगु टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इस शानदार प्रदर्शन ने उन्हें पहली बार किसी खेलो इंडिया प्रतियोगिता के शीर्ष तीन में पहुंचा दिया। वहीं,दिल्ली ने मणिपुर को हराकर पुरुषों की क्वाडरेगु टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। नागालैंड ने खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 में अपना अभियान कुल मिलाकर तीसरे स्थान पर समाप्त किया, जिसमें उन्होंने 5 स्वर्ण, 3 रजत और 5 कांस्य पदक जीते। नागालैंडके चार स्वर्ण पदक पेंचक सिलाट से आए हैं।पदक तालिका में मणिपुर और महाराष्ट्र पहले और दूसरे स्थान पर रहे। घोंघला बीच पर जैसे ही अंतिम सीटी बजी, वहां उत्सव और जश्न का माहौल छा गया।नागालैंड की महिला टीम ने घबराहट, कड़ी टक्कर और दबाव का सामना करते हुए हरियाणा को रोमांचक मुकाबले में 2-1 से हराकर जीत दर्ज की। वहीं, दिल्ली की पुरुष टीम ने फाइनल में मणिपुर को सीधे सेटों में 2-0 से हराकर आसानी से खिताब जीता। पुरुष और महिला दोनों वर्गों के फाइनल के दौरानबड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे। नागालैंड महिला टीम की कप्तान सैयेखिए नोतेपा ने मैच के बाद कहा, हमैं बहुत खुश हूं।

### खेल विशेष

## सुक्खु ने अंगमो को एवरेस्ट फतह करने की दी बधाई

**शिमला, वार्ता।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने शनिवार को पर्वतारोही छोंजिन अंगमो को माउंट एवरेस्ट की चोटी पर विजय पताका फहराने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री सुक्खू ने कहा कि किन्नौर ज़िला के चांगो गांव निवासी छोंजिन अंगमो जी ने माउंट एवरेस्ट की चोटी पर विजय पताका फहराकर हिमाचल प्रदेश का नाम पूरे देश और पूरी दुनिया में गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि दृष्टिबाधित छोंजिन अंगमो जी ने अपार साहस और अटूट संकल्प से दुनिया को दिखा दिया कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। उनकी यह सफलता युवाओं को अपने कर्तव्यपथ पर डटे रहने की प्रेरणा प्रदान करेगी। सीएम ने अंगमो और उनके परिवार को इसअविस्मरणीय सफलता के लिए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं भी दीं।

## खिलाड़ियों के सपनों को एमपीएल दे रही है उड़ान

**ग्वालियर, वार्ता।** मध्य प्रदेश लीग उभरते हुए क्रिकेटरों के लिए आईपीएल जैसे बड़े मंच पर पहुंचने का माध्यम बनती जा रही है, जिसका ताजा उदाहरण माधव तिवारी, अनिकेत वर्मा और शिवम शुक्ला के रूप में इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के संस्करण में देखा जा सकता है। अनिकेत वर्मा ने आईपीएल 2025 में युवा खिलाड़ियों में सबसे शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग में भोपाल लेपर्ड्स के लिए मात्र 41 गेंदों में 123 रन की तूफानी पारी खेली, जिसके चलते उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने स्क्वॉड में शामिल किया। 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर खरीदे गए अनिकेत वर्मा ने हैदराबाद के लिए इस सीजन में 12 मैच खेले हैं और 155-91 के स्ट्राइक रेट से सर्वाधिक 74 रन बनाते हुए कुल 198 रन बनाए हैं। आक्रामक बल्लेबाजी और क्लीन हिटिंग के लिए पहचाने जाने वाले अनिकेत ने अपने इस प्रदर्शन के दौरान 16 छक्के लगाने के साथ ही 5 कैच भी पकड़े।

# शानदार तरीके से अभियान समाप्त करने उतरेगी केकेआर-एसआरएच

● दोनों ही टीमें प्लेऑफ के लिए दावेदार नहीं है यह मैच सिर्फ प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया है

**नई दिल्ली, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) रविवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन के अपने अंतिम ग्रुप स्टेज मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेगी। दोनो ही टीमे प्लेऑफ के लिए दावेदार नहीं है, जिससे मैच नंबर 68 प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया है। हालांकि, दोनों फ्रेंचाइजी इस साल के टूर्नामेंट में विपरीत प्रदर्शन के बावजूद सकारात्मक प्रदर्शन के साथ अभियान को समाप्त करना चाहेंगी। सनराइजर्स हैदराबाद ने खराब शुरुआत के बावजूद अपने पिछले चार मैचों में से तीन में जीत के साथ शानदार प्रदर्शन किया है। अपने पिछले मैच में, हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर 42 रनों की शानदार जीत दर्ज की, जिसमें ईशान किशन की 48 गेंदों पर 94 रनों की तूफानी पारी शामिल थी। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के धमाकेदार फॉर्म ने टीम की वापसी में अहम भूमिका निभाई है, जिन्होंने 193 के स्ट्राइक रेट से 12 पारियों में 407 रन बनाए हैं। इस बीच, गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इस सीजन में लय हासिल करने में विफल रही है और 13 मैचों में से पांच जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। आरस. ीबी के खिलाफ उनका सबसे हालिया मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया, जिससे उनकी प्लेऑफ की उम्मीदें खत्म हो गईं। अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे 375 रनों के साथ केकेआर के मुख्य खिलाड़ी रहे हैं, जबकि आंद्रे रसेल ने लगातार प्रभावशाली पारियों के साथ फॉर्म की झलक दिखाई है। हालांकि, बल्लेबाजी और डेथ बॉलिंग दोनों में असंगतता ने पूरे सीजन में नाइट राइडर्स को नुकसान पहुंचाया है। अरुण जेटली स्टेडियम में बल्लेबाजों को ज्यादा मदद मिलने की उम्मीद है। इस मैदान पर पिछले दो आईपीएल 2025 मुकाबलों में 199 और 187 रनों का स्कोर आसानी से हासिल किया गया था, जो टॉस जीतने पर पहले गेंदबाज़ी करने की प्राथमिकता को दर्शाता है। रविवार का मौसम गर्म और नम रहने का पूर्वानुमान है, बारिश की कोई आशंका नहीं है। आंकड़ों के अनुसार, केकेआर ने पिछले छह मुकाबलों में से चार में जीत हासिल करते हुए हाल के रिकॉर्ड पर अपना दबदबा बनाया है। हालांकि, एसआरएच इस समय बेहतर स्थिति में दिख रहा है, क्योंकि उसके खिलाड़ी फॉर्म में हैं और जीत की लय उनके पीछे है।

## विंडीज के खिलाफ इंग्लैंड ने जीती सीरीज




**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने होव में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर टी-20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

जीत के लिए मात्र 82 रनों का पीछा करते हुए, इंग्लैंड ने शुक्रवार को कप्तान नेट साइवर-ब्रंट के 31 गेंदों पर नाबाद 55 और सोफिया डंकले के नाबाद 24 रनों की मदद से 9-2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। डैनी वायट-हॉज पारी की पहली गेंद पर आउट हो गई थी। वेस्टइंडीज ने अपने चार विकेट मात्र 29 रन पर ही खो दिए थे और आखिर में वह नौ विकेट पर 81 रन का मामूली स्कोर ही बना सकी। तेज गेंदबाज एम अर्लट ने अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय मैच में 14 रन देकर 3 विकेट लिए, जिसमें विंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज के छह और अनुभवी बल्लेबाज स्टेफनी टेलर (शून्य) के महत्वपूर्ण विकेट शामिल हैं। तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने 28 रन देकर 3 विकेट लिए और स्पिनर चार्ली डीन ने अपने चार ओवरों में 12 रन देकर 2 विकेट चटकाए।

शेमाइन कैम्पबेले और शबिका गजनबी वेस्टइंडीज की दो बल्लेबाज थीं जो दोहरे अंक तक पहुंचीं, जिन्होंने क्रमश: 26 और 22 रन बनाए और उनकी पूरी पारी में केवल आठ चौके लगे, जिसमें 74 डॉट बॉल भी शामिल हैं। तीसरा और अंतिम टी-20 सोमवार को चेम्सफोर्ड में होगा।

## आईएलसी के उद्घाटन मुकाबले में इंडियन वॉरियर्स से भिड़ेंगे अफ्रीकन लायंस

**■ आईएलसी का उद्घाटन मुकाबला 27 मई की शाम को होगा**

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 27 मई से शुरू हो रही इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप (आईएलसी) का उद्घाटन मुक. ाबला इंडियन वॉरियर्स और अफ्रीकन लायंस के बीच 27 मई की शाम खेला जाएगा। जिसके बाद 28 मई से प्रतिदिन डबल हेडर मुक. ाबले देखने को मिलेंगे। दिन का पहला मैच दोपहर 3:30 बजे से, जबकि दूसरा मुकाबला शाम 7:30 बजे शुरू होगा। लीग चरण तीन जून को समाप्त होगा, जिसके बाद सेमीफाइनल मुकाबले चार जून को क्रमशः दोपहर 3:30 बजे और शाम 7:30 बजे से खेले जाएंगे। पांच जून को ग्रैंड फिनाले मुकाबला खेला जाना तय है। आईएलसी के संस्थापक और निदेशक प्रदीप सां. गवान ने कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि, ह्यह सिर्फ के लीग नहीं बल्कि छह महाद्वीपों का समागम है। शेड्यूल को इस तरह से तैयार किया गया है कि रोमांच बना रहे और दुनियाभर के दर्शक हर दिन स्क्रीन से जुड़े रहें। पूर्व दक्षिण अफ्रीकी धाकड़ बल्लेबाज हर्शल गिब्स अफ्रीकन लायंस की कप्तानी करेंगे, तो वहीं एशियन किंग्स की अगुवाई सुरेश रैना के हाथों में है। एशिया की इस टीम में रैना के साथ पूर्व श्रीलंकाई दिग्गज तिलकरत्ने दिलशान और अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान भी जलवा बिखेरते नजर आएंगे। इस चैंपियनशिप का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा।

**टीमें**

अफ्रीकन लायंस, ट्रांस टाइटंस (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड), यूरो ग्लैडिएटर्स, अमेरिकन स्ट्राइकर्स, एशियन किंग्स और इंडियन वॉरियर्स।

# 100वें एटीपी खिताब से एक कदम दूर जोकोविच



**जिनेवा, वार्ता।** नोवाक जोकोविच ने जिनेवा ओपन के सेमीफाइनल में ब्रिटेन के कैमरन नॉरी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत हासिल कर अपने 100वें एटीपी टूर-स्तरीय एकल खिताब से एक जीत दूर पहुंच गए हैं।

जिमी कोनर्स और रोजर फेडरर के बाद जोकोविच ओपन युग में 100 एटीपी खिताब जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने की ओर अग्रसर है। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने शुक्रवार को नॉरी पर 6-4 6-7 (6-8) 6-1 की शानदार जीत के साथ उस मील के पत्थर के करीब एक कदम और बढ़ा दिया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार जोकोविच ने पिछले साल गर्मियों में पेरिस में ओलंपिक स्वर्ण जीतने के बाद से कोई खिताब नहीं जीता है। वह शनिवार को होने वाले फाइनल में पोलैंड के ह्यूबर्ट हर्काज़ से भिड़ेंगे। गुरुवार को 38 साल के हो गए जोकोविच ने कहा कि यह मेरे लिए अब तक का सबसे कठिन मैच था।

**■ नोवाक ने पेरिस में ओलंपिक स्वर्ण जीतने के बाद से कोई खिताब नहीं जीता है**

जोकोविच के लिए यह क्ले सीजन निराशाजनक रहा है, उन्हें मैड्रिड और मोंटे कार्लो में तुरंत बाहर होना पड़ा। हालांकि, जिनेवा में एटीपी 250 खिताब फ्रेंच ओपन से पहले यह टूर्नामेंट आत्मविश्वास बढ़ाने वाला हो सकता है, जहां वह रिकॉर्ड तोड़ 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। रविवार से शुरू होने वाले रोलांड गैरोस में पहले दौर में जोकोविच का सामना अमेरिकी मैकेंजी मैकडोनाल्ड से होगा। सीजन के अपने पहले सेमीफाइनल में खेलते हुए, नॉरी ने पहले सेट में जोकोविच की सर्विस पर सिर्फ दो अंक जीते। दूसरे सेट में ब्रिटिश खिलाड़ी ने नियंत्रण हासिल किया और पहली बार जोकोविच की सर्विस को चुनौती देते हुए 4-1 से आगे हो गया। 5-2 पर जोकोविच द्वारा किए गए डबल फॉल्ट ने नॉरी को एक सेट प्वाइंट दिलाया, लेकिन वह अपना मौका चूक गए।

## कामिला राखिमोवा के खिलाफ मैच से फ्रेंच ओपन अभियान की शुरुआत करेंगी सबालेंका

**पेरिस, वार्ता।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने फ्रेंच ओपन के महिला एकल में रविवार को रूस की कामिला राखिमोवा के खिलाफ़ अपना अभियान शुरू करेंगी। सबालेंका को ड्रॉ के उसी हिस्से में रखा गया है, जिसमें पाँचवीं वरीयता प्राप्त पोलिश खिलाड़ी इगा स्वियाटेक हैं। 27 वर्षीय बेलारूसी खिलाड़ी ने मियामी और मैड्रिड में दो डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीते हैं, साथ ही ऑस्ट्रेलियन ओपन, इंडियन वेल्स और स्टटगार्ट में तीन अन्य फाइनल में पहुंची हैं। इस सीजन में क्ले पर तीन बार की गत विजेता इगा स्विएटेक के संघर्ष से सबालेंका का हाथ मजबूत हुआ है।सबालेंका ने कहा कि यह जानते हुए कि कोई मेरा पीछा कर रहा है या मेरी पीठ पर निशाना लगा रहा है, मुझे यह अच्छा लगता है। मैं इसे एक चुनौती के रूप में लेती हूँ। देखते हैं कि कौन दबाव के क्षणों के लिए तैयार है। सबालेंका पिछले साल के क्वार्टर फाइनल में रूसी किशोरी मीरा एंड्रीवा से पेट दर्द की समस्या के चलते हार गई थी।

# तिरंगा यात्राः राष्ट्र की एकता और सुरक्षा के प्रति संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के एक माह पूरे होने पर राष्ट्र सेविका समिति और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने शौर्य सम्मान यात्रा निकाली। हमारा तिरंगा उन बलिदा. नियों की याद दिलाता है जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। षतिरंगा यात्राष केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि यह भारत माता की सेवा और सुरक्षा के प्रति हमारे दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। इस यात्रा का उद्देश्य श्ऑपरेशन सिंदूरश को जनसमर्थन देना है। एक ऐसा अभियान जो आतंकवाद के विरुद्ध हमारे राष्ट्र की निर्णायक लड़ाई का प्रतीक है। आज हम सभी भारतीयों का यह दायित्व है कि हम आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हों, और देश की अखंडता, संप्रभुता व शांति को सुनिश्चित करें। यह विचार संयोजिका महिला समन्वय



मुरादाबाद विभाग श्रीमती निवेदिता मित्तल ने राष्ट्र सेविका समिति द्वारा आयोजित ऑपरेशन सिन्दूर के अवसर पर आयोजित तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए कही। इस यात्रा के माध्यम से हम यह संदेश देना चाहते हैं कि देश सर्वोपरि है, और इसके लिए हम सब एकजुट हैं। तिरंगे की छाया में हम संकल्प लेते हैं कि हम आतंकवाद का डटकर विरोध करेंगे और अपने वीर जवानों के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। शनिवार शाम 4.30 बजे गांधीनगर पार्क से यात्रा आरम्भ हुई। यात्रा से पहले महिलाओं ने सेना की रक्षा के लिए हनुमान चालीसा और रामरक्षा सूत्र का पाठ किया। मंदिर में आयोजित संगोष्ठी में विभाग संघचालक सुरेन्द्र पाल सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर में महिला अधिकारियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह आयोजन सेना के शौर्य और पराक्रम को सम्मान देने के लिए किया गया। बड़ी संख्या में यात्रा में मुस्लिम बहनें सम्मिलित हुईं। मुरादाबाद के अतिरिक्त मिलक, बिलासपुर, टांडा, स्वार, शाहाबाद, ठाकुरद्वारा भोजपुर, कांठ, बिलारी आदि निकटवर्ती क्षेत्र की बहनों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। सौ मीटर का राष्ट्रीय ध्वज विशेष आकर्षण का केन्द्र बना। इस अवसर पर राशि जैन, मीनू मेहरोत्रा, साध्वी गीता, कमलेश गर्ग, आयुषी माहेश्वरी, श्रेया मदान कमला, कविता खुराना, प्रिया अग्रवाल, अल्पना गुप्ता, अर्पणा, पूजा जोशी, शशि चौहान, रेशमा, अंजलि गुप्ता, पवित्रा आदि उपस्थित रहीं।

# पर्यावरण विषय पर शार्ट फिल्म रील प्रतियोगिता का पोस्टर हुआ लांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहजोई।** बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित शार्ट फिल्म/रील प्रतियोगिता का पोस्टर



जिलाधिकारी सम्भल डॉ राजेन्द्र पेंसिया ने लांच

कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों से जुड़ने की अपील की। शनिवार को बी एम बी एल जैन सेवा न्यास द्वारा निशुल्क करायी जा रही पर्यावरण आधारित शार्ट फिल्म अथवा रील प्रतियोगिता का कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सम्भल आईएएस डॉ.राजेन्द्र पोस्टर पेंसिया, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा, सीएमओ डॉ. तरुण पाठक, सीओ आलोक भाटी ने प्रतियोगिता का प्रमोशन पोस्टर संयुक्त रूप से लांच कर लोगों से प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए प्रेरित किया सभी अधिकारियों ने न्यास के इस प्रयास की अत्यंत सरहाना की। जिलाधिकारी सम्भल डॉ राजेन्द्र पेंसिया ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों के लिए जुड़ने के लिए कहा कि न्यास का पर्यावरण संरक्षण के लिए की जा रहीं गतिविधियां सराहनीय हैं। इस अवसर पर न्यास के संयोजक सम्भव जैन ने बताया कि प्रतियोगिता की अंतिम तिथि 05 जून है, हमारी वेबसाइट bmbljain-trust.com पर अथवा हमारे फोन नम्बर 9927062556 पर पंजीकरण लिंक प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर न्यास के अध्यक्ष पवन कुमार जैन, राजीव गुप्ता सोनीपत, आशुतोष प्रताप सिंह, गंवा,उप कृषि निदेशक अरूण कुमार त्रिपाठी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अलबरू हायर सेकेंडरी स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** नगर स्थित अलबरू हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को समर कैंप का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न



प्रकार की रोचक एवं ज्ञानवर्धक गति. विधियाँ आयोजित की गईं। बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ तीन प्रमुख गतिविधियों में भाग लिया ख्र डांस, पूल पार्टी, रेस और इनडोर गेम्स। डांस प्रतियोगिता में बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियाँ दीं, वहीं पूल पार्टी ने गर्मी के मौसम में सबको ठंडक का अनुभव कराया। रेस प्रतियोगिता ने बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना को जागृत किया और इनडोर खेलों ने उनकी एकाग्रता और रचनात्मकता को निखारा। इस समर कैंप का संचालन स्कूल के प्राचार्य अकरम सर के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के समर्पित स्टाफ सदस्यों ख्र अबीहा मैम, तूबा मैम, खदीजा मैम, सोफिया मैम, बेबी अंजुम मैम, सुम्बुल मैम और रजनी मैम ख्र का विशेष योगदान रहा। विद्यालय प्रशासन का कहना है कि ऐसे समर कैंप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं, जिससे वे सीखते हुए आनंद भी लेते है।

# भारत विकास परिषद की प्रांतीय कौशल शाला में कांठ शाखा का प्रतिनिधि मंडल करेगा प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** भारत विकास परिषद रुहेलखण्ड पश्चिमी (विकास रत्न) प्रांत की वर्ष 2025-26 की योजनानुसार कार्यशाला कौशल शाला का आयोजन 25 मई को टिमिट सभागार पार्श्वनाथ प्लाजा के सामने, दिल्ली रोड, मुरादाबाद में होगा स कौशल शाला में भारत विकास परिषद शाखा कांठ के अध्यक्ष महेश चंद गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल शामिल होगास भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई ने बताया कि प्रांतीय कार्यशाला में अजय कट्टा (प्रांतीय अध्यक्ष),नीरज मित्तल (प्रांतीय महासचिव),राहुल वार्ष्णेय( प्रांतीय वित्त सचिव) के अलाव राजीव गोयल (क्षेत्रीय महासचिव), नरेन्द्र अरोड़ा (क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव), (समूह समन्वयक निर्मल मेहता,, क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक सेवा) (सहभागी- शाखा अध्यक्ष, शाखा उपाध्यक्ष, शाखा सचिव) आदि अपने विचार प्रकट करेंगे स कार्यशाला में




शाखा की प्रभावी कार्यप्रणाली, प्रांतीय गति. विधि संयोजक एवं शाखा गतिविधि संयोजक का समन्वय एवं प्रभावी कार्यप्रणाली, सदस्यता विस्तार की प्रभावी कार्यप्रणाली, प्रबुद्ध, प्रभावी एवं संपन्न लोगों की सूची, संगठन दृष्टि से क्षमतावान एवं भविष्य के कार्यकर्ताओं की पहचान,मॉब एप पर पंजीकरण सम्बन्धी चर्चा, की जाएगी।

नितिन दालभ (राष्ट्रीय गतिविधि सदस्य सेवा), पवन गौतम (राष्ट्रीय गतिविधि सदस्य संस्कार), योगेश वशिष्ठ (राष्ट्रीय गतिविधि सदस्य महिला सहभागिता), अजय विश्नोई, (क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक सम्पर्क) (समूह समन्वयक- कविता खुराना, क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक महिला सहभागिता) (सहभागी- शाखा गतिविधि संयोजक एवं सहयोगी सदस्य टोली) विभिन्न विषय पर अपने विचार प्रकट करेंगे स प्रतिनिधिमंडल में शाखा के सचिव गौरव बिश्नोई, कोषाध्यक्ष पंकज भदौरिया, सुरेश चौहान, सचिन उर्फ बंटी आदि शामिल है।

## एक नजर

### समर कैंप में कहीं खो-खो व कहीं पर बच्चों ने लिया खाने का आनंद

**कांठ।** हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल में पांच दिवसीय समर कैंप के अंतर्गत विद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार की पूल पार्टी ,कैलीग्राफी, स्पोर्ट, इंग्लिश स्पोकन, आर्ट एंड क्राफ्ट, कंप्यूटर कोर्स




कुकिंग मेहंदी प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस, नॉन स्टॉप इंग्लिश स्पीकिंग, योगा, फायरलेस कुकिंग , और फन विथ मैथ जैसे महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।जिसमे आज बच्चो ने विद पूल पार्टी, कैलीग्राफी ,आर्ट एंड क्राफ्ट, स्पॉट में क्रिकेट, वॉलीबॉल फुटबॉल हाई जंप ,शॉट पुट, योगा एवं कंप्यूटर के अंतर्गत एमएस वर्ड, टेबल इंसर्ट और मेहंदी प्रतियोगिता फैंसी ड्रेस तथा मधुबनी , फ्रूट पार्टी तथा फायरलैस कुकिंग जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने समर कैंप का महत्व बताते हुए कहा कि विद्या अध्ययन के साथ-साथ छात्रों के जीवन में मनोरंजन का भी बहुत महत्व होता है जिससे उनका अध्ययन सुचारू और सरल रूप से क्रियान्वित रहता है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे। दूसरी और महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज के समर कैंप में खो- खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने कहा कि समर कैंप में प्रतिदिन अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसका बच्चे भरपूर आनंद ले रहे हैं।

खेल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। अतः सभी बच्चों को प्रतिभाग करना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह,राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, गजेंद्र प्रताप सिंह राणा, अतवीर सिंह त्यागी, रानी राणा, रश्मि शर्मा, निशिकांत पाठक, सुंदर सिंह, ओम प्रकाश सिंह आदि शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

### धूं-धूं करके जला ट्रांसफार्मर

**चन्दौसी।** पारा लगातार बढ़ रहा है। बिजली का लोड अधिक है जिस कारण ट्रांसफार्मर जबाव दे सकते हैं। हालांकि ट्रांसफार्मर को तत्काल सही कराकर लगाया जा रहा है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे ही गर्मी में ट्रांसफार्मर पर लोड अधिक हो जाने से वह गर्म हो रहे हैं। शनिवार



को खुर्जा गेट स्थित ट्रांसफार्मर ने भीषण गर्मी ने आग पकड़ ली, तेज लपटे उठने में लगा केबल भी जल गया। मौके पर फायरबिग्रेड को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची फायरबिग्रेड ने किसी तरह आग पर काबू पाया। ट्रांसफार्मर जलने से खुर्जा गेट साइड की विद्युत आपूर्ति ठप्प सी हो गयी। बिजली चालू करने के लिए व्यवस्था की गई है।

# घर से निकाली विवाहिता सो रही रेलवे जंक्शन पर

## तीन वर्षीय बच्ची के साथ भटक रही विवाहिता, पति संजय ने रचाई दूसरी शादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सरकार महिला सशक्तीकरण पर जोर दे रही है जिससे महिलाओं के खिलाफ अपराध थम सकें परंतु अभी भी कुछ लोग मानने को तैयार नहीं है। महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा व दहेज उत्पीड़न आदि के मामले आज भी सामने आते रहते हैं। ऐसा ही एक मामला गुमथल रोड स्थित मंडी समिति के पीछे का है जिसमें हरिद्वार की रहने वाली विवाहिता की शादी वर्ष 2020 गुमथल रोड निवासी संजय के साथ हुई जिसकी एक तीन वर्ष की बेटी भी है परंतु इतने दिनों के बाद ससुराल वाले संतुष्ट नहीं हुए और विवाहिता से दहेज की मांग करने लगे और मारपीट करके विवाहिता को घर से निकाल दिया। विवाहिता अपनी मां के पास पहुंची और आपबीती बताई। 14 मई को विवाहिता अपनी मां व तीन वर्षीय बच्ची को लेकर ससुराल पहुंची तो देखा कि घर का ताला लगा हुआ है और मौहल्ले वालों ने बताया कि तेरे पति संजय ने दूसरी शादी कर ली है। विवाहिता यहां से कोतवाली पहुंची और आपबीती पुलिस को बताई। वहीं विवाहिता ने बताया कि वह अपनी छोटी बच्ची को लेकर उसी दिन से रेलवे स्टेशन पर सोती है। आखिर शनिवार को विवाहिता अपनी मां के साथ थाना समाधान दिवस पहुंची जहां सीओ अनुज चौधरी द्वारा तत्काल हल्का दरोगा को भेजकर ताला खुलवाने की बात कही। विवाहिता अपनी मां व बच्ची के साथ गुमथल रोड पहुंची। हालांकि दरोगा द्वारा विवाहिता के ससुर अमरपाल को समझाया परंतु वह नहीं माना जिससे अमरपाल को कोतवाली लाया गया। यहां से महिला वापिस आ रही थी कि तभी उसके पति संजय, चचेरे ससुर, सास ननद द्वारा रास्ते में मारपीट की गई। विवाहिता का आरोप है कि उसके ससुराल वालों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। विवाहिता ने बताया कि उसके पति ने 22 अप्रैल को दूसरी शादी कर ली है। आखिर पहली पत्नी के होते हुए दूसरी शादी कैसे हो सकती है। जब पुलिस ने मौहल्ले के लोगों से जानकारी ली तो पता चला कि परिवार के अधिकांश लोगों ने एक से अधिक शादी की है। फिलहाल विवाहिता ससुराल वालों के उत्पीड़न से छोटी बच्ची को लेकर रेलवे स्टेशन पर सो रही है और पति आनंद से घर में है।

# अभियोजन विभाग की गोष्ठी का आयोजन

**मुरादाबाद।** मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में अभियोजन विभाग की गोष्ठी का आयोजन किया गया है। गोष्ठी में मण्डलायुक्त द्वारा अपराधियों को दंड दिलाए जाने की प्रक्रिया के दौरान न्यायालय में आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में अभियोजन के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर उनको चिन्हित किया गया तथा उक्त समस्याओं के निवारण के लिए एस.ओ.पी. तैयार कर शासन को प्रेषित किए जाने के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में मंडल के समस्त जनपदों में अभियोजन की गोष्ठी का आयोजन कराकर इस दिशा में सकारात्मक प्रयास किया जाए। उत्तर प्रदेश शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि अपराधियों को उनके द्वारा किए गए अपराधों हेतु अधिक से अधिक दंड से दंडित कराए जाने पर विचार-विमर्श किया गया है। आयुक्त द्वारा विवेचना में होने वाली त्रुटियों की पहचान व उनके निवारणार्थ सुझाव व अभियोजकों द्वारा साक्ष्य को न्यायालय में विधि अनुसार प्रस्तुत करने हेतु सुझावों व उपायों की जानकारी कार्यशाला में दी गयी। अभियोजन गोष्ठी में अपर निदेशक अभियोजन, संयुक्त निदेशक अभियोजन,मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद व मण्डल के समस्त जिलों के अभियोजन के अधिकारीगण, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी एवं समस्त विशेष लोक अभियोजक तथा समस्त सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी उपस्थित रहे।

# इंडिया में भी दाढ़ों में चांदी फिलिंग से मिलेगी जल्द मुक्ति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पैलोडेंट मैट्रिक्स सिस्टम के संग काम्पोजिट रेस्टोरेशन ट्रीटमेंट बना अमलगम-चांदी का आधुनिक विकल्प, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में आयोजित वर्कशॉप में दिल्ली के की-नोट स्पीकर डॉ. निखिल बहुगुणा ने बीडीएस और एमडीएस स्टुडेंट्स को सिखाई नई तकनीक। यदि आपकी दाढ़ में कीड़ा लग गया है या दाढ़ खोखली हो गई है तो अब आपको दाढ़ों में चांदी फिलिंग की कोई आवश्यकता नहीं होगी। यह तकनीक पुरानी हो चुकी है। अमेरिका ने तो इस तकनीक पर पाबंदी लगा दी है, जबकि भारत में चांदी फिलिंग की तकनीक धीरे-धीरे विदाई की ओर है। पैलोडेंट मैट्रिक्स सिस्टम के संग काम्पोजिट रेस्टोरेशन ट्रीटमेंट अमलगम-चांदी का आधुनिक विकल्प बनकर उभरा है। पुरानी तकनीक में सिटिंग-दर-सिटिंग, दातों की बदसूरती, अल्पावधि का टिकाऊपन आदि मरीजों की परेशानी का सबब रहे हैं। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में आयोजित वर्कशॉप में दिल्ली के की-नोट स्पीकर एवम् अनुभवी डेंटिस्ट डॉ. निखिल बहुगुणा ने बीडीएस और एमडीएस स्टुडेंट्स को करीब पांच घंटे तक आर्टिफिशियल जबड़े के जरिए नई तकनीक को विस्तार से समझाया। इस दौरान बीडीएस और एमडीएस के स्टुडेंट्स ने तमाम सवाल भी किए। कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड



एंडोडोंटिक्स विभाग के एचओडी डॉ. अभिनय अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया, वर्कशॉप में डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डेंटल कॉलेज की डायरेक्टर गवर्नेंस श्रीमती नीलिमा जैन, डेंटल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रदीप तांगडे, वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन आदि की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही। संच. ालन डॉ. अभिनय अग्रवाल और डॉ. सलीम अजहर ने संयुक्त रुप से किया। उल्लेखनीय है, दांतों के ट्रीटमेंट में काम्पोजिट- दांतों के रंग की फिलिंग को अमलगल- चांदी की तुलना में अब वरीयता दी जाती है। की-नोट स्पीकर डॉ. बहुगुणा ने डेंटल स्टुडेंट्स को बताया, बेहतर सौन्दर्यकरण, दांतों की न्यूनतम कटाई, मरकरी विषाक्तता का न होना कम्पोजिट ट्रीटमेंट की विशेषताएं हैं। पैलोडेंट मैट्रिक्स सिस्टम के उपयोग के बारे में भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, पारंपारिक लकड़ी के बैज सिस्टम की तुलना में पैलोडेंट मैट्रिक्स सिस्टम के कई लाभ हैं। पारंपारिक सिस्टम मसूड़ों को नुकसान पहुंचाता है। प्राकृतिक आकार नहीं देता है। इस नई तकनीकी के इजाद से अब दांत-दांढ़ के मरीजों को दांत के रंग जैसे दिखने वाले रेस्टोरेशन मिलेंगे, जो प्राकृतिक दिखते हैं। अधिक समय तक टिके रहते हैं। अनावश्यक रुप से दांत को काटने की आवश्यकता नहीं होती। समय की बचत होती है।

दांत-दांढ़ों का सम्पर्क नेचुरली है। इनकी मरम्मत भी आसानी से की जा सकती है। डेंटल कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन कहती हैं, यह नई विधि डेंटल डॉक्टर्स के संग-संग पेशेंट के लिए भी वरदान साबित होगी।

# वनबैंक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने किया टिमिट की छात्रा का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंडल और जनपद के लिए यह एक बडे गर्व का विषय है कि विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है टिमिट जैसा उत्कृष्ट मैनेजमैन्ट शिक्षण संस्थान जो विगत 24 वर्षों से स्थापित है जहाँ सभी छात्र-छात्राओं को वर्ष दर वर्ष बडी नामीगिरामी कंपनियों में बेहतरीन करियर बनाने का अवसर प्राप्त होता है। हाल ही में बहुप्रतिष्ठित वनबैंक टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. अग्रणी फिनटेक कंपनी है, जो स्मार्ट सैलरी अकाउंट्स और डिजिटल बैंकिंग समाधान प्रदान करती है। यह कंपनी आधुनिक बैंकिंग को तकनीक के साथ जोड़ते हुए कर्मचारियों और कंपनियों दोनों को बेहतरीन सेवाएं देती है। कंपनी ने टिमिट केछात्र-छात्राओं को नौकरी देने में अन्य मैनेजमेन्ट संस्थानों की अपेक्षा वरीयता प्रदान की है। वनबैंक टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. ने रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया। जिसमें एमबीए फाइनल ईयर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी कठिन चयन प्रक्रियाओ के बाद अंतिम रूप से सलोनी जैन का नाम घोषित किया गया। कम्पनी ने टिमिट कीसलोनी जैन को गुरूग्राम शहरों में ज्वाइनिंग प्रदान की है। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि बदलते दौर में वैश्विक स्तर की कंपनियों में कार्य करते हुये उंचाइयों को प्राप्त करना ही छात्र जीवन का सपना होता है और टिमिट ने अपनी कुशल प्रोफेसरों की टीम के साथ लगन और मेहनत के बल पर अपना एक अलग ही मुकाम बनाया है जिसका परिणाम है कि टिमिट के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट की कोई कमी नही है। और छात्र-छात्राओं में मनपसन्द कंपनियों में नौकरी पा कर अपने सपने पूरे करते हैं। इस अवसर पर टीएमयू कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर व जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने चयनित छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए देते हुए कहा कि टिमिट के छात्रों को भारत व विदेश की सुप्रसिद्ध कंपनियों तक पहुंचाना व उनका



सलोनी जैन

सुनहरा भविष्य सुनिश्चित करना ही कोर्पोरेट रिसोर्स सेंटर का मूल उद्देश्य है जिसमे टिमिट के विद्यार्थियों को इंडस्ट्रीज के बेहत. रीन पैकेज पर अन्तंराष्ट्रिय स्तर की कम्पनियों में काम करने का मौका मिल रहा है। जिससे समाज व पेरेंट्स ने भूरि भूरि प्रशंसा की है।

# विधायक ने एसडीओ-जेई को विद्युत समस्याओं के निस्तारण के दिए आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** बिजलीघर पर कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर और उन्हें विभाग के अधिकारि एसडीओ अनिल कुमार जेई भास्कर गुप्ता को तुरंत निस्तारण के आदेश दिए ठाकुर रामवीर सिंह ने बताया कि सभी कर्मचारी अपने कार्य के प्रति सचेत रहें और हमेशा जनता की सेवा में रहे उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसान ,गरीब और वंचितों के लिए कार्य कर रही है सभी जनता के बीच कार्य के लिए तत्पर रहे कार्यक्रम नफीसुल हसन फौजी मंडल अध्यक्ष कुंदरकी संजय कश्यप ,मंडल अध्यक्ष रतनपुर कला बबलू जाटव, मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, मंडल महामंत्री संजय दिवाकर ,शक्ति केंद्र संयोजक पंकज शर्मा, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष रमन भूषण एडवोकेट निवर्तमान मंडल अध्यक्ष बृजेश लोधी ,मंडल उपाध्यक्ष हाजी मजलूम पाशा, रवि पाल, समून मलिक, अश्वनी शर्मा, विजेंद्र चौधरी, नरेश एडवोकेट,ओमपाल सिंह, देबेंद्र ठाकुर, जयपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



# आतंकवाद को लेकर पाखंड पर दिल्ली सख्त

## भारत ने पाकिस्तान की संयुक्त राष्ट्र में की कड़े शब्दों में निंदा

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र (संरा) में पाकिस्तान की इस बात के लिए कड़े शब्दों में निंदा की है कि वह भारत में आतंकवादी हमलों को प्रायोजित करने और निर्दोष नागरिकों की हत्या करने के अपने पाखंडी व्यवहार के साथ-साथ आम नागरिकों की सुरक्षा की बात भी कर रहा है।

संरा में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पी-हरीश ने शनिवार को यहां संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वर्तमान समय में उभरते खतरों से निपटने, नागरिकों, मानवीय एवं संयुक्त राष्ट्र कर्मियों और पत्रकारों एवं मीडिया पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जवाबदेही तंत्र को बढ़ावा देने के मसलों पर हुई खुली बहस के दौरान अपने संबोधन में यह बात कही। हरीश ने कहा कि अपनी सीमाओं के पार से आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देश के लिए नागरिकों की सुरक्षा पर चर्चा में भाग लेना भी अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का अपमान है। हरीश ने 'एजेंडा' पत्र 'सशस्त्र संघर्ष में नागरिकों की सुरक्षा' के तहत संबोधन में कहा कि भारत ने अपनी सीमाओं के पार से दशकों तक पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी हमलों का सामना किया है। ऐसे देश (पाकिस्तान) के लिए नागरिकों की सुरक्षा पर



**पिछले चार दशकों में आतंकवादी हमलों में 20000 से अधिक भारतीय लोगों की जानें गई हैं**

चर्चा में भाग लेना भी अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का अपमान है। पाकिस्तान के सभी तर्कों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि वह कई मुद्दों पर पाकिस्तानी प्रतिनिधि के बेबुनियाद आरोपों का जवाब देने के लिए बाध्य हैं। कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या के बाद भारत के पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए राजदूत हरीश ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तानी सेना ने जानबूझकर हमारे सीमावर्ती गांवों पर गोलाबारी की जिसमें 20 से अधिक नागरिक मारे गए और 80 से अधिक घायल हो गए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने जानबूझकर गुरुद्वारों, मंदिरों और कॉन्वेंट जैसे स्थलों के साथ-साथ सभी चिकित्सा सुविधाओं को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्यवहार के बाद इस संगठन में उपदेश देना घोर पाखंड है। इससे पहले उन्होंने सिंधु जल संधि के बारे में गलत सूचना फैलाने के लिए पाकिस्तान को फटकार लगाते हुए कहा कि उसने भारत के खिलाफ तीन युद्ध और हजारों आतंकवादी हमले करके संधि की भावना का उल्लंघन किया है। उसके इस बर्ताव से नागरिकों का जीवन, धार्मिक सद्भाव और आर्थिक समृद्धि प्रभावित होती है। हरीश ने कहा कि हम सिंधु जल संधि के संबंध में पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल द्वारा फैलाई जा रही गलत सूचना का जवाब देने के लिए बाध्य हैं। भारत ने एक ऊपरी तटवर्ती देश के तौर पर हमेशा ही जिम्मेदाराना कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों में आतंकवादी हमलों में 20000 से अधिक भारतीय लोगों की जानें गई हैं, जिनमें से सबसे हालिया पहलगाम में पर्यटकों पर किया गया नृशंस आतंकवादी हमला था।

### ऑस्ट्रेलिया में बाढ़ के कारण दस हजार संपत्तियां क्षतिगस्त

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) में बाढ़ के कारण लगभग दस हजार संपत्तियों के क्षतिग्रस्त होने का अनुमान है। राज्य के आपातकालीन सेवा प्राधिकरण ने शनिवार को कहा कि शुरुआती अनुमानों से पता चलता है कि राज्य के पूर्वी क्षेत्रों में बाढ़ के पानी में 10000 से अधिक संपत्तियां क्षतिग्रस्त हो गई। राज्य आपातकालीन सेवा (एसईएस) के मुख्य अधीक्षक पॉल मैकक्वीन ने आज सुबह संवाददाताओं को बताया कि क्षति आकलन प्रक्रिया शुरू करने के लिए टीमें रवाना होंगी। उन्होंने कहा कि मैं दोहराता हूं कि यह अभी भी एक खतरनाक स्थिति है जहां बुनियादी ढांचे और संपत्तियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना है। दुर्भाग्यवश जब तक पानी के स्तर में और कमी नहीं हो जाती तब तक लोगों को अपने घरों में वापस जाने देना संभव नहीं है तथा हमें विश्वास है कि वे अपने घरों और समुदायों तक सुरक्षित पहुंच सकेंगे। एनएसडब्ल्यू पुलिस ने शुक्रवार शाम को एक बयान में कहा कि बचाव अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित मध्य उत्तरी तट पर एक जले हुए वाहन के अंदर एक शव मिला। यह लगातार पांच दिनों की मूसलाधार बारिश के बाद मध्य उत्तरी तट और आसपास के क्षेत्रों में आई व्यापक बाढ़ की समस्या में पांचवीं मौत है।



**जम्मू-कश्मीर। पूंछ में एक स्कूल के दौरे के दौरान कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।**

## मैक्सिको 3.5 प्रतिशत धन हस्तांतरण कर का विरोध करने के लिए अमेरिका भेजेगा एक राजनयिक मिशन

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको सरकार ने अमेरिका में रह रहे उसके नागरिकों के स्वदेश धन भेजने पर 3.5 प्रतिशत कर लगाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले का विरोध किया है और इस पर बातचीत करने के लिए एक राजनयिक मिशन अमेरिका भेजने का निर्णय लिया है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने कहा कि अमेरिका के इस निर्णय से वहां रह रहे लाखों मेक्सिको के नागरिकों पर गंभीर असर पड़ेगा। सुशिनबाम ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में अमे. रिकी प्रतिनिधि सभा द्वारा गुरुवार को पारित प्रस्ताव को अस्वीकार किया और अमेरिका में मेक्सिको के समुदाय से इसके खिलाफ एकजुट होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह एक और टीम अमेरिकी सीनेटरों और सीमा पार हमारे समुदाय के लोगों से बातचीत करने के लिए जाएगी ताकि इसे रो. कने का काम जारी रखा जा सके। गौरतलब है कि धन भेजने पर कर जो शुरू में पांच प्रतिशत प्रस्तावित था और बाद में संशोधित कर 3.5 प्रतिशत कर दिया गया था, अब विचार के लिए अमेरिकी सीनेट के पास जाएगा।

## इमरान ने कसा पाक आर्मी चीफ पर तंज

### कहा: उन्हें खुद को राजा की उपाधि देनी चाहिए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर के फील्ड मार्शल बनने पर तंज कसा है। इमरान ने कहा है कि मुनीर को खुद को राजा की उपाधि देनी चाहिए। जेल में बंद इमरान का यह बयान उनके एक्स पर पोस्ट किया है।

इसमें इमरान ने लिखा माशाअल्लाह, जनरल असीम मुनीर को फील्ड मार्शल बनाया गया है। हालांकि, उन्हें राजा की उपाधि देना ज्यादा अच्छा होता-क्योंकि अभी देश में जंगल का कानून चलता है और जंगल में केवल एक ही राजा होता है। जनरल मुनीर को भारत-पाक संघर्ष के बाद 20 मई को फील्ड मार्शल के पद पर प्रमोट किया गया। वे देश के इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाले दूसरे आर्मी चीफ हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ 25 से 30 मई तक



**पाक पीएम शहबाज चार देशों के दौरे पर जाएंगे**

तुर्की, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान का दौरा करेंगे। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक शरीफ इस दौरान इन देशों के साथ कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे और हाल ही में भारत के साथ संघर्ष के समय मदद करने के लिए आभार जताएंगे। बयान में यह भी कहा गया कि शरीफ 29-30 मई को ताजिकिस्तान की राजधानी दुशान्बे में ग्लेशियर्स पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भी भाग लेंगे। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की। बिलावल ने शरीफ से सलाह मांगी कि दुनिया के सामने पाकिस्तान का पक्ष कैसे रखा जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बैठक में सीनेटर शेरी रहमान और पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार भी मौजूद थीं। पिछले हफ्ते, शरीफ ने बिलावल को एक हाई लेवल डेलिगेशन की लीडरशिप सौंपी है, जो भारत के साथ हुए तनाव को लेकर दुनिया के सामने पाकिस्तान क पक्ष रखेगा।

### ईरान-अमेरिका के बीच परमाणु समझौते पर बेहतर समझ विकसित हुई: अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि इटली में 'ईरानी परमाणु दस्तावेजों' पर बातचीत के बाद ईरान और अमेरिका के बीच बेहतर समझ विकसित हुई है। हाल ही में ओमान की मध्यस्थता में अमेरिका-ईरान की अप्रत्यक्ष वार्ता का पांचवां दौर इटली की राधानी रोम में आयोजित की गई थी। अराघची ने शक्रवार को कहा कि यह अमेरिका के साथ हमारी अब तक की सबसे पेशेवर वार्ताओं में से एक थी मुझे लगता है कि अमेरिका को अब हमारी स्थिति के बारे में पता चल गया होगा। उन्होंने कहा कि ओमान ने ईरान और अमेरिका को समझौते तक पहुंचने में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए 'कार्यप्रणाली तंत्र' का प्रस्ताव दिया है।

## ट्रम्प के क्रिप्टो बिजनेस का नया ठिकाना बनेगा पाक

### पीएम शहबाज के बेटे को मिलेगी कमान, दुबई की कंपनी नेटवर्क खड़ा कर रही

**इस्लामाबाद/वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के क्रिप्टो कारोबार की गूंज अब पाकिस्तान पहुंच गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रम्प और उनके परिवार द्वारा समर्थित क्रिप्टो बिजनेस का नया ठिकाना अब पाकिस्तान बनने जा रहा है। इस कंपनी की कमान खुद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बेटे सलमान शहबाज के हाथों में होगी।

दुबई में बनी एक संदिग्ध ब्लाकचेन फर्म हाईलैंड सिस्टम्स के जरिए यह सारा नेटवर्क खड़ा किया जा रहा है। हाईलैंड सिस्टम्स की मदद से पाकिस्तान सरकार ब्लाकचेन और क्रिप्टो माइनिंग तकनीक विकसित करेगी। कंपनी में ट्रम्प के बेटे एरिक ट्रम्प और पाकिस्तान के टाप मिलिट्री कान्ट्रैक्टर्स भी साझेदार हैं। दरअसल ट्रम्प के करीबी निवेशक और क्रिप्टो लाबी पहले से ही अमेरिका में रेगुलेशन की सख्ती से नाराज हैं। ऐसे में वे ऐसे देशों की तलाश में हैं, जहां नियम ढीले हों और सत्ता से



**दुबई में बनी एक संदिग्ध बलाकचेन फर्म हाईलैंड सिस्टम्स के जरिए यह सारा नेटवर्क खड़ा किया जा रहा है**

सीधा तालमेल हो। पाकिस्तान इस समय गढ़ बनकर उभरा है। आर्थिक अस्थिरता और सरकार की अमेरिका के साथ संबंध सुधारने की तत्परता जैसे कारण पाकिस्तान को ट्रम्प के कुनबे के लिए क्रिप्टो हब बनाने के लिए एक आदर्श देश बना रहे हैं। बता दें कि शहबाज सरकार क्रिप्टो को वैध करेंसी के रूप में मान्यता देने की भी योजना बना रही है। सलमान की कंपनी क्रिप्टो माइनिंग के लिए बिजली देगी प्रधानमंत्री शहबाज के बेटे सलमान की अगुवाई वाली एसएसई टेक्नोलाजीज पाकिस्तान की सबसे बड़ी सोलर पैनल इंपोर्टर है। अब ये कंपनी हाईलैंड सिस्टम्स के साथ मिलकर पाकिस्तान में क्रिप्टो माइनिंग नेटवर्क तैयार करेगी। दरअसल, क्रिप्टो माइनिंग में सबसे ज्यादा खर्च बिजली का होता है। इसी समस्या के समाधान के लिए एसएसई टेक्नोलाजीज को इस नेटवर्क का अहम भागीदार बनाया गया है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी पाकिस्तान के सिंध और बलूचिस्तान में सोलर फर्म स्थापित करेगी, जिनकी बिजली से माइनिंग आपरेशंस को चलाया जाएगा। पाकिस्तान क्रिप्टो अपनाने के मामले में अभी दुनिया में नौवें नंबर पर है। अमेरिका से क्रिप्टो ब्लाकचेन और माइ. निंग तकनीक विकसित करने को लेकर हुई डील के बाद इसमें और बढ़त के आसार हैं।

## हंगरी: रूसी ऊर्जा प्रतिबंध के पीछे यूक्रेन का हाथ है

**मास्को/बुडापेस्ट।** हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ऑरबान ने आरोप लगाया है कि रूसी ऊर्जा पर प्रतिबंध लगाने की यूरोपीय नीति के पीछे यूक्रेन का हाथ है और इससे यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं को भारी नुकसान हो सकता है, जो सिर्फ यूक्रेन के हित में है।

ऑरबान ने शुक्रवार को हंगरी के कोसुथ रेडियो के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि पूरे रूसी ऊर्जा संसाधनों पर प्रतिबंध की नीति के पीछे यूक्रेन है। उन्होंने इसे 'यूक्रेनी ऊर्जा खतरा' करार दिया और कहा कि यूक्रेन यूरोप से ऐसी मांगें कर रहा है, जो यूरोप और हंगरी के परिवारों को नुकसान पहुंचाएंगी। उनका कहना है कि योजना रूस से किसी को भी गैस और तेल खरीदने को रो. कने की है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि यूक्रेन ने रूसी गैस के अपने क्षेत्र से गुजरने पर रोक लगाकर इस योजना की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि टर्कस्ट्रीम पाइपलाइन की वजह से हंगरी ऊर्जा संकट से बच सका। उनके अनुसार, अगर यूक्रेन की यूरोपीय संघ में चल गई, तो हंगरी के परिवारों को हर साल दो अरब यूरो अधिक चुकाने पड़ेंगे, बिजली के बिल दोगुने और हीटिंग खर्च चार गुना हो जाएगा। उन्होंने यूरोपीय संघ के नेताओं की आलोचना करते हुए कहा कि वे अपने नागरिकों की भलाई से ज्यादा रूस को नुकसान पहुंचाने और यूक्रेन की मदद को प्राथमिकता दे रहे हैं। ऑरबान ने कहा कि यह हमारी लड़ाई नहीं है और हम ब्रसेल्स को इसकी कीमत हमसे नहीं वसूलने देंगे। हंगरी के विदेश मंत्री पीटर सिज्जियार्तो ने पश्चिमी यूरोपीय देशों पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया है।

# सिंध नदी परियोजना के खिलाफ फिर हिंसक प्रदर्शन

### राष्ट्रपति जरदारी की बेटी के काफिले पर हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी और सांसद आसिफा भुट्टो के काफिले पर शुक्रवार को भीड़ ने हमला कर दिया। इसका वीडियो शनिवार को सामने आया। पुलिस के मुताबिक आसिफा कराची से नवाबशाह जा रही थीं।

इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने उनके काफिले को रोका और विवादित नहर परियोजना और कार्पोरेट खेती के खिलाफ नारे लगाए। कुछ लोगों ने काफिले की गाड़ियों पर डंडों से हमला कर दिया। आसिफा के साथ मौजूद सुरक्षा टीम और हैदराबाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और उनकी गाड़ी को सुरक्षित



**चार दिन पहले गृहमंत्री का घर जलाया था**

वहां से निकाल लिया। इस पूरी घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पाकिस्तान सरकार सिंध नदी पर नहर बनाने की प्लानिंग कर रही है। इससे स्थानीय लोग नाराज हैं। नाराज लोगों ने मंगलवार को सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया था। हमला करने वाली भीड़ में कई बच्चे भी थे, जिन्होंने लाठी-डंडे से हमला किया। इलाके के एसएसपी जफर सिद्दीकी ने मीडिया को बताया कि काफिला एक मिनट से भी कम समय के लिए रुका था और आसिफा या उनके सुरक्षा कर्मियों को कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने कहा: शांतिभंग करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पाकिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया था।

### अमेजन की जनजाति ने न्यूयॉर्क टाइम्स पर किया 18 करोड़ डॉलर की मानहानि का दावा

**लंदन।** ब्राजील में अमेज़ॅन के जंगलों के निवासी एक जनजातीय समूह ने अमेरिका के प्रभावशाली अखबार 'दि न्यूयॉर्क टाइम्स' के खिलाफ एक रिपोर्ट को लेकर 18 करोड़ डॉलर की मानहानि का मुकदमा दायर किया है, जिसमें जनजातीय समूह को 'पोर्न का शौकीन' बताया है। दि गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, सुदूर जावरी घाटी की अमेज़न के जंगलों में रहने वाली मारुबो जनजाति ने इंटरनेट तक पहुंच प्राप्त करने के बाद उन्हें तकनीक और पोर्नोग्राफ़ी का आदी होने के रूप में गलत तरीके से चित्रित करने के लिए अमेरिकी दैनिक पर मुकदमा दायर किया और 18 करोड़ डॉलर (करीब 1500 करोड़ रुपये) का हर्जाना मांगा है। मुकदमे में कहा गया है कि न्यूयॉर्क टाइम्स ने करीब दो हजार लोगों के समुदाय मारुबो जनजाति को इस तरह से पेश किया कि वे इंटरनेट पाने के बाद बहक गए हैं।

## बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार बने रहेंगे यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश में जारी राजनीतिक उथल पुथल के बीच सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस अपने पद पर बने रहेंगे। इससे पहले माना जा रहा था कि वो राजनीतिक और सैन्य दबाव के चलते इस्तीफा दे सकते हैं।

मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को सलाहकार परिषद की एक बैठक बुलाई थी। इस बैठक के बाद प्लानिंग एडवाइजर वाहिदुद्दीन महमूद ने कहा: मोहम्मद यूनुस हमारे साथ बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम लोगों को भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। न्यूज एजेंसी यूएनबी के मुता. बिक सलाहकार परिषद की एक बैठक के बाद जल्द मंत्रियों के साथ बैठक होगी। वहीं, सेना प्रमुख वकार-उज-जमां ने स्पष्ट रूप से दिसम्बर तक चुनाव कराने का अल्टीमेटम दिया है। दूसरी ओर,

**इमरजेंसी बैठक के बाद फैसला, सेना ने दिसम्बर तक चुनाव कराने का अल्टीमेटम दिया**

विपक्षी दल बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के बीच चुनाव को लेकर चर्चा और सड़कों पर संघर्ष की रणनीतियां बन रही हैं। नेशनल सिटिजन पार्टी (एनएसपी), जमात-ए-इस्लामी के स्टूडेंट विंग छात्र शिबिर और वामपंथी छात्र संगठनों ने एकमत होकर कहा है कि जब तक पिछली सरकार के दौरान हुई हिंसा और हत्याओं की निष्पक्ष जांच नहीं होती, चुनाव का कोई मतलब नहीं। एनसीपी के छात्र नेता नाहिद इस्लाम का कहना है कि अगर देश के सभी वर्ग इस तरह असहयोग करेंगे तो डा. यूनुस इस्तीफा दे देंगे।

# अमेरिका ने यूरोपीय संघ पर कसा शिकंजा

## डोनाल्ड ट्रम्प ने की ईयू पर आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा

**वाशिंगटन/ब्रुसेल्स।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को यूरोपीय संघ (ईयू) से सभी आयात पर एक जून से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की और कहा व्यापार वार्ता बेनतीजा रही। ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा कि यूरोपीय संघ दशकों से अमेरिका का शोषण कर रहा है।

उन्होंने ईयू पर भारी व्यापारिक बाधाएं, वैट टैक्स, ज्यादा कॉरपोरेट जुर्माने, मुद्रा में हेरफेर और अनुचित मुक. दमों का आरोप लगाया, जिससे हर साल 250 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हो रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति ने कहा कि ईयू के साथ समझौता करना 'बहुत मुश्किल' रहा है। ट्रम्प ने लिखा कि ईयू के साथ हमारी बातचीत कहीं नहीं पहुंची है, इसलिए मैं एक जून 2025 से सीधे 50 प्रतिशत टैरिफ की सिफारिश कर रहा हूं। बाद में राष्ट्रपति कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं किसी सौदे की तलाश में नहीं हूं, टैरिफ 50 प्रतिशत तय है। लेकिन अगर वे यहां प्लांट बनाएंगे, तो कोई टैरिफ नहीं लगेगा। राष्ट्रपति ने दावा किया कि ईयू समझौता करना चाहता है, लेकिन सही तरीके से नहीं करता। ट्रम्प की टिप्पणियां ऐसे समय आईं जब कुछ घंटों बाद ही अमेरिका और ईयू अधिकारियों की व्यापार वार्ता होनी थी, जो अब अधर में लटक गई है। वहीं यूरोपीय आयोग ने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन ज़रूरत पड़ी तो जवाब देने को भी तैयार है। ईयू के व्यापार आयुक्त मारोश शेफचोविच ने कहा कि यूरोपीय संघ- अमेरिकी व्यापार बेजोड़ है और इसे आपसी सम्मान से चलना चाहिए, धमकियों से नहीं। हम अपने हितों की रक्षा के लिए तैयार हैं। जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल ने इस कदम पर चिंता जताई और चेतावनी दी कि दंडात्मक टैरिफ दोनों अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे टैरिफ किसी की मदद नहीं करेंगे, बल्कि दोनों बाजारों की आर्थिक विकास गति धीमी करेंगे। आयरलैंड के प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन ने कहा कि ईयू ने 'सच्चे इरादे' से काम किया है और टैरिफ दोनों पक्षों के लिए नुकसानदेह होंगे। उन्होंने कहा कि वार्ता ही एकमात्र स्थाई रास्ता है। फ्रांस के विद. ेश मंत्री लॉरेंट सेंट-मार्टिन ने भी संयम का आह्वान करते हुए कहा कि हम शांति चाहते हैं, लेकिन जवाब देने को भी तैयार हैं। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेंसेंट ने कहा कि ईयू के अंदर मतभेद वार्ताओं में बाधा बन रहे हैं और कुछ सदस्य देशों को ब्रुसेल्स की बातचीत की शर्तों की जानक. ारी नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ट्रम्प का टैरिफ धमकी ईयू को सक्रिय करेगी। राष्ट्रपति ने ऐप्पल से जुड़ी पुरानी लड़ाई भी फिर शुरू की और अमेरिका में न बने आईफोन पर 25 प्रतिशत आयात कर लगाने की धमकी दी, जिसे विशेषज्ञों ने अवास्तविक बताया।



## गाजा में प्रवेश करने वाले बहुत से ट्रकों को भूखे लोगों ने लूट लिया: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** इजरायली हमलों से गाजा में हालात इतने खराब हो गए हैं कि ज्यादातर लोग भुखमरी से मरने लगे हैं और मानवीय सहायता के तौर पर भेजे जाने वाले बहुत से ट्रकों को हाल ही में गाजावासियों ने लूट लिया है। संयुक्त राष्ट्र के अध्यक्ष एंटोनियो गुटेरस ने कहा कि गाजा इस समय सबसे खराब समय का सामना कर रहा है।

इजरायल ने लंबे समय की पाबंदी के बाद जब गाजा वालों के लिए राहत सामग्री वाले ट्रकों को जाने की इजाजत दी तो कई ट्रक रास्ते में ही लूट लिए गए। गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने आज यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि हमने लगभग 100 ट्रकों को केरेम शालोम (करेम अबू सलेम) में भेजा और क्रॉसिंग के फलस्तीनी वाले छोर से लगभग 35

**यह उन लोगों द्वारा की गई लूट है जो हताशा और भूख का सामना कर रहे हैं: फरहान हक**

ट्रकों को भेजा ताकि उन्हें गाजा में उन जगहों के करीब लाया जा सके जहां लोगों को उनकी ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि लेकिन बुधवार को निवासियों ने आटे से भरे छह ट्रकों को रोक कर उन्हें लूट लिया। हक ने कहा शुक्रवार रात 15 अन्य ट्रकों को भी इसी तरह लूटा गया। हमारा मानना है कि ये संगठित आपराधिक लूटपाट के मामले नहीं हैं। यह उन लोगों द्वारा की गई लूट है जो हताशा और भूख का सामना कर रहे हैं। गौरतलब है कि इज़रायल ने लंबे समय से यह तर्क दिया है कि गाजावासियों को दी जाने वाली अंतरर्राष्ट्रीय सहायता का अधिकांश हिस्सा आतंकवादी संगठन हमास को पहुंचा दिया जाता है जो फलस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एजेंसी की मौन स्वीकृति के साथ ही संभव हो रहा है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र ने इस आरोप का दृढ़ता से खंडन किया है। उप प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के कार्यकर्ता स्थानीय समुदायों के साथ विश्वास जीतने के लिए बातचीत कर रहे हैं ताकि भविष्य में लूटपाट न होना इसको सुनिश्चित किया जा सके। हालांकि उन्होंने कहा कि लूटपाट से निपटने का सबसे अच्छा तरीका है कि इन जगहों में अधिक सहायता पहुंचाई जाए ताकि लोगों को ऐसी हताशा का सामना न करना पड़े। पत्रकारों के साथ एक मुलाकात में संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भी इसी आह्वान को दोहराया।

# आलिया भट्ट ने कान्स फेस्टिवल में किया डेब्यू



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट ने कान्स फिल्म फेस्टिबल में धमाकेदार डेब्यू किया। इन दिनों कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 काफी चर्चा में है।

इस मौके पर कई बॉलीवुड सेलेब्रिटीज अपना जलवा बिखेर रहे हैं। फ्रांस के रिवेरा शहर में चल रहे कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में आलिया भट्ट ने धमाकेदार एंट्री की है। आलिया भट्ट ने इस मौके के लिए सॉफ्ट पेस्टल फ्लोरल गाउन चुना, जिसमें शानदार एम्ब्रायडरी और क्लासिक सिल्हूट नजर आ रहा था।

आलिया इस गाउन में एकदम परी जैसी दिख रही थीं। कान्स फिल्म फेस्टिवल के दौरान आलिया भट्ट केली रीचर्ड्ट की हॉलीवुड फिल्म द मास्टरमाइंड की स्क्रीनिंग में शामिल हुई, जिसका प्रीमियर इस फेस्टिवल के दौरान 23 मई को किया गया। कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू के साथ ही आलिया के ड्रेस सेलेक्शन को लेकर तारीफ मिल रही है।

आलिया भट्ट ने कान्स फिल्म फेस्टिबल से अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। उन्होंने तस्वीरों के कैप्शन में लिखा है, हैलो कान्स। इसके साथ उन्होंने लोरियल पेरिस को टैग किया है, जिसकी ब्रांड एम्बेसडर के तौर पर वे वहां पहुंची हैं।



## थिएटर: द मिथ ऑफ रिएलिटी का ट्रेलर कान्स फिल्म फेस्टिवल में हुआ रिलीज

**कान्स।** सजिन बाबू लिखित-निर्देशित फिल्म थिएटर द मिथ ऑफ रिएलिटी का ट्रेलर प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 -मार्चे दू फिल्म में लॉन्च किया गया। फिल्म थिएटर का आधिकारिक ट्रेलर दिग्गज फिल्म निर्देशक सुधीर मिश्रा ने रिलीज किया। यह ट्रेलर इंडो-जर्मन फिल्म वीक फेस्टिवल के डायरेक्टर स्टीफन ओटनब्रुक के मुख्य आतिथ्य में जारी किया गया। थिएटर द मिथ ऑफ रिएलिटी के ट्रेलर रिलीज के अवसर पर प्रसिद्ध फिल्मकार डॉ. बिजू दामोदरन, अभिनेता प्रकाश बेरे, अभिनेत्री छाया कदम, ट्रांस-मीडिया कंसल्टेंट एम.एन. गुजर और भारत, जर्मनी, चीन व फ्रांस के कई जाने-माने फिल्म निर्माता भी उपस्थित थे।

## माता-पिता को प्राइवेट जेट में उड़ते हुए देखना चाहते हैं राघव जुयाल



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राघव जुयाल अपने माता-पिता को प्राइवेट जेट में उड़ते हुए देखना चाहते हैं। अपने अपरंपरागत आकर्षण और बोल्ड रोल के लिए जाने जाने वाले राघव जुयाल ने हाल ही में एक सस्पेंस से भरपूर एक्शन-थ्रिलर में अपने दमदार अभिनय से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।


राघव जुयाल ने अपने माता-पिता के लिए अपने सपने के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि मेरे माता-पिता एक निजी जेट में उड़ान भरें। राघव ने कहा, मैं वास्तव में हर काम में मौजूद रहना चाहता हूं। मैं अपने लक्ष्य हासिल करना चाहता हूं। मैं इसके साथ आने वाली सभी सुख-सुविधाएं पाना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि मेरे माता-पिता निजी जेट में उड़ान भरने का अनुभव करें।






# 'एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल'

## मजरूह सुल्तानपुरी को गीत के मिले थे 1000 रुपये




**मुंबई।** महान शायर और गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी को उनके रचित गीत एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल के लिए शोमैन राजकपूर ने 1000 रुपये दिए थे। मजरूह सुल्तानपुरी का जन्म उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर शहर में एक अक्टूबर 1919 को हुआ था। उनके पिता पुलिस में एक उप निरीक्षक थे और वह मजरूह सुल्तानपुरी को ऊंची से ऊंची तालीम देना चाहते थे। मजरूह सुल्तानपुरी ने लखनऊ के तकमील उल तीब कॉलेज से यूनानी पद्धति की मेडिकल की परीक्षा उत्तीर्ण की और बाद में वह हकीम के रूप में काम करने लगे। बचपन के दिनों से ही मजरूह सुल्तानपुरी को शेरो-शायरी करने का काफी शौक था और वह अक्सर सुल्तानपुर में हो रहे मुशायरों में हिस्सा लिया करते थे, जिनसे उन्हें काफी नाम और शोहरत मिली। उन्होंने अपनी मेडिकल की प्रैक्टिस बीच में ही छोड़ दी और अपना ध्यान शेरो-शायरी की ओर लगाना शुरू कर दिया। इसी दौरान उनकी मुलाकात मशहूर शायर जिगर मुरादाबादी से हुई। वर्ष 1945 में सब्बो सिद्धकी इंस्टिट्यूट द्वारा संचालित एक मुशायरे में हिस्सा लेने मजरूह सुल्तान पुरी बम्बई आए। मुशायरे के कार्यक्रम में उनकी शायरी सुन मशहूर निर्माता ए.आर. कारदार काफी प्रभावित हुए और उन्होंने मजरूह सुल्तानपुरी से अपनी फिल्म के लिए गीत लिखने की पेशकश की।

मजरूह ने कारदार साहब की इस पेशकश को ठुकरा दिया क्योंकि फिल्मों के लिए गीत लिखना वह अच्छी बात नहीं समझते थे। जिगर मुरादाबादी ने मजरूह सुल्तानपुरी को तब सलाह दी कि फिल्मों के लिए गीत लिखना कोई बुरी बात नहीं है। गीत लिखने से मिलने वाली धन राशि में से कुछ पैसे वह अपने परिवार के खर्च के लिए भेज सकते हैं। जिगर मुरादाबादी की सलाह पर मजरूह सुल्तानपुरी फिल्म में गीत लिखने के लिए राजी हो गए।

# 1946: डायरेक्ट एक्शन डे की स्क्रीनिंग



**कान्स।** पीपल मीडिया फैक्ट्री की फिल्म 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल की स्क्रीनिंग 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में की गई। विजय एलाकांती द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल (पूर्व शीर्षक: मां काली) ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी स्क्रीनिंग के बाद वैश्विक स्तर पर जबर्दस्त सराहना और ध्यान प्राप्त किया। इस प्रतिष्ठित मंच पर फिल्म के मुख्य कलाकार अभिषेक सिंह ने फिल्म के नए शीर्षक का आधिकारिक अनावरण किया, जो भारतीय सिनेमा के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि बन गई। दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित सिनेमा मंचों में से कान्स में फिल्म की स्क्रीनिंग को दर्शकों ने स्टैंडिग ओवेशन और वंदे मातरम के नारों के साथ सराहा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिले फीडबैक के आधार पर, फिल्म निर्माताओं ने ऐसा टाइटल चुना जो वैश्विक दर्शकों से अधिक जुड़ाव बना सके। इस प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए, फिल्म का नाम बदला गया और नया शीर्षक रखा गया: 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल, जो फिल्म की ऐतिहासिक विषयवस्तु को अधिक सटीक रूप से दर्शाता है। यह फिल्म 16 अगस्त 1946 की भयानक घटनाओं और साम्प्रदायिक हिंसा पर आधारित है, जिसने भारत के बंटवारे की नींव रखी थी। राइमा सेन और अभिषेक सिंह द्वारा निभाए गए प्रमुख किरदारों ने विभाजन-पूर्व भारत में हिदुओं के संघर्ष और भावनात्मक पीड़ा को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कान्स में अपने अनुभव को साझा करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा, 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल जैसी फिल्म का इस ऐतिहासिक मंच तक पहुंचना मेरे लिए बेहद विनम्र और गर्व का क्षण था। यह फिल्म अपने भावनात्मक गहराई के साथ उस इतिहास को सामने लाती है।

जिसे जानना और याद रखना ज़रूरी है। इस नई पहचान के साथ फिल्म को विश्व मंच पर प्रस्तुत करना हम सभी के लिए एक यादगार पल था। मुझे इस शक्तिशाली कथा का हिस्सा बनने पर गर्व है और उम्मीद करता हूं कि यह दुनियाभर के दर्शकों से जुड़ सकेगी। गौरतलब है कि यह फिल्म पहले ही वैश्विक फिल्म समारोहों में 15 पुरस्कार जीत चुकी है, जिनमें जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट पॉलिटिकल फिल्म और स्वीडिश इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट प्रोड्यूसर का खिताब शामिल है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर पिछले साल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में हुआ था। टी.जी. विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद द्वारा निर्मित यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए तैयार है।